
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-140 ❒ शनिवार, 20 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



भगवान श्रीराम केवल हिंदुओं की आस्था के केंद्र नहीं हैं, बल्कि उनका संबंध पूरे भारतीय समाज और संस्कृति से है। उन्होंने कहा कि पहले सब मुसलमान हिंदू ही थे और भगवान राम सबके पुरखे हैं।

केशव प्रसाद मौर्य

झारखंड के विकास में केंद्र देगा हरसंभव सहयोग 11

दिल्ली सरकार ने शीतकालीन वायु गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था को किया अधिसूचित 12

श्री राम मंदिर दान विवाद

# एसआईटी को जांच करने दें बयानबाजी से बचें : योगी

एजेंसी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे तो उन्होंने यहां श्री राम मंदिर दान विवाद और एसआईटी जांच को लेकर बड़ा बयान दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने सभी पक्षों से अपील की है कि जांच पूरी होने तक कोई भी बयानबाजी न करें। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग रामलला के दर्शन तक नहीं किए, वही अब अयोध्या को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। वीरांगना झलकारी बाई की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा गलत बयानबाजी से जांच प्रभावित हो सकती है। इसलिए एसआईटी को जांच करने दें। उन्होंने कहा कि एसआईटी जांच में ल्लदूध का दूध और पानी का पानीङ्क अलग होगा। कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि उनके पास कोई दस्तावेज है तो एसआईटी को सौंपें। मेरी सभी से यही अपील होगी कि एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने तक कोई भी बयानबाजी कतई न करें। जांच के बाद किसी पक्ष को कोई बात कहनी होगी तो एसआईटी उसके लिए तैयार होगी। अनावश्यक रूप से चरित्र हनन करने का प्रयास न करें। अनावश्यक रूप से अयोध्या धाम को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास न करें। अगर कोई अपराधी है तो वह कोई भी होगा, बचेगा नहीं। यह सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि जो लोग रामलला के दर्शन तक नहीं किए, वही अब अयोध्या को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। ये लोग हमें क्या बताएंगे, जो लोग रामभक्तों को अपमानित करते थे और जो लोग प्रदेश के कुख्यात माफियाओं की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ते थे, वो लोग आज रामभक्ति का उपदेश देने चले हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रूदौली विधानसभा क्षेत्र स्थित स्थित माँ कामाख्या धाम में वीरांगना झलकारी बाई की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 378 करोड़ की लागत की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा भारत कि अमर वीरांगना को जिसने 1857 के स्वातंत्र्य समर में देश की आजादी के लिए फिरंगियों को नाको चने चबाने के लिए मजबूर कर दिया था। ऐसी झलकारी बाई को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। योगी आदित्यनाथ ● शेष पेज 11 पर



❒ मुख्यमंत्री योगी ने किया वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा का अनावरण, रुदौली को दी 378 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

## बालवाटिका में खेल-खेल में सीखने को नई मजबूती योगी सरकार पहुंचा रही संपूर्ण शैक्षणिक सामग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ योगी सरकार में हाईटेक हुईं 50 हजार ग्रामीण महिलाएं, डेयरी का डिजिटल कर रहीं संचालन

❒ मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर बिचौलियों को खत्म कर महिलाओं को दी गई कमान, 12 हजार महिलाएं बनीं लखपति दीदी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार बुनियादी शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करने के लिए बालवाटिका व्यवस्था को लगातार सशक्त बना रही है। आधारभूत संरचना के विकास और ईसीसीई शिक्षकों की तैनाती के बाद अब सरकार का फोकस प्रत्येक बालवाटिका तक गुणवत्तापूर्ण और बाल-अनुकूल शैक्षणिक सामग्री पहुंचाने पर है। इसी क्रम में प्रदेश की बाल वाटिकाओं के लिए एजुकेटर गाइड, बाल वर्कबुक, बिग बुक्स तथा समग्र प्रगति कार्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि बच्चों की सीखने की यात्रा खेल, गतिविधियों और आनंददायी अनुभवों के माध्यम से प्रारंभ हो सके।

राज्य सरकार का मानना है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा केवल औपचारिक पढ़ाई की शुरुआत नहीं, बल्कि बच्चों को विद्यालयी जीवन के लिए तैयार करने की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसी सोच के अनुरूप बाल वाटिका में ऐसी शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, जो बच्चों को कहानियों, चित्रों, संवाद, रंगों, गतिविधियों और रचनात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ती है। सरकार का उद्देश्य बच्चों पर शैक्षणिक दबाव बढ़ाना नहीं, बल्कि सीखने को स्वाभाविक, रोचक और अनुभव आधारित बनाना है। हर बालवाटिका को मिलेगा संपूर्ण शैक्षणिक पैकेज योगी सरकार की ओर से बालवाटिकाओं के लिए एक समग्र शैक्षणिक पैकेज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें बाल वाटिका एजुकेटर गाइड, बच्चों की वर्कबुक, बिग बुक्स और समग्र प्रगति कार्ड शामिल हैं। यह सामग्री शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण में सहायता प्रदान करेगी, वहीं बच्चों को भाषा, संज्ञानात्मक विकास और सामाजिक सहभागिता ● शेष पेज 11 पर

# सतत कृषि से पूर्वोत्तर बन सकता है भारत की अगली विकास शक्ति : निर्मला सीतारमण

एजेंसी

शिलांग। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र सतत कृषि, प्रीमियम जैविक उत्पादों और पर्यावरण-अनुकूल विकास के बल पर भारत की अगली विकास शक्ति बन सकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा और पारंपरिक कृषि पद्धतियां इसे वैश्विक बाजार में विशेष पहचान दिलाने की क्षमता रखती हैं। मेघालय के री-भोई जिले के भोइरिमबोंग में ईस्टर्न री-भोई ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के पूर्वोत्तर के सबसे बड़े ऑर्गेनिक मसाला प्रसंस्करण संयंत्र के उद्घाटन के बाद शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि का भविष्य केवल अधिक उत्पादन करने वालों का नहीं, बल्कि बेहतर, स्वच्छ, विश्वसनीय और ट्रेस करने योग्य उत्पाद उपलब्ध कराने वालों का होगा। उन्होंने कहा कि मेघालय को जैविक खेती के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान प्राप्त है। राज्य के कृषि उत्पादों और पारंपरिक खेती पर उपभोक्ताओं का भरोसा लगातार बढ़ रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन्हें बेहतर मूल्य मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि दुनिया ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है जहां विश्वास स्वयं एक मूल्यवान संपत्ति बन चुका है और मेघालय इस दृष्टि से अत्यंत मजबूत स्थिति में है। सीतारमण ने कहा कि मेघालय की बढ़ती मसाला अर्थव्यवस्था यह साबित करती है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि विकास की प्रक्रिया प्रकृति की कीमत पर नहीं होनी चाहिए और मानव समाज को प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर आगे ● शेष पेज 11 पर

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान बॉर्डर बंद होने से व्यापारियों को अरबों रुपये का नुकसान

एजेंसी

❒ आठ महीने में अफगानिस्तान को 140 अरब और पाकिस्तान को 278 अरब रुपये का नुकसान

क्वेटा (बलोचिस्तान) । पाकिस्तान-अफगानिस्तान बॉर्डर लंबे समय से बंद है। इस वजह से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच होने वाला व्यापार रुक गया है। इससे व्यापारियों को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार पाक-अफगान ज्वाइंट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने गुरुवार को दावा किया है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच ट्रेड रूट और बॉर्डर बंद होने से पाकिस्तानी व्यापारियों को पिछले आठ महीनों में 278 अरब रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। साथ ही अफगानिस्तान के उद्योगपतियों को भी पिछले आठ महीनों में लगभग 140 अरब पाकिस्तानी रुपये का नुकसान हुआ है।

हाल ही में हुए पाकिस्तान इकोनॉमिक्स सर्वे के मुताबिक बॉर्डर सिक्योरिटी मैनेजमेंट के मुद्दों की वजह से 2025 में अफगानिस्तान से पाकिस्तान का सालाना एक्सपोर्ट 4.5 प्रतिशत से घटकर 1.5 प्रतिशत रह गया है। इस सर्वे के मुताबिक अफगानिस्तान पहले उन टॉप 10 देशों में शामिल था, जहां पाकिस्तान अधिक एक्सपोर्ट करता था, लेकिन अब वह लिस्ट से बाहर ● शेष पेज 11 पर

## दिल्ली में अगले 3-4 दिनों के दौरान हल्की वर्षा, कुछ राज्यों में लू चलने के आसार

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में अगले 3-4 दिनों के दौरान धूल भरी आंधी चलने तथा गरज के साथ हल्की वर्षा होने के आसार हैं और तापमान भी सामान्य रहने का अनुमान है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और तेलंगाना के कुछ इलाकों में लू की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में 20 जून को दोपहर या शाम के समय हल्की बारिश होने और 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने के आसार हैं जिनकी गति झोंकों में 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। राजधानी में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 37-39 डिग्री सेल्सियस और 24-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 21 जून को ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### नीट अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए चार परीक्षा स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ाई गई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने चार अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। ये विशेष रेलगाड़ियां अपने वर्तमान कोच संरचना, समय-सारिणी और निर्धारित ठहराव के साथ पूर्ववत संचालित होती रहेंगी। उत्तर रेलवे के अनुसार, रेलगाड़ी संख्या 04427 शकूरबस्ती-सहारनपुर जंक्शन अनारक्षित परीक्षा स्पेशल, जिसे पहले 20 जून तक अधिसूचित किया गया था, अब 21 जून तक एक अतिरिक्त फ़ेरे के लिए संचालित की जाएगी। इसी प्रकार रेलगाड़ी संख्या 04428 सहारनपुर जंक्शन-शकूरबस्ती अनारक्षित परीक्षा स्पेशल का संचालन 21 जून के स्थान पर 22 जून तक एक अतिरिक्त फ़ेरे के लिए बढ़ाया गया है। रेलगाड़ी संख्या 04429 शकूरबस्ती-सहारनपुर जंक्शन अनारक्षित परीक्षा स्पेशल की अवधि भी 20 जून से बढ़ाकर 21 जून तक कर दी गई है और यह एक अतिरिक्त फ़ेरा लगाएगी। रेलगाड़ी संख्या 04430 सहारनपुर जंक्शन-नई दिल्ली अनारक्षित परीक्षा स्पेशल, जो पहले 20 जून तक संचालित होने वाली थी, अब 21 जून तक एक अतिरिक्त फ़ेरे के साथ चलेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी की जी-7 शिखर सम्मेलन और स्वोवाकिया यात्रा ने वैश्विक मंच पर बढ़ाया भारत का कद : भाजपा

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया जी-7 शिखर सम्मेलन और स्वोवाकिया यात्रा ने वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। पार्टी के अनुसार, किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली स्लोवाकिया यात्रा थी और वहां प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में ही भारत को जी7 में विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर शामिल किया गया था। ऐसा पहली बार 2003 में अटलजी के कार्यकाल के दौरान हुआ था।

## सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में मप्र ने हासिल की बहुआयामी उपलब्धियां : द्रौपदी मुर्मु

एजेंसी

खंडवा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और इलाज को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में सवा करोड़ लोगों के स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय से पहले पूरा हुआ है। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत मध्य प्रदेश ने जो बहुआयामी उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके लिए मैं राज्य सरकार की सराहना करती हूं। राष्ट्रपति मुर्मु शुक्रवार को मध्य प्रदेश के खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस पर इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह संतोष की बात है कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय मिशन का शुभारंभ ● शेष पेज 11 पर



❒ राष्ट्रपति ने मप्र में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन में हुई सामुदायिक भागीदारी को सराहा

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जन्मदिन पर अपनी जन्मभूमि को देंगी विकास की सौगात, पीएम मोदी भी रहेंगे साथ

भुवनेश्वर । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने जन्मदिन के अवसर पर एक बार फिर अपनी जन्मभूमि मयूरभंज जिले के रायरंगपुर और पैतृक गांव पहाड़पुर का दौरा करेंगी। वे आज शाम मयूरभंज पहुंचेंगी। शुक्रवार अपराह्न में राष्ट्रपति मध्य ● शेष पेज 11 पर

## पासपोर्ट सेवा तेज, सुलभ और वास्तव में लोकतांत्रिक बन चुकी है: विदेश मंत्री

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि आज पासपोर्ट सेवा तेज, सुलभ और वास्तव में लोकतांत्रिक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्वभर में भारतीय प्रतिभा की मांग और प्रतिष्ठा तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में सुगम और प्रभावी पासपोर्ट सेवाएं एक समृद्ध, वैश्विक रूप से जुड़े विकसित भारत की महत्वपूर्ण आधारशिला बनेंगी।

जयशंकर ने कहा कि भारत की विदेश नीति देश को 'विश्व बंधु' के रूप में स्थापित कर रही है। इसके कारण भारतीय पासपोर्ट को दुनिया भर में सम्मान और विश्वास के साथ देखा जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पासपोर्ट प्राप्त करना संघर्ष का विषय नहीं बल्कि नागरिकों का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में पासपोर्ट जारी करने का आंकड़ा 138 लाख से अधिक पहुंच गया है। यह भारतीय नागरिकों की बढ़ती आकांक्षाओं और वैश्विक अवसरों की ओर उनके बढ़ते कदमों को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में देशभर में केवल ● शेष पेज 11 पर

# तीन साल में अपराधी को सजा तक पहुंचाने वाली व्यवस्था बनाना लक्ष्य : अमित शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को ऐसा प्रभावी माध्यम बनाया जाना चाहिए, जो प्रत्येक नागरिक को संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर, संपत्ति या सम्मान से जुड़े अधिकारों का उल्लंघन होता है और वर्षों तक अपराधी को दंड नहीं मिलता, तो ऐसी व्यवस्था न्यायसंगत नहीं कही जा सकती। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के सरदार वल्लभभाई पटेल सभागार में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वर्ष 2019 में आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाने का अभियान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य कानूनों को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को जांच प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा बनाना तथा एफआईआर



से लेकर अपराधी को दोषसिद्ध कराने तक की प्रक्रिया को तीन वर्ष के भीतर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि देश वर्तमान में आपराधिक न्याय प्रणाली के परिवर्तन काल से गुजर रहा है। पहले थाना केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का माध्यम माना जाता था, लेकिन समय के साथ उसकी भूमिका अपराध नियंत्रण और जांच-पड़ताल तक विस्तारित हुई। अब आवश्यकता इस बात की है कि पूरी न्याय प्रणाली नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का प्रभावी साधन बने।

गृहमंत्री ने राष्ट्रीय स्वचालित फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली (एनएएफआईएस) की सराहना करते हुए कहा कि इसके जरिए कई जटिल मामलों को सुलझाने में सफलता मिली है, लेकिन इसका उपयोग अभी भी संभावित क्षमता का केवल 10 प्रतिशत ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि एनएएफआईएस केवल अपराधियों की पहचान करने का साधन नहीं है, बल्कि हर अपराध स्थल से प्राप्त फिंगरप्रिंट को प्रणाली में जोड़कर इसके डेटाबेस को समृद्ध करना भी उतना ही आवश्यक है।

शाह ने कहा कि प्रशिक्षण केवल एप्लिकेशन के उपयोग तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि वैज्ञानिक साक्ष्य तैयार करने, चार्जशीट दाखिल करने, अभियोजन और न्यायपालिका तक पूरी प्रक्रिया को तकनीक आधारित बनाने की दिशा में होना चाहिए। जब फिंगरप्रिंट, डीएनए, चेहरे और टेलीफोन रिकॉर्ड जैसे वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध हों, तो अनावश्यक रूप से बड़ी संख्या में अतिरिक्त साक्ष्य जुटाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जांच, अभियोजन और दोषसिद्धि की पूरी शृंखला में तकनीक के सक्रिय उपयोग के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से नए आपराधिक कानूनों में न्यायपालिका ● शेष पेज 11 पर

# सरकार, युवा और उद्योग साथ चलें तो रोजगार सृजन कई गुना बढ़ता है : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार, युवा और उद्योग एक साथ आगे बढ़ते हैं तो रोजगार सृजन की गति कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) इसी नए भारत की पहचान है, जिसने अब तक करीब 70 लाख रोजगार सृजित किए हैं और पहली बार नौकरी पाने वाले लाखों युवाओं को सामाजिक सुरक्षा का कवच प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत करीब 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि दुनिया आज भारत की युवा शक्ति, प्रतिभा, कौशल और क्षमता को पहचान रही है। हाल ही में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान विकसित देशों के नेताओं के साथ हुई बातचीत का



❒ देश की पहली वाणिज्यिक स्तर की कोयले-से-अमोनियम नाइट्रेट उत्पादन परियोजना

उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत के युवाओं की चर्चा हो रही है और सरकार का प्रयास है कि देश का प्रत्येक युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-वीबीआरवाई के ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री ओडिशा में 25,016 करोड़ की कोयला गैसीकरण परियोजना का करेंगे शिलान्यास

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, आयात प्रतिस्थापन और औद्योगिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए शनिवार (20 जून) को ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर में 25,016 करोड़ रुपये की कोयला गैसीकरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि कोयला गैसीकरण प्रोत्साहन पहल से कोयला उत्पादक क्षेत्रों में 25 परियोजनाओं में 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश को बढ़ावा मिलने और लगभग 50 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। लखनपुर परियोजना देश की पहली वाणिज्यिक स्तर की कोयला-से-अमोनियम नाइट्रेट उत्पादन में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। ये परियोजना एमसीएल के कब्जे वाली लगभग 350 एकड़ भूमि पर बनेगी, जिसे आवश्यक मंजूरी मिल चुकी है और शिलान्यास समारोह के बाद काम शुरू होने की उम्मीद है। कोयला मंत्रालय ने इस तरह की परियोजनाओं के लिए कोयला युक्त भूमि के उपयोग को मंजूरी दी है और प्रोत्साहन योजना के तहत 1,350 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान कर रहा है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक इस परियोजना का विकास भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के संयुक्त उद्यम भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) द्वारा किया जा रहा है। यह बीएचईएल द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित कोयला गैसीकरण तकनीक का उपयोग करके प्रतिदिन 2,000 टन अमोनियम नाइट्रेट का उत्पादन करेगी। इसके लिए अप्रैल में बीसीजीसीएल और सीआईएल की ● शेष पेज 11 पर

## पारंपरिक सैन्य क्षमताएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी पहले थीं : राजनाथ सिंह

एजेंसी

नागपुर । रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि अत्याधुनिक एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस परियोजना भारत के रक्षा उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यह परियोजना स्वदेशी तकनीक और उत्पादन क्षमताओं का नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक सैन्य क्षमताएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी पहले थीं। राजनाथ सिंह शुक्रवार को नागपुर के अंबाझरी ऑर्डनेंस फैक्टरी परिसर में 10 हजार टन क्षमता वाली अत्याधुनिक एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस परियोजना के आधारशिला रखने के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव संजीव कुमार तथा यंत्र इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह परियोजना भारत की बदलती और आत्मविश्वास से भरपूर सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिन आवश्यकताओं के





❒ नागपुर में 10 हजार टन क्षमता वाली एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस का उद्घाटन

लिए पहले भारत को विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता था, आज उन्हें देश के उद्योग और नागरिक स्वयं पूरा करने में सक्षम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करने में सक्षम होता है वही आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों और युद्धों के दौरान आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की आशंका रहती है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय सुरक्षा से ● शेष पेज 11 पर

# मऊ रेलवे स्टेशन से पूर्वांचल को मिली नई रेल सुविधा,नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

❒ नई सुविधाओं के अंतर्गत दोहरीघाट-वाराणसी नई मेमू ट्रेन सेवा का संचालन प्रारंभ किया गया है



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा ने आज मऊ रेलवे स्टेशन से पूर्वांचल को मिली नई रेल सुविधाओं के विस्तार का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उनके निरंतर प्रयासों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के परिणामस्वरूप क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

नई सुविधाओं के अंतर्गत दोहरीघाट-वाराणसी नई मेमू ट्रेन सेवा का संचालन प्रारंभ किया गया है। साथ ही मऊऽआनंद विहार (दिल्ली) ट्रेन तथा छपराऽआनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस का संचालन अब मऊ के रास्ते किया जाएगा, जिससे पूर्वांचल के लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम होगा। इस अवसर पर ए. के. शर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पूर्वांचल की जनता की आवश्यकताओं और मांगों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें पूरा किया है। इसके लिए पूर्वांचल की जनता की ओर से वे उनका हृदय से धन्यवाद करते हैं।उन्होंने कहा कि भारतीय रेल आज देश की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ इंजन बनकर उभरी है। रेल का प्रत्येक इंजन विकसित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में भारतीय रेल का पहिया नई गति और नई ऊर्ज़ा के साथ आगे बढ़ रहा है। मंत्री ए के शर्मा ने इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मऊऽआनंद बिहार ट्रेन को साप्ताहिक के स्थान पर दैनिक किए जाने की मांग भी रखी, ताकि यात्रियों को और अधिक सुविधा मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने रेल मंत्री जी से कहा कि उनकी पहल पर मऊ जनपद में रेलवे के अनेक विकास कार्य प्रगति पर हैं। इसी क्रम में गोठा स्थित 25-सी एवं 27-सी अंडरपास के निर्माण का कार्य चल रहा है,इन कार्यों को तेजी से पूर्ण कराए जाने का आग्रह किया। श्री शर्मा ने कहा कि रेल सुविधाओं का यह विस्तार केवल नई ट्रेनों का संचालन ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति देने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इससे व्यापार, रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच और अधिक आसान होगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्य कार्यक्रम छपरा में आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव तथा बिहार के मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहे। नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए. के. शर्मा मऊ रेलवे स्टेशन से ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।इस दौरान उपस्थित जनसमूह द्वारा वर्चुअल माध्यम से उनके संबोधन को भी सुना गया।

# अल्हवा उप स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक से मारपीट

❒ नशाखोरी रोकने पर तीन लोगों ने की पिटाई, दर्जनों डॉक्टर थाने पहुंचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव विकासखंड स्थित नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र अल्हवा में तैनात एक चिकित्सक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। नशाखोरी रोकने पर तीन लोगों ने चिकित्सक की पिटाई कर दी। पीड़ित चिकित्सक ने पुलिस में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र अल्हवा के चिकित्सक शाहिद पवार ने पुलिस को बताया कि गांव के कुछ लोग आए दिन अस्पताल परिसर में नशाखोरी करते हैं। कई बार मना करने के बावजूद वे नहीं माने। शुक्रवार दोपहर जब उन्होंने अल्हवा गांव निवासी विनोद कुमार (पुत्र राधेश्याम), राहुल कुमार (पुत्र रामलाल) और जितेंद्र कुमार सिंह (पुत्र रामराज) को नशाखोरी से रोका, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। डॉ. पवार के




अनुसार, आरोपियों ने उनका लैपटॉप और मोबाइल छीनने का भी प्रयास किया और बोतल व कुर्सियों से उन पर हमला किया। इस दौरान अस्पताल के आवश्यक दस्तावेज भी बिखर गए। आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद शुक्रवार शाम करीब 3 बजे उप स्वास्थ्य केंद्रों के दर्जन भर चिकित्सक कोरांव थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। चिकित्सकों ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे हड़ताल करेंगे। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर स्थलीय निरीक्षण के लिए भेजी गई है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गांव में मौजूद थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि स्थलीय जांच के बाद घायल चिकित्सक का डॉक्टरी मुआयना कराया जाएगा। फिलहाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के चिकित्सकों में इस घटना को लेकर असंतोष व्याप्त है। उन्होंने एक बार फिर चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे हड़ताल पर चले जाएंगे।

## शोध ग्रन्थ के लिए शोधार्थी को सन्दर्भों का सत्यापन दो-तीन स्रोतों से अवश्य करना चाहिए: प्रताप गोपेन्द्र

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजकीय अभिलेखागार उत्तर प्रदेश महानगर में चल रही पांच दिवसीय अभिलेख और पाण्डुलिपि संरक्षण कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर डा0 धुरव कुमार सिंह, समन्वयक महामना अभिलेखागार, काशी हिन्दू विश्ववि?द्यालय ने अपने उ?द्बोधन में बताया कि अथक प्रयासों से काशी हिन्दू विश्ववि?द्यालय में भी अभिलेखागार बनाने में सफलता प्राप्त हुयी। उन्होंने कहा हर संस्था का अपना अभिलेखागार होना चाहिए। दस्तावेजीकरण प्रत्येक संस्था के लिए अति आवश्यक है। तभी अपने इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। द्वितीय सत्र में प्रताप गोपेन्द्र उप महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय ने स्वयं द्वारा लिखी पुस्तकों यथा-1857 के अमर नायक राजा जयलाल सिंह, चन्द्र शेखर आजाद, मिथक बनाम यथार्थ आदि पुस्तकों के लेखन में अभिलेखागार के माध्यम से सन्दर्भों एवं साक्ष्यों को प्राप्त करने की यात्रा के विषय में अपने अनुभवों को विद्यार्थियो से साझा किया। शोध ग्रन्थ को तैयार करने हेतु प्रत्येक शोधार्थी को सन्दर्भों का सत्यापन दो-तीन स्त्रोतो से अवश्य करना चाहिए। उन्होंने शोधार्थियों को शोध कार्य हेतु अभिलेखागार में संरक्षित अभिलेखों का उपयोग करते हुए शोध ग्रंथ तैयार करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रताप गोपेन्द्र, उप महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये।

## विशेष प्रवर्तन अभियान 20 से 26 जून तक

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कहा कि मुहर्रम के त्यौहार को सकुशल, शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 20 जून से 26 जून 2026 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल/शीरा के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

## डीह पुलिस ने छह लाख की चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी व एक महिला गिरफ्तार

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना डीह पुलिस ने लगभग छह लाख रुपये मूल्य के आभूषण और नकदी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों और एक महिला को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार मामले में चोरी गए जेवरात और नकदी भी बरामद की गई है।पुलिस के मुताबिक, पीड़ित की तहरीर पर थाना डीह में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अरविंद गिरि, शक्ति यादव तथा पूनम गिरि को हिरासत में लिया। पूछताछ और बरामदगी के आधार पर मामले में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की गई।पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, पूछताछ में आरोप है कि आपसी परिचय और विश्वास का लाभ उठाकर चोरी की योजना बनाई गई। घटना के दौरान घर में रखे आभूषण और नकदी चोरी कर ली गई थी तथा बाद में मामले को सामान्य चोरी का रूप देने का प्रयास किया गया। बरामद सामान में सोने-चांदी के विभिन्न आभूषण, जिनमें हार, बेसर, माथाबेंदी, पायल, पाजेब, बिछुए आदि शामिल हैं, के साथ 16 हजार रुपये नकद भी बरामद किए जाने का दावा किया गया है। इस कार्रवाई को थाना डीह पुलिस टीम ने अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तथा मामले की आगे की जांच जारी है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

**वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के सफल आयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' के निर्देशन में व्यापक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयुष मंत्री ने प्रदेशवासियों, विशेषकर काशी के नागरिकों से 21 जून को अधिकाधिक संख्या में योग कार्यक्रमों में सहभागी बनने का आह्वान किया है।डॉ. दयालु ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और जीवन दर्शन का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप आज योग विश्व के करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''योग स्वयं और समाज के लिए'' है, जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश देती है।उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को संतुलित करने की प्रभावी प्रक्रिया है। योग के नियमित अभ्यास से स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है।आयुष मंत्री ने प्रदेश के सभी सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं स्वयंसेवी संगठनों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि काशी के घाटों से योग का संदेश विश्वभर में प्रसारित होगा और यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से याद किया जाएगा। आयुष मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने बताया कि मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' के निर्देशानुसार वाराणसी के कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। नमो घाट, अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट सहित विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास के लिए प्रशिक्षकों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की तैनाती की गई है। योग दिवस के कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवा कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार एवं मित्रों के साथ योग कार्यक्रमों में भाग लेकर स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि ''योग केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की निरंतर साधना है। आइए, 21 जून को हम सभी मिलकर 'स्वस्थ काशी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करें और योग को जन-जन का अभियान बनाएं।''

## हरे पेड़ों की कटान पर वन विभाग पर उठ रहे सवाल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फलपट्टी क्षेत्र को वीरान करने पर लकड़ी ठेकेदार तुले हुए हैं। ठेकेदार किसी कानून को नही मान रहे है। वन विभाग व पुलिस को अपनी ऊगली पर नचा रहे हैं। इन लकड़कट्टो ने क्षेत्र के कस्बा माल स्थिति नागेश्वर मन्दिर के पास सिर्फ टी पी बनवाकर आम के हरे भरे फलदार लगभग पांच दर्जन से अधिक आम के पेड़ो को काट ले गए । वही ग्रामीणों ने बीट प्रभारी पर मिलीभगत होने का आरोप लगाते हुये कहा कि जब लकड़ी को लकडकट्टो द्वारा ठिकाने लगा दिया जाता है उसके बाद वन विभाग के लोग यहां आकर कुछ गवाहों के माध्यम से खानापूर्ति कर चले जाते है। सब कुछ इनलोगों की मिलीभगत से होता है। साथ ही पेड़ कटने।को छिपाने के लिए रातों रात खेत की जुताई कर साक्ष्य भी मिटा दिए जाते हैं। जब संवाददाता द्वारा वन क्षेत्राधिकारी से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि अगर इस तरह का कोई मामला है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी ।

# बंद मकान में चोरी का प्रयास, दर्ज नहीं हुई एफआईआर, पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव स्थित शास्त्री नगर मोहल्ले में एक बंद मकान में चोरी का प्रयास किया गया। चोरों ने खिड़की तोड़कर घर में घुसने की कोशिश की, लेकिन वे सामान चुराने में सफल नहीं हो पाए। यह घटना पुलिस थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर हुई, बावजूद इसके पांच दिन बाद भी पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज नहीं की है।

चोरों ने पहले खिड़की की ईंटें हटाईं और अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया। इसके बाद उन्होंने दरवाजा, खिड़की और छत की ओर से कमरों में घुसने की कोशिश की। चोरों ने कई कुंडी तोड़ने का प्रयास किया, जिससे वे टेढ़ी हो गईं। वे बरामदे तक पहुंच गए थे, लेकिन घर के अंदर रखा कोई भी सामान नहीं ले जा सके। घटना की सूचना राधेश्याम तिवारी पुत्र स्वर्गीय बृज वासी, निवासी पटेहरी, थाना कोरांव ने 112 नंबर पुलिस को दी।



112 की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। उन्होंने थाना कोरांव को भी इसकी सूचना दी। पीड़ित ने 15 जून को थाने पर जाकर लिखित तहरीर दी थी और दोपहर तक रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन थाना कोरांव से कोई पुलिसकर्मी मौके पर देखने तक नहीं पहुंचा।शास्त्री नगर मोहल्ले में पहले भी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन आज तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ है। इस कारण चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इसी बीच, चांदी गांव के विजय सिंह के साथ भी एक घटना हुई। वे जेबी इंडेन गैस एजेंसी में पर्ची कटवाने गए थे, जहां अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स में 8300 रुपए थे। इस घटना की सूचना भी कोरांव पुलिस को दी गई है।

### क्या कहते है जिम्मेदार

दोनों मामला मेरे संज्ञान में नहीं था मै दिखवाता हु सत्येंद्र कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कोरांव प्रयागराज

# दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट का आरोप, पति समेत ससुराल पक्ष पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट, गाली-गलौज और प्रताड़ित करने के मामले में चिनहट पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, अमरीन पत्नी मो. सलमान निवासी पंचवटी कॉलोनी, छितवापुर मार्केट, लखनऊ ने आरोप लगाया कि उसका निकाह 28 जनवरी 2025 को मो. सलमान पुत्र ए. रहमान निवासी गौर पट्टी, अयोध्या के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। शादी के समय मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति सलमान, सास सबीना बानो, ससुर ए. रहमान समेत अन्य ससुराल वालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि उससे रुपये, सोने की चेन और अन्य सामान लाने का दबाव बनाया गया। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की जाती थी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि ससुराल वालों ने पहले भी उसके भाई से 50 हजार रुपये और चाचा से 40 हजार रुपये नकद लिए थे। इसके बाद भी दहेज की मांग जारी रही। पीड़िता ने बताया कि उससे चार पहिया वाहन और लखनऊ में प्लॉट खरीदने के लिए रुपये की मांग की गई।

शिकायत के मुताबिक, 18 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे पति और अन्य परिजनों ने उसके कमरे में आकर मारपीट की। आरोप है कि पति ने बाल पकड़कर नीचे गिरा दिया और सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि जब उसने घटना की जानकारी अपने पिता को दी और वह ससुराल पहुंचे तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप है कि पति ने उसे तीन तलाक देने की धमकी भी दी और घर से निकालने का प्रयास किया। पीड़िता की शिकायत पर चिनहट पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट व अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे किसान सशक्त एवं समृद्ध होंगे: प्रभारी मंत्री

❒ सरकार किसानों को तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध :राकेश सचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक केन्द्र रतापुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं विकास प्रदर्शनी के तृतीय दिवस पर कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जनपद मंत्री खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग उ0प्र0 राकेश सचान ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मा0 जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग प्रखर मिश्र उपस्थित रहें। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी दौरान तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया तथा तीन गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया गया इसके उपरांत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री द्वारा पीएम स्वनिधि के 05 लाभार्थी, पीएम किसान सम्मान निधि के 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसके साथ ही 10 किसानों को मिनीकिट (उर्द, मूंग, बाजरा), 10 किसानों को प्राकृतिक खेती की किट, सोलर पम्प के 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, फार्मर मशीनरी योजनान्तर्गत 02 किसानों को चाभी वितरित की गई। प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण को समर्पित ''विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं विकास प्रदर्शनियों'' का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है जिसमें मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए अभूतपूर्व विकास, डिजिटल क्रांति और जन कल्याणकारी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने विश्वास के, विकास के एवं जनकल्याण के अपने 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण किये है। कार्यक्रमों में एक भव्य विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जो पिछले 12 वर्षो में कृषि, विज्ञान, डिजिटल तकनीकी, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में देश की प्रगति को दर्शाती है। इसके साथ ही जनसामान्य को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य मेले, कौशल विकास शिविर और जन कल्याणकारी स्टॉल लगाये गये है।

# आत्मनिर्भरता और अदम्य जीवटता से नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी बुजुर्ग मां पुरबिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जहां बढ़ती उम्र के साथ अधिकांश लोग दूसरों के सहारे जीवन व्यतीत करने लगते हैं, वहीं विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर निवासी 90 वर्ष से अधिक आयु की बुजुर्ग मां पुरबिन आज भी अपनी मेहनत, आत्मनिर्भरता और अदम्य जीवटता से नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनकी दिनचर्या किसी युवा महिला से कम नहीं है।

घर के लगभग सभी काम वह स्वयं करती हैं और अपनी सक्रिय जीवनशैली से यह साबित कर रही हैं कि, इच्छाशक्ति मजबूत हो तो उम्र केवल एक संख्या बनकर रह जाती है। आपको बता दें कि, मां पुरबिन का परिवार भरा-पूरा है। उनके एक पुत्र संतलाल लोधी हैं, जो वर्तमान में ग्राम प्रधान हैं, जबकि उनकी दो बेटियां विवाह के बाद अपने-अपने परिवारों में सुखपूर्वक जीवन व्यतीत कर रही हैं। परिवार में बहू, दो नाती, दो नातिन और दो पनाती भी हैं। परिवार के सभी सदस्य उनका सम्मान करते हैं और उनकी देखभाल के लिए तत्पर रहते हैं, फिर भी मां पुरबिन आत्मनिर्भर जीवन जीना ही पसंद करती हैं। बुजुर्ग मां पुरबिन की एक विशेष इच्छा भी है। वह चाहती हैं कि, अपने जीवनकाल में अपने एक अविवाहित नाती का विवाह अपनी आंखों से देखें। यही इच्छा उनके जीवन में नई ऊर्ज़ा और उत्साह का संचार करती है। उम्र



बढ़ने के बावजूद उनकी दिनचर्या आज भी बेहद सक्रिय है। वह घर में झाड़ू लगाने से लेकर भोजन बनाने तक के सभी कार्य स्वयं करती हैं। पशुओं की देखभाल, गाय-भैंस का दूध निकालना, खैलर चलाकर मट्ठा तैयार करना, गोबर उठाना, चावल साफ करना तथा अपने हाथों से आटा गूंधकर मिट्टी के चूल्हे पर रोटियां बनाना उनके रोजमर्रा के कार्यों में शामिल है। उम्र के प्रभाव से उनकी कमर भले ही झुक गई हो, लेकिन उनके हौसले और कार्य करने की क्षमता में आज भी कोई कमी दिखाई नहीं देती । ग्रामीण परिवेश में सादगीपूर्ण जीवन, नियमित शारीरिक श्रम और अनुशासित दिनचर्या को ही वह अपनी अच्छी सेहत का राज मानती हैं। उनका कहना है कि, शरीर को स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखने के लिए लगातार काम करना जरूरी है। यही कारण है कि, परिवार के मना करने के बावजूद वह स्वयं अपने काम करना पसंद करती हैं। मां पुरबिन बताती हैं कि, उनका बेटा ग्राम प्रधान होने के नाते उन्हें आराम करने की सलाह देता है, लेकिन वह मानती हैं कि, निष्क्रियता शरीर को कमजोर बना देती है। इसलिए वह अपने दैनिक कार्यों को ही व्यायाम और स्वास्थ्य का आधार मानती हैं।

# मुहर्रम पर्व तथा नीट परीक्षा-2026 की तैयारियों को पुलिस आयुक्त ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा राजपत्रित अधिकारियों के साथ कैम्प कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, अपराध नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध विवेचना, आगामी मुहर्रम पर्व तथा नीट परीक्षा-2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस आयुक्त ने निर्देशित किया कि सामान्य अपराधों की विवेचना 60 दिवस एवं जघन्य अपराधों की विवेचना 90 दिवस के भीतर पूर्ण की जाए तथा एससी-एसटी, दहेज हत्या, गैंगस्टर एवं एसआर प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने डीसीपी स्तर पर नियमित समीक्षा, पेशेवर अपराधियों की कड़ी निगरानी एवं रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मुहर्रम पर्व के दृष्टिगत




अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों का भ्रमण, जुलूस मार्गों का सत्यापन, रूफटॉप एवं ड्रोन निगरानी तथा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं, नीट परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था एवं सुचारु यातायात प्रबंधन पर विशेष बल दिया गया। उक्त बैठक में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था/मुख्यालय शिवहरी मीणा, अपर पुलिस आयुक्त अपराध आलोक प्रियदर्शी, पुलिस उपायुक्त काशी जोन, गौरव बंशवाल, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन नीतू सहित जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण मौजूद रहे।


उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/08/2026-27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में ई.आई और आई.बी.एस. स्टेशनों पर रिले हट्स, रिले रूम और एस.एम. रूम में सी.सी.टी.वी. सर्विलांस सिस्टम लगाने की व्यवस्था के प्रावधान का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 4,30,16,442.62/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 8,60,300.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 09.07.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू. सं.- 106-टेली/टेंडर/08/2026-27 दिनांक 18.06.2026** 2102/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# यूसुफ नगर उर्फ बगिया में नगर निगम की बड़ी कारवाई, 4 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

❐ अवैध कब्जा हटाकर 4,000 वर्गफुट भूमि मुक्त, विरोध के बीच शांतिपूर्ण ढंग से चला अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम यूसुफ नगर उर्फ बगिया, तहसील सरोजनी नगर में बड़ी कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देशन तथा अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति श्री रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम श्री अरविन्द पाण्डेय द्वारा उपलब्ध कराई गई टीम ने शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाया।

नगर निगम की भूमि पर किया गया था अस्थायी अतिक्रमण

अधिकारियों के अनुसार ग्राम यूसुफ नगर उर्फ बगिया स्थित गाटा संख्या 278, क्षेत्रफल 0.809 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है तथा यह नगर निगम में निहित शासकीय भूमि है। इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अस्थायी अतिक्रमण कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था। शिकायत और जांच के बाद नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की और भूमि को कब्जामुक्त कराया।

कार्रवाई के दौरान तहसील सरोजनी नगर के क्षेत्रीय लेखपाल श्री विनय कुमार शुक्ला तथा नगर निगम के लेखपाल श्री संदीप कुमार भी मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों की निगरानी में पूरी कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संपन्न कराई गई।

नगर निगम की इस कार्रवाई से लगभग 4,000 वर्गफुट बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। अधिकारियों के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 4 करोड़ रुपये है।

# योग से बुढ़ापे में होने वाले रोगों की तीव्रता को बहुत कम किया जा सकता है: प्रो. सुधा सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय टूडियागंज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चल रहे आयोजनों में शुक्रवार को योग पर आधारित चित्रकला और आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डॉ सना द्वितीय पुरस्कार डॉ रिताक्षी तृतीय पुरस्कार डॉ प्रिया सिंह को मिला। निर्णायक मंडल में डॉ रेखा बाजपेई, डॉ अर्पना जायसवाल ,डॉ रिंकी, डॉ दिव्या निधि थी। महर्षि चरक सभागार में आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें 3 मिनट के अंदर प्रतिभागियों को दिए गए विषय पर अपना भाषण प्रस्तुत करना था। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रोफ़ेसर पी के सचान , डॉ मधु सिंह, डॉ संजीव सक्सेना थे । आशु भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डॉ पुलकित श्रीवास्तव, द्वितीय पुरस्कार डॉ अंबर बाजपेई, तृतीय पुरस्कार डॉ हर्ष द्विवेदी, डॉ हिताची सैनी, डॉ इकरा हसन रही। आशु भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन समिति में प्रो पी सी चौधरी, प्रो महेश नारायण गुप्त, डॉ लक्ष्मी ,डॉ स्मृति, डॉ शिखा, डॉ सुजीत कुमार जायसवाल रहे। कार्यक्रम के उद्बोधन में कॉलेज की प्राचार्य प्रो सुधा सिंह ने कहा कि चित्रकला प्रतियोगिता के द्वारा डॉक्टरों में छुपी हुई कला का प्रदर्शन करने का मौका प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि योग के द्वारा बुढ़ापे में होने वाले रोगों की तीव्रता को बहुत कम किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को बेरहमी से पीटने का आरोप

❐ पुलिस कार्रवाई न होने से पीड़िता ने लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । चिनहट क्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायत के अनुसार, करीब दो वर्ष पूर्व विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा पांच लाख रुपये नकद और एक बोलेरो पिकअप वाहन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर विवाहिता को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। पीड़िता का आरोप है कि 17 अप्रैल 2026 को ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद उसने स्थानीय थाने में शिकायत की, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि 27 अप्रैल को पति और उसके साथियों ने फिर उसके घर पहुंचकर मारपीट की, गले से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी छीन ली तथा परिवार वालों के साथ भी अभद्रता की। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर परिवार को डराने का प्रयास किया। पीड़िता का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद पुलिस द्वारा केवल समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस आयुक्त से मामले की निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज कराने तथा आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# चार वाहनों की टक्कर में स्कूटी सवार की मौत, दो गंभीर घायल

❐ रोडवेज बस, पिकअप, स्कूटी और बाइक की हुई जोरदार भिड़ंत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरदोई रोड पर आयशा हॉस्पिटल के पास शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। रोडवेज बस, पिकअप, स्कूटी और मोटरसाइकिल के बीच हुई इस भीषण भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों ने मुख्य मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया, जिसे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सूझबूझ के बाद खुलवाया जा सका। पुलिस के अनुसार, घटना आज शाम करीब 4:10 बजे की है। हरदोई की तरफ से आ रही एक रोडवेज बस (यूपी78केएन 0465) और मलिहाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप

(यूपी32 एनएन 1591) के बीच आयशा हॉस्पिटल के पास जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि इसी दौरान दुबग्गा की तरफ से आ रही स्कूटी (यूपर 32 पीडब्लू1306) और हरदोई की तरफ जा रही स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (यूपी 32 एफई 5480) भी इस हादसे की चपेट में आ गईं। एक की मौके पर मौत, दो ट्रामा सेंटर रेफर किये गए इस चौतरफा भिड़ंत में स्कूटी चालक मोहम्मद मलिक (पुत्र मोबीन), निवासी कटरा बाजार, कस्बा व थाना काकोरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वहीं,मोटरसाइकिल चालक धर्मेश चौरसिया पुत्र सियाराम निवासी न्यू हैदरगंज बालागंज,थाना ठाकुरगंज लखनऊ और

पिकअप चालक अनिल यादव (पुत्र रामदेव), निवासी ग्राम बीरबल, थाना लालगंज (प्रतापगढ़) इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) काकोरी ले जाया गया, जहां उनकी नाजुक हालत वहां से डाक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

## काकोरी में चला एलडीए का बुलडोजर



लखनऊ । लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को काकोरी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई प्रवर्तन जोन-3 की टीम द्वारा की गई। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि काकोरी के ग्राम महतवां में बिना ले-आउट स्वीकृति के अवैध रूप से प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। जांच में पाया गया कि पंकज यादव, शिव कुमार, दरोगा, राज यादव व अन्य लोगों द्वारा लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में पांच अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थीं। एलडीए की टीम ने मौके पर पहुंच कर बुलडोजर की मदद से अवैध प्लाटिंग में किए गए विकास कार्यों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बनाए गए सड़क, प्लॉट सीमांकन और अन्य निर्माण कार्यों को भी हटाया गया। एलडीए अधिकारियों ने कहा कि बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के की जा रही किसी भी प्रकार की अवैध प्लाटिंग और निर्माण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## ड्रेन की सफाई से किसानों को मिलेगी जलभराव से राहत, नदौली व कांटा ड्रेन पर शुरू होगा अभियान



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज क्षेत्र के किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर नदौली इंटरनेशनल ड्रेन (बिजरा ड्रेन) और कांटा ड्रेन की सफाई जल्द शुरू होगी। गुरुवार को शारदा नहर विभाग के जेई रमेश चंद्र ने राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों व किसानों के साथ ड्रेन का निरीक्षण कर सफाई कार्य की रूपरेखा तैयार की। जेई ने बताया कि करीब 19 किलोमीटर लंबी नदौली इंटरनेशनल ड्रेन में सिल्ट और झाड़-झंखाड़ जमा होने से जल निकासी प्रभावित हो रही थी। शारदा नहर विभाग के अंतर्गत आने वाले हिस्से में शुक्रवार से जेसीबी मशीन लगाकर सफाई कार्य शुरू कराया जाएगा। ड्रेन की सफाई होने से बरसात के दौरान खेतों में जलभराव की समस्या कम होगी और किसानों की फसलों को नुकसान से राहत मिलेगी। किसानों ने विभाग के इस कदम का स्वागत करते हुए नियमित सफाई की मांग की। इस दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह सहित कई किसान व संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस के इंतज़ामों पर चेन स्नेचर का ठेंगा, फिर बनी एक महिला निशाना



**दुबग्गा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कानपुर बाईपास चौराहे पर तमाम इंतज़ामों के बावजूद चेन स्नेचिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गड्ढे खुदवाने, सीसीटीवी लगाने और कई बदमाशों को जेल भेजने के बावजूद अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। ताज़ा मामला 24 वर्षीय मानसी का है जो अपने चार साल के बेटे के साथ संडीला से बुद्धेश्वर जा रही थीं। बस से उतरकर बेटे को जूस दिलाने के लिए सड़क पार करते समय एक युवक ने उनके गले से लॉकेट छीन लिया। मानसी के शोर मचाने पर एक राहगीर ने आरोपी को पकड़ लिया। जिसके बाद दुबग्गा पुलिस उसे थाने ले गई। वारदात के बाद मानसी बार-बार अपना लॉकेट वापस दिलाने की गुहार लगाती रहीं। कानपुर बाईपास पर अब चोरों को पकड़ने से ज्यादा भरोसा राहगीरों की हिम्मत पर नजर आता है। वरना पुलिस के दावों और अपराधियों के इरादों की इस दौड़ में फिलहाल बढ़त अपराधियों की ही दिख रही है।

## आग की लपटों में राख हुई उम्मीदें, मवेशियों को नहीं बचा सके ग्रामीण, दो भैंस और बछड़े की दर्दनाक मौत



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के अनैया खरगापुर गांव में शुक्रवार दोपहर छप्परनुमा मकान में लगी अचानक आग ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में बंधी दो भैंस व एक गाय का बछड़ा जिंदा जलकर मर गए। ग्रामीणों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के घरों को चपेट में आने से बचा लिया गया। जानकारी के मुताबिक गांव निवासी रामचरन पुत्र राम चैतराम के छप्परनुमा मकान में शुक्रवार दोपहर करीब 1:29 बजे अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। वहीं फायर कंट्रोल रूम गोसाईंगंज को सूचना दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोसाईंगंज फायर यूनिट के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फायर टीम के पहुंचने तक ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पा लिया था। अग्निकांड में रामचरन की दो भैंस और एक गाय का बछड़ा आग की चपेट में आकर मौत के शिकार हो गए। हादसे के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है। गनीमत रही कि घटना में कोई इंसानी जान नहीं गई। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज और जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। संबंधित विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

# चांद सराय गांव में पिछले तीन दिन से बिजली नही



❐ ट्रांसफार्मर जलने के बाद से नहीं बदला गया ग्रामीण परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विद्युत उपकेंद्र गोसाईंगंज से जुड़े चांद सराय गांव में पिछले तीन दिन से बिजली नही आ रही है। शुक्रवार को सैकड़ो ग्रामीणों ने उपकेंद्र पर जम कर हंगामा किया।लेकिन अधिकारियों ने अस्वासन देकर वापस भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में क्षमता से कम पवार वाला ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। जिससे लोड अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर चल नही पा रहा है। ग्रामीणों की माने तो गांव में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है जब कि सप्लाई का लोड करीब दो गुना है। सोमवार की रात करीब 11 बजे ट्रांसफार्मर जल गया था तब से बदला नही गया। उमस और गर्मी के कारण गांव के लोगों का बुरा हाल है।बिजली न आने के कारण लोग पानी ने लिए भी परेशान है। ग्रामीणों की माने तो उपकेंद्र के अधिकारी सिर्फ इतना अस्वासन दिया कि जल्द ही बदला जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि शुक्रवार की रात तक अगर ट्रांसफार्मर बदला न गया तो उपकेन्द्र पर धरना दिया जाएगा।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जोन-7 में शनिवार को लगेगी जन चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड एवं लोहियानगर वार्ड के नागरिकों की सुनी जाएंगी समस्याएं

लखनऊ । केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सफल नेतृत्व में 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम लखनऊ द्वारा महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में जन चौपाल अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार, 20 जून 2026 को जोन-7 के लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड एवं लोहियानगर वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि जन चौपाल नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी मंच है। इसके माध्यम से गृहकर, सफाई व्यवस्था, पेयजल, सीवर, मार्ग प्रकाश, अतिक्रमण, सड़क निर्माण, जलभराव तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने बताया कि सायं 04:00 बजे लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड की जन चौपाल स्वेता पार्क, लिबर्टी कॉलोनी, सर्वोदय नगर में आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात सायं 06:00 बजे लोहियानगर वार्ड की जन चौपाल मा0 पार्षद कार्यालय, सेक्टर-5, विकास नगर में आयोजित होगी। दोनों जन चौपालों में संबंधित जनप्रतिनिधि, नगर निगम, जलकल विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिससे नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा सके। महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जन चौपाल में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखें तथा अपने क्षेत्र के विकास में सहभागी बनें।

# गुरु नानक नगर वार्ड की जन चौपाल में नागरिकों ने उठाईं समस्याएं

❐ नाला सफाई कार्य 10 दिन में पूरा करने के निर्देश, सीवर लाइन निर्माण में अनियमितताओं का मुद्दा भी उठा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । केंद्र सरकार में माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के सफल नेतृत्व में 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संचालित जन चौपाल अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जोन-5 के गुरु नानक नगर वार्ड स्थित गुलाब वाटिका, चंदर नगर, आलमबाग में माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं एवं सुझाव महापौर के समक्ष रखे। जन चौपाल में मा0 पार्षद श्री पीयूष दीवान जी, अपर नगर आयुक्त श्री अभिनव रंजन श्रीवास्तव जी, उपनगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती जी, सहायक अभियंता श्री कैलाश कुमार जी, कर अधीक्षक श्री सभाजीत सिंह जी, सहायक अभियंता आरआर श्री अभिजीत यादव जी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जन चौपाल के दौरान स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में नालों की सफाई न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। लोगों ने बताया कि समय पर सफाई न होने के कारण जल निकासी प्रभावित हो रही है तथा बरसात के मौसम में जलभराव की आशंका बनी हुई है। इस पर माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने संबंधित अधिकारियों को नाला सफाई का कार्य आगामी 10 दिनों के भीतर पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 10 दिन बाद वह स्वयं नाला सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। महापौर ने यह भी निर्देश दिए कि जब तक कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक संबंधित कार्यों का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।क्षेत्रवासियों ने नालियों की नियमित सफाई न होने तथा सीवर व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं की शिकायत भी की। नागरिकों ने बताया कि कई स्थानों पर नालियां अवरुद्ध हैं और सीवर की सफाई समय पर नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## बाबू कुंज बिहारी ओमनगर वार्ड की जन चौपाल में नागरिकों ने रखीं क्षेत्रीय समस्याएं

लखनऊ। केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संचालित जन चौपाल अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जोन-5 के बाबू कुंज बिहारी ओमनगर वार्ड में गीतापल्ली स्थित इको गार्डन के सामने रैनबसेरे के पास माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं एवं सुझाव महापौर के समक्ष रखे। जन चौपाल में अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव , पार्षद प्रतिनिधि सुधीर मिश्रा 'बबलू' , श्रवण नायक जी, उपनगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती जी, सहायक अभियंता कैलाश कुमार जी, कर अधीक्षक सभाजीत सिंह जी, सहायक अभियंता आरआर अभिजीत यादव एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बसहा गांव में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, 16 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम बसहा, तहसील बक्शी का तालाब में बड़ी कार्रवाई की गई। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश तथा अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम अरविन्द पाण्डेय द्वारा उपलब्ध कराई गई टीम ने अभियान चलाकर सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार ग्राम बसहा स्थित गाटा संख्या 262 एवं 265 राजस्व अभिलेखों में नगर निगम की भूमि के रूप में दर्ज हैं। कुछ लोगों द्वारा इन भूमियों पर अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल बनाकर प्लाटिंग की जा रही थी तथा सरकारी भूमि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था। शिकायत मिलने पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार नगर निगम श्री राजेन्द्र कुमार ने किया। अभियान में तहसील स्टाफ के साथ नगर निगम के लेखपाल श्री आशुतोष कुमार एवं श्री विनोद कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुडम्बा थाना पुलिस का पर्याप्त बल भी मौके पर तैनात रहा।

नगर निगम की इस कार्रवाई के दौरान ग्राम बसहा में लगभग 16,000 वर्गफीट बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। अधिकारियों के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 1.50 करोड़ रुपये आंका गया है।

# स्टॉल लगाकर विकास कार्यों व योजनाओं की दी जानकारी, डीएम ने किया निरीक्षण

❒ योजनाओं का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराएं पात्र व्यक्तिः डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकास भवन परिसर में विकास कार्यों की प्रदर्शनी और विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए हैं। शुक्रवार को प्रदर्शनी के दूसरे दिन जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी ने प्रदर्शनी अवलोकन किया। वहीं, लोगों ने अवलोकन कर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी प्रयासों की सराहना की। प्रदर्शनी परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। संस्कृति विभाग की टीम के साथ लोकगीतों एवं लोकगायन की मनमोहक प्रस्तुतियां रही। कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया तथा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनी में विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी जा रही तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाये है, उन्होंने कहा कि लाभार्थी प्रदर्शनी में आकर योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है तथा पात्र व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन भी करवा कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बताया कि आमजन के लिए प्रदर्शनी आगामी 20 जून तक लगी रहेगी।

# बारासिंघा ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का आरोप हैंडपंप से पानी की जगह निकल रही हवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 2021-2026 तक रिबोर-मरम्मत के नाम पर लाखों निकासी का आरोप, सामुदायिक शौचालय बदहाल

❒ ग्रामीणों ने लगाए जेसीबी से मनरेगा कार्य व परिजनों के नाम मजदूरी निकालने के आरोप, उक्त बोले- जांच होगी

सकरन, सीतापुर । विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत बारासिंघा में विकास निधि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हैंडपंप रिबोर व मरम्मत के नाम पर 2021 से 2026 के बीच बड़ी धनराशि निकाली गई, लेकिन गांव में लगे अधिकांश हैंडपंप पानी की जगह हवा दे रहे हैं।

## स्कूल-शौचालय के हैंडपंप भी खराब

ग्रामीणों के अनुसार सामुदायिक शौचालय, प्राथमिक विद्यालय, पंचायत भवन और घरों के पास लगे हैंडपंपों की स्थिति खराब है। रिबोर व मरम्मत के नाम पर भुगतान के बावजूद कई वर्षों से पेयजल की समस्या बनी हुई है। सामुदायिक शौचालय भी बदहाल स्थिति में है।

## इंटरलॉकिंग-खड़ंजा पर भी सवाल

आरोप है कि खड़ंजों की ईंट हटाकर मानक विहीन इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इंटरलॉकिंग में मौरंग, सिल्ट व गिट्टी का प्रयोग मानक के अनुरूप नहीं किया गया।

## मनरेगा में जेसीबी प्रयोग व परिजनों को भुगतान का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मनरेगा कार्यों में मजदूरों की जगह जेसीबी व अन्य मशीनों का प्रयोग किया गया। साथ ही मजदूरी की धनराशि कथित रूप से ग्राम प्रधान के नजदीकियों व परिजनों के खातों में भेजी गई। आरोप है कि इसमें बुजुर्ग व बीमार परिजन तथा बाहर नौकरी कर रहे पुत्र का नाम भी शामिल है।

## ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

पेयजल संकट व विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना जांच के भुगतान कर दिया गया।

## बीडीओ ने कहा- जांच कराएंगे

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी सकरन श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया कि ''ग्रामीणों द्वारा शिकायतें मिल रही हैं। प्रकरण गंभीर है। टीम गठित कर स्थलीय जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर नियमानुसार रिकवरी व कानूनी कार्रवाई की जाएगी।''

# नीट-यूजी 2026 को लेकर प्रशासन अलर्ट, तैयारियों की हुई समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी)-2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में परीक्षा के आयोजन हेतु कुल 06 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा का आयोजन दिनांक 21 जून 2026 को अपराह्न 02.00 बजे से सायं 05.15 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पवित्रता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखना सभी संबंधित अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा नियामक संस्था द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों की सघन जांच के उपरांत ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जाए तथा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में कक्ष निरीक्षक, तकनीकी कार्मिक एवं सहायक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी पूर्व से तैयार रखी जाएं।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि अथवा अवांछनीय तत्वों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने के संबंध में जागरूक किया जाए तथा प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सुचारु बनाया जाए ताकि किसी भी परीक्षार्थी को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए आवश्यक सूचनाएं स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाने के भी निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा देश की महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं सजगता के साथ करें, जिससे परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सके। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि, केन्द्र व्यवस्थापक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## देवे शरीफ गई महिला के घर पर चोरों का धावा, लाखों की चोरी

शाहजहांपुर। देवे शरीफ दर्शन करने गई महिला के बंद घर पर चोरों ने धावा बोलकर लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाबूजई कटाबाग निवासी रेशमा शेख पत्नी पप्पू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वो 13 जून को परिवार के साथ देवे शरीफ दर्शन करने गई थी। 16 जून को उसके भाई नौशाद का फोन आया कि तुम्हारे घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। भाई की सूचना पर पुलिस मौके पर आई और वो भी आनन फानन में घर पहुंची, तो देखा कि घर के दरवाजे के ताले टूटे पड़े थे और अलमारी का सामान बाहर पड़ा था। बताया कि अज्ञात चोर उसके घर से 30 हजार रुपए नकद, 01 सोने का सेट, 02 सोने की अंगूठी, 02 नाक की कील सोने की, 02 सोने की नथनी, एक सोने का मंगलसूत्र, 01 सोने की हाथ कलाई, 01 सोने का झूमर, 01 जोड़ी हाथ के झपके चांदी के, 04 जोड़ी पायल, 02 अंगूठी चांदी की और 05 हार नोटों के चोरी कर ले गए हैं।

# रक्तदान कर मनाया राहुल गांधी व रामजी अवस्थी का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। जिला युवा कंग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कंग्रेस युवा जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी का जन्मदिन रक्तदान कर मनाया। रक्तदान शिविर का आयोजन राजकीय मेडिकल कॉलेज में किया गया। जिसका शुभारंभ कंग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता उर्फ मुन्ना, युवा जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी और सीएमएस डॉ सरोज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इसके बाद युवा जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष सोभित मिश्रा, जिला महासचिव शिवओम मिश्रा,? महानगर अध्यक्ष शाहनाबाज खान, जिला मीडिया प्रभारी अनुभव द्विवेदी, जितेन्द्र पाल, सौरभ मिश्रा, शिवांश मिश्रा, अनुज वर्मा, नितिन तिवारी, फरमान खान सहित 18 लोगों ने रक्तदान किया। कंग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि रक्तदान महादान है, यह एक व्यक्ति की जान बचाने के साथ ही पूरे समाज को मजबूत बनाता है। कहा कि रक्तदान शिविर आयोजित कर युवाओं ने साबित कर दिया कि कंग्रेस परिवार समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। रामजी अवस्थी ने कहा कि पूर्व की भांति इस बार भी जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। निवर्तमान प्रदेश सचिव तनवीर सफदर ने कहा कि कंग्रेस पार्टी सदैव मानवीय मूल्यों, सेवा और संवेदना के साथ खड़ी है और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। इस दौरान कृष्ण विनोद मिश्रा, पूनम पांडेय, गौरव त्रिपाठी, फुरकान अहमद, अदीव अहमद, सईद अंसारी, राहिल अंसारी, उमंग त्रिवेदी, दीपांश वर्मा, शिवम यादव, अनिल श्रीवास्तव, तस्दीक अंसारी, सुशील प्रकाश, संजय सक्सेना आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अफीम के साथ बदायूं के 02 तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना तिलहर पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अग्रवाल होटल के सामने हाइवे के पास से बाइक सवार दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 389 ग्राम अफीम, मोटरसाइकिल और 02 मोबाइल बरामद किए।

पकड़े गए अभियुक्त जनपद बदायूं के थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कुंडा सहायपुर निवासी चन्द्रभान पुत्र रामभरोसे और थाना मुसाझाग क्षेत्र के किशमी मेहरा गांव का रहने वाला सुखवीर पुत्र प्रेमपाल है। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग बरेली जनपद के थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव रहिया नगला निवासी मुनेन्द्र कश्यप पुत्र रामवीर और मुस्तफा पुत्र आरिफ अली से यह अफीम एक लाख 10 हजार रुपए में खरीदकर लाये हैं। बताया कि मुनेन्द्र कश्यप ने उनसे कहा था कि हाइवे पर एक व्यक्ति यह अफीम लेने आएगा, उसे यह अफीम दे देना और उससे एक लाख 30 हजार रुपए ले लेना। बताया कि यह अफीम बेचने पर उन्हें 20 हजार रुपए बचते, जो वो लोग आपस में बांट लेते। फिलहाल, पुलिस ने दोनों अभियुक्तों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है और पूछताछ में प्रकाश में आए फरार तस्कर मुनेन्द्र कश्यप और मुस्तफा की तलाश में जुट गई है। तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के साथ उपनिरीक्षक गौरव कुमार, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल वीरेन्द्र कुमार और अमित कुमार मौजूद रहे।

# सीतापुर में जिलाधिकारी का सख्त रुख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ युवा उद्यमी योजना में लापरवाही पर बैंक अधिकारियों को लगाई फटकार

सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जिला सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं, वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निस्तारण एवं ऋण वितरण की स्थिति की बैंकवार समीक्षा की। समीक्षा में कई बैंकों द्वारा अपेक्षित प्रगति न किए जाने तथा आवेदनों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर उन्होंने संबंधित बैंक अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण योजना है। बैंक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पात्र युवाओं के ऋण आवेदन निर्धारित समयावधि में निस्तारित हों तथा स्वीकृत प्रकरणों में ऋण वितरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। उन्होंने लंबित आवेदनों का विशेष अभियान चलाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूहों के बैंक लिंकेज, वित्तीय समावेशन योजनाओं एवं अन्य बैंक प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न पाए जाने पर संबंधित बैंक शाखाओं को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने तथा निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी एवं रोजगारपरक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी विभागों एवं बैंकिंग संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के प्रकरणों को संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा जनपद की बैंकिंग गतिविधियों, ऋण-जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण की प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों एवं बैंक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी, अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लाइव स्क्रीन पर पीएम मोदी, मंच से मिला भरोसा

❒ सरकार की योजनाएं श्रमिकों को दे रहीं आत्मनिर्भरता का आधार : जिलाध्यक्ष

❒ पीएम विकसित भारत रोजगार योजना की लाइव स्ट्रीमिंग देखी गई, 15 परिवारों को दो-दो लाख की सहायता

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत शुक्रवार की देर शाम कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई। बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री का संबोधन गूंजा तो सभागार में मौजूद लाभार्थियों के चेहरों पर उम्मीद और विश्वास की चमक दिखाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में श्रमिकों के कल्याण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार की योजनाएं जरूरतमंदों को आर्थिक संबल देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाएं। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि पीएम विकसित भारत रोजगार योजना युवाओं और श्रमिकों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें नई ऊर्ज़ा और अवसर प्राप्त हो रहे हैं। वहीं सीडीओ अभिषेक कुमार ने इसे केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए कहा कि यह योजना श्रमिकों और युवाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर करने में मील का पत्थर साबित हो रही है। इस दौरान डीएम, सीडीओ और जिलाध्यक्ष ने 'निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना' के अंतर्गत उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से कुल 15 पीड़ित परिवारों (श्रमिकों के आश्रितों) को प्रति लाभार्थी 2,00,000 की दर से आर्थिक सहायता दी गई, ताकि संकट की घड़ी में उन्हें संबल मिल सके। इसके साथ ही श्रमिक कल्याण को बढ़ावा देते हुए 'मातृत्व, शिशु व बालिका मदद योजना' के तहत 10 लाभार्थी श्रमिकों को उनके बैंक खातों में 20,000 से लेकर ?31,000 तक की प्रोत्साहन और सहायता राशि के चेक व स्वीकृति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने लाभार्थियों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाने की अपील की।

## बेजुबान गोवंश पशु-पक्षियों के जीवनदायक बने गौ रक्षक रिंकू पांडे

**धौरहरा खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखीमपुर खीरी के विकासखंड रमिया बेहड़ के गाँव परौरी निवासी युवा गौ रक्षक रिंकू पांडे आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। महज 32 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपनी निस्वार्थ सेवा, समर्पण और मेहनत के बल पर पूरे क्षेत्र में एक अलग पहचान बना ली है। घायल, बीमार और असहाय गोवंश पशु-पक्षियों की सेवा को अपना जीवन लक्ष्य बना चुके रिंकू पांडे दिन-रात बेजुबानों की सहायता में जुटे रहते हैं। इतना ही नहीं, मृत पशु-पक्षियों का अंतिम संस्कार भी कई बार अपने निजी खर्च से कर मानवता की मिसाल पेश करते हैं।और घायल गांव वंशों का मुक्त इलाज करना कई वर्षों से गौ सेवा करना ही अपने जीवन का मूल कर्तव्य बना लिया है

गौ रक्षक रिंकू पांडे का कहना है कि बचपन से ही उन्हें पशु-पक्षियों की सेवा करने में आत्मिक शांति और खुशी मिलती है। जब भी कोई बेजुबान जीव घायल या पीड़ित अवस्था में दिखाई देता है, तो उन्हें गहरा दुख होता है। इसी भावना के चलते वह हर संभव प्रयास करते हैं कि किसी भी पशु या पक्षी की जान इलाज और देखभाल के अभाव में न जाए। क्षेत्र के लोग भी गौ रक्षक रिंकू पांडे के सेवा भाव की सराहना करते हैं और उन्हें ''बेजुबानों का सच्चा रक्षक'' मानते हैं। उनकी यह निस्वार्थ सेवा समाज के लिए प्रेरणा बन चुकी है। मानवता केवल इंसानों की सेवा तक सीमित नहीं, बल्कि हर जीव के प्रति करुणा और संवेदना ही सच्ची मानवता है।

## बगहाढाख गौशाला में गौमाताओं की दर्दनाक मौत, भूख-प्यास से तड़पकर दम तोड़ रहीं गायें, शवों को भी नहीं मिल रही दो गज जमीन

**सकरन, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक ओर प्रदेश सरकार गौसंरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने और प्रति गौवंश प्रतिदिन लगभग 50 रुपये व्यय करने का दावा कर अपनी पीठ थपथपा रही है, वहीं विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत बगहाढाख स्थित गौशाला से सामने आई तस्वीरें इन दावों की जमीनी हकीकत बयां कर रही हैं। यहां भूख और प्यास से दम तोड़ रही गायों को मरने के बाद भी दो इंच माटी नसीब नहीं हो रही है। खुले मैदान में फेंके गए मृत गौवंश के शव चील, कौवों, सियारों और आवारा कुत्तों के लिए सुलभ आहार बन चुके हैं। ग्रामीणों प्रदीप, शकील, कमलेश, अरविन्द और सोनू ने आरोप लगाया कि गौशाला से प्रतिदिन दो से चार गायों की लाशें निकलती हैं, जिन्हें खुले में फेंक दिया जाता है। सड़ते शवों से उठ रही दुर्गंध के कारण राहगीरों का निकलना और किसानों का खेतों में काम करना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते गौशाला गौवंशों के संरक्षण की जगह उनकी कब्रगाह बनती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला के अभिलेखों में दर्ज पशुओं की संख्या और वास्तविक संख्या में भारी अंतर है। दर्जनों पशु कम होने के बावजूद मौजूद गौवंशों को भरपेट चारा तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। हालत यह है कि भूख और प्यास से कमजोर होकर गौवंश लगातार दम तोड़ रहे हैं।

# योग दिवस को जनआंदोलन बनाने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 21 जून को हर पंचायत में होगा सामूहिक योगाभ्यास, डीएम-सीडीओ ने प्रधानों को सौंपा जनजागरण का मिशन, की वर्चुअल बैठक

❒ पीएम का संदेश, डीएम की रणनीति और प्रधानों की जिम्मेदारी

लखीमपुर खीरी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को इस बार गांवों तक जनआंदोलन का रूप देने की तैयारी है। पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से ग्राम प्रधानों को भेजे गए संदेश के बाद जिले का प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है। गुरुवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने ग्राम प्रधानों के साथ वर्चुअल संवाद कर योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की और संदेश दिया कि 21 जून को जिले की कोई भी पंचायत योग कार्यक्रम से अछूती नहीं रहनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में ग्राम प्रधानों से आह्वान किया है कि योग को केवल एक दिन के आयोजन तक सीमित न रखकर जनजीवन का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ गांव ही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव हैं। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' रखी गई है, जिसका उद्देश्य स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है।प्रधानमंत्री के संदेश के बाद जिले में तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने ग्राम प्रधानों से कहा कि योग दिवस को सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी का उत्सव बनाया जाए। 20 जून को स्वच्छता अभियान चलाकर पंचायत भवनों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अमृत सरोवरो और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को योग स्थलों के रूप में तैयार करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि हर गांव में 21 जून को अधिकतम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। डीएम ने विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों को कार्यक्रम से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है। यदि गांव स्वस्थ होंगे तो विकसित भारत का सपना भी तेजी से साकार होगा।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि ग्राम प्रधान इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी से ही योग दिवस का संदेश प्रत्येक परिवार तक पहुंचेगा। उन्होंने प्रधानों से आयोजन स्थलों की व्यवस्थाएं समय से पूरी करने और व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने को कहा। डीपीआरओ विशाल सिंह ने वर्चुअल बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए बैठक का सफल संचालन नियम संयोजन किया।

## प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित

बिसवां, सीतापुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थानीय हरिगोविंद वर्मा मेमोरियल हॉल, केन यूनियन परिसर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्नतशील किसानों को सम्मानित करते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया।मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह एवं विधायक निर्मल वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है। इससे खेती की लागत कम होगी, मिट्टी की उर्वरा शक्ति सुरक्षित रहेगी, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार योजनाएं संचालित कर रही हैं।

# 'किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए' त्यौहार आपसी भाईचारे से मनाया जाए: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ गंगा-जमुनी तहजीब बचाए रखना सबकी जिम्मेदारी: एसएसपी

लखीमपुर खीरी। मोहर्रम के पर्व को शांतिपूर्ण, गरिमामय और परंपरागत तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने गुरुवार देर शाम अमीरनगर से सौहार्द का बड़ा संदेश दिया। गोला तहसील और मोहम्मदी सर्किल की अमीरनगर पुलिस चौकी पर आयोजित शांति समिति की बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने धर्मगुरुओं, ताजियादारों और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ सीधा संवाद कर शांति, भाईचारे और कानून व्यवस्था को लेकर स्पष्ट संदेश दिया।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि मोहर्रम गमी और मातम का पर्व है, इसे परंपरागत, गरिमापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा और ताजियों की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी। शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि खुशी की बात है कि क्षेत्र के लोगों ने स्वयं आगे आकर शासन की गाइडलाइन के अनुरूप त्योहार मनाने का भरोसा दिया है। यही सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी किसी भी पर्व को सफल बनाती है। अपने संबोधन के दौरान डीएम ने मशहूर शायर निदा फ़ाज़ली का शेर सुनाकर मौजूद लोगों को इंसानियत और संवेदनशीलता का संदेश दिया। उन्होंने कहा, ''अपना ग़म ले के कहीं और न जाया जाए, घर में बिखरी हुई चीज़ों को सजाया जाए... घर से मस्जिद है बहुत दूर, चलो यूं कर लें, किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए।'' डीएम के इस संदेश को बैठक में मौजूद लोगों ने सराहा और सौहार्द बनाए रखने का भरोसा दिलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, वहीं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में आमजन की भूमिका भी अहम है। उन्होंने लोगों से धैर्य, संयम और आपसी भाईचारे के साथ गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने की अपील की।

# विवादों में रहने वाला बाबू निलंबित बिरादरीवाद को देता था, प्राथमिकता

❒ संपत्ति के संबंध में न्यायालय सिविल जज, जूनियर डिविजन के यहां विचाराधीन है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। कोर्ट में चल रहे जर्जर मकान स्वामी को नोटिस देना नगर पालिका लिपिक को महंगा पड़ गया। पालिकाध्यक्ष ने लिपिक को निलंबित कर दिया है। साथ ही सहायक अभियंता जल को एक सप्ताह में जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

नगर पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने बताया कि अहसान उद्दीन निवासी फरशोरी टोला ने पांच जून प्रार्थना पत्र दिया था। उसमें कहा था कि मोहल्ला वेदौटोला स्थित पुराने व जर्जर भवन को गिराए जाने को वैधानिक नोटिस आठ जून को जारी किया गया। जबकि इस संपत्ति के संबंध में न्यायालय सिविल जज, जूनियर डिविजन के यहां विचाराधीन है। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ बदायूं के कार्यालय से चार जून के तहत संपत्ति के मामले में न्यायालय के अंतिम निर्णय आने, भवन के बक्फ होने अथवा न होने संबधी अभिलेखीय जांच पूर्ण होने तक यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश पारित किए गए हैं। लेकिन पालिका लिपिक नारायण दत्त शर्मा की ओर से तथ्यों को छुपाते हुए नोटिस जारी कराया गया है, जो सेवानियमों के प्रतिकूल है। ऐसे में पालिकाध्यक्ष ने वास्तविक तथ्यों को छुपाने, पालिका प्रशासन को गुमराह कर अनुचित नोटिस जारी करने के आरोप में लिपिक को निलंबित कर दिया। चेयरमैन ने मामले में जांच अधिकारी सहायक अभियंता जलकल नितिन सक्सेना को बनाया है।

वहीं नगर पालिका ईओ विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने पत्र जारी वैधानिक नोटिस को निरस्त कर दिया गया है। वहीं आपको बता दें कि एक नशे की फाइल को रोकने को लेकर भी विवादों में रहा, वही विवादों में इसलिए कह सकते हैं कि बिरादरीवाद को पहली प्राथमिकता यह बाबू देता था, वहीं इससे पहले एक एक दीवार के मामले में भी इस बाबू ने बिरादरीवाद को ही प्राथमिकता दी, और उसे आर्थिक सांठगांठ कर पीड़ित की मदद नहीं की, वहीं जिसको लेकर यह बाबू आए दिन चर्चाओं में था। वही पालिका अध्यक्ष फातिमा राजा ने बताया कि न्यायालय में विचारधीन मामले में भी हस्तक्षेप, गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करना, यह गलत है इसी मामले जांच के उपरांत निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# ओवर स्पीड में दौड़ रही डबल डेकर बस एक्सप्रेसवे पर पलटी

❒ 21 यात्री घायल, कई की हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। गंगा एक्सप्रेसवे पर वाराणसी से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 21 यात्री घायल हुए। ड्राइवर नशे में और तेज रफ्तार में था। यूपी के बदायूं में वाराणसी से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस गंगा एक्सप्रेसवे पर नौली हरनाथपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 21 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी वजीरगंज लाया गया, बाद में क्रेन की मदद से बस को सीधा कर सड़क किनारे खड़ा कराया गया, जिससे हाईवे पर यातायात सुचारु कर दिया गया। इधर एक साथ इतनी संख्या में घायलों के पहुंचने पर सीएचसी के कर्मचारियों गर्मियोंके हाथ पैर फूल गए, डॉक्टर ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया और इसके बाद गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, डबल डेकर बस में 32 यात्री बनारस से सवार हुए, सभी नोएडा जा रहे थे, इनमें 21 यात्रि घायल हैं, घायलों से बातचीत करने के दौरान मालूम हुआ। ड्राइवर नशे की हालत में था और ओवर स्पीड में बस को दौड़ा रहा था, घायलों का यह भी कहना है कि बनारस से लगातार एक ही ड्राइवर गाड़ी चला रहा, जबकि लंबे रूट पर दो ड्राइवर होने चाहिए। जिस समय हादसा हुआ है। उस समय सभी यात्री गहरी नींद में सोए हुए थे, अचानक बस पलटने के बाद में चीख पुकार मच गई, किसी शीशा तोड़ा किसी ने कुछ किया,किसी तरह से यात्री चोटिल अवस्था में बस से बाहर निकले और एक्सप्रेसवे पर इलाज के लिए तड़प उठे, सूचना मिलने पर पुलिस एंबुलेंस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों की आंखों देखी

घायलों के अनुसार, बृहस्पतिवार की शाम बस दिल्ली के लिए रवाना हुई, और आज सुबह 5:15 बजे के करीब बस पलट गई। घायलों का यह भी कहना है कि चालक को नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ है। अली अहमद पुत्र उस्मान अली (32 साल) का सीधा पैर कट कर अलग हो गया। वह प्रयागराजसे दिल्ली अपने घर जा रहे थे। अली को एंबुलेंस से बरेली के चिकित्सालय भेजा गया।

वहीं सीओ बिसौली संजीव कुमार ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर पलट जाने से 20 यात्री घायल हुए हैं,वहीं इस घटना की जांच की जा रही है, जांच के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## थाना सिविल लाइन में हाथरस एसओजी का डेरा, चर्चित सिपाही मौके से फरार

बदायूं। जिला हाथरस में एक हत्याकांड को लेकर एसओजी थाना सिविल लाइन पहुंची, वहीं चर्चा यह भी है कि थाने के एक सिपाही से पूछताछ के सिलसिले में एसओजी का बदायूं आना हुआ। वही सूत्र बता रहे हैं कि इस गंभीर मामले में सिपाही मौके से ही भाग गया है, थाना सिविल लाइन में दिनभर एसओजी का डेरा रहा, वही इस मामले को लेकर अभी कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है लेकिन, एसओजी का जिले में आना चर्चा का विषय बना हुआ है।

# प्रदर्शनी के तीसरे दिन रही भारी भीड़ सेल्फी प्वाइंट रहा आकर्षण का केन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर आधारित डायट परिसर में आयोजित चार दिवसीय प्रदर्शनी के तीसरे दिन बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अध्यापिकाओं, स्कूली बच्चों आदि ने सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीरें लेकर पलों को यादगार बनाया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। यह प्रदर्शनी 20 जून शनिवार तक आमजन के अवलोकन हेतु संचालित रहेगी। शुक्रवार को अध्यापिकाओं, स्कूली बच्चों, युवाओं, गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि वे स्वयं भी इन योजनाओं का लाभ लेने तथा अपने परिचितों, रिश्तेदारों एवं ग्रामीणों को इनके प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे। आगंतुकों ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। प्रदर्शनी में केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक लाभार्थीपरक तथा जनहितकारी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। केंद्र सरकार की योजनाओं में स्टार्टअप, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, महिला सशक्तिकरण संबंधी योजनाएं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण जैसी योजनाएं शामिल हैं।

# सूचना विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा डिजिटल संचार को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह का शुभारंभ लोक भवन लखनऊ में किया गया। चैनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

सूचना प्रवाह उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों, जनहितकारी कार्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न पहलों से संबंधित प्रमाणिक, तथ्यपरक एवं त्वरित जानकारी आमजन तक पहुँचाई जाएगी। इसके साथ ही विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो, सरकारी अभियानों तथा महत्वपूर्ण आयोजनों का भी नियमित प्रसारण इस मंच पर किया जाएगा। इस अवसर पर सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। ऐसे में सूचना प्रवाह यूट्यूब चैनल सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की विश्वसनीय और प्रमाणिक जानकारी सरल, सहज एवं आकर्षक स्वरूप में उपलब्ध कराई जाएगी। अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग समय के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। सूचना प्रवाह के माध्यम से प्रदेश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा शासन की उपलब्धियों को अधिक व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुँचाया जाएगा, जिससे नागरिकों को सरकारी योजनाओं की सही एवं समयबद्ध जानकारी प्राप्त हो सकेगी। यह यूट्यूब चैनल प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रसार का एक प्रभावी मंच बनेगा तथा आमजन और शासन के बीच संवाद को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## पत्रकार संगठन ऐप्जा का बढ़ रहा लगातार कारवां

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सूबे के सबसे मजबूत और संघर्षशील पत्रकार संगठन ऐप्जा (आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) की तिकुनिया नगर कमेटी का किया गया। जिसमें पत्रकार राजीव खत्री को अध्यक्ष और आनन्द अग्रवाल को महामंत्री मनोनीत किया गया। कस्बे के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में हुई बैठक में ऐप्जा के चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग सारथी की मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी मौजूदगी रही। संगठन के जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने नगर इकाई के लिए सर्व सम्मति से मनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा की। वरिष्ठ पत्रकार रूप नारायण मिश्रा को संरक्षक, राजीव खत्री को अध्यक्ष, योगेश श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विशाल विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष, आनन्द अग्रवाल को महामंत्री, मुन्नालाल विश्वकर्मा को महासचिव, अतुल तिवारी को कोषाध्यक्ष, और सुरेंद्र सिंघल को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। वहीं संतोष मिश्रा, राकेश यदुवंशी, नीरज चौरसिया, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज यादव व योगेश कुमार को नगर कमेटी में सदस्य मनोनीत किया गया।

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, पत्रकारों के मान-सम्मान की रक्षा तथा निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य अतिथि ऐप्जा चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कहा कि ऐप्जा पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत है। श्री सारथी ने नगर कमेटी के गठन को संगठन की मजबूती की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि संगठन से जुड़े किसी भी पत्रकार का शोषण और उत्पीड़न किया गया तो संगठन आर-पार की लड़ाई लड़ने को सदैव तैयार रहेगा। ऐप्जा जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने पत्रकार हितों को लेकर संगठन के संघर्ष का विस्तृत व्याख्यान करते हुए कहा कि सभी पत्रकार एकजुट होकर समाज के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं और निष्पक्ष पत्रकारिता की परंपरा को आगे बढ़ाएं। इस दौरान संगठन के जोनल कोआर्डिनेटर अजय शुक्ल, वरिष्ठ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम नारायण शुक्ला, जिला मुख्य महासचिव सुरजीत सिंह चानी, अतीक शेख, पुरुषोत्तम गर्ग, आशीष अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, ज्ञान गोयल, राजकुमार गोयल, प्रदीप गर्ग, दिनेश कंछल, एसके मिश्रा व अनूप अलर्ट सहित तमाम पत्रकार व सामाजिक लोग मौजूद रहे।

# चोरी की घटना रोकने में थाना सिविल लाइन पुलिस फ़ेल

❒ कई जगहों पर चोरी, नाबालिक का अपहरण से लेकर कई घटनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूँ। थाना सिविल लाइन पुलिस क्राइम कंट्रोल को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है, विगत दिनों की बात की जाए तो मोटरसाइकिल चोरी, नाबालिक का अपहरण, घर में घुसकर दबंगों द्वारा मारपीट,तथा गंभीर वारदातें बड़ी है।

वहीं सत्यवीर निवासी भगवतीपुर ने बताया कि मेरे खेत में ट्यूबवेल से किसी अज्ञात चोर ने बिजली का स्टार्टर चोरी कर लिया है, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की, वहीं प्रदीप कुमार नें तहरीर में बताया कि आवास विकास स्थित कंपनी परिसर में खड़े जनरेटर दो पंप सेट,मोटर, दो गैस सिलेंडर आदि लाखों का सामान किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है,वहीं क्षेत्र निवासी कृष्ण गोपाल नें तहरीर में बताया कि आमगांव में खेत पर लगे ट्यूबवेल से अज्ञात चोरों ने स्टार क्यूट एवं केवल अन्य उपकरण चोरी कर लिए हैं।लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की,वही आसपास के लगभग तीन से चार ट्यूबवेल पर इसी प्रकार की चोरी की घटना हुई है, लेकिन अभी तक अज्ञात चोर नहीं पकड़े गए, वही राम नरेश शर्मा ने तहरीर देकर बताया कि उनकी मोटर साइकिल शाम को नो बजे उपमन्यु भवन शास्त्री नगर, सिविल लाइन में हैंडल लॉक लगी हुई मोटर साइकिल सिल्वर रंग अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली, लेकिन पुलिस अभी तक तक खोज नहीं पाई है,आरसी तथा महत्वपूर्ण कागज भी मोटरसाइकिल में रखे थे, वहीं मुजीब खान ने तहरीर देखकर बताया कि शेखुपुर बदायूं रोड पर मोटरसाइकिल शाम को अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े चोरी कर ली सिविल लाइन पुलिस ने अभी तक बरामद नहीं की है, वही उमेश कुमार ने तहरी देकर बताया कि जैन अस्पताल के सामने खड़ी स्प्लेंडर प्लस किसी अज्ञात चोर में दिन-दहाड़े चोरी कर ली, जो अभी तक पुलिस ने बरामद नहीं की है, वही आपको बता दें कि शहर में दो बड़ी जगह पर दिनदहाड़े चोरी हो जाने से पुलिस पर सवालिया निशान पैदा होता है, वहीं सिविल लाइन पुलिस इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है, अभी कुछ दिन पूर्व नाबालिक का दिनदहाड़े अपहरण कर लेना यह भी पुलिस पर गंभीर सवाल पैदा करता है, वहीं चर्चा यह भी है कि बिल्डिंग बनवाने के लिए एक सर्किल का इंस्पेक्टर लोगों पैसा वसूल रहा है, वहीं बता दे जिले कि तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा जिले के कुछ थानों पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि पूर्व में लापरवाह पुलिसकर्मियों की वजह से एक बड़े अधिकारी प्रदेश मुख्यालय भेजे गए है।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण एवं संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक

❒ आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल केन्द्रों के रूप में विकसित करने के किए जाए प्रयास- डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण एवं संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में निर्माणाधीन एवं उच्चीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों की प्रगति, गुणवत्ता एवं आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप किया जाए तथा कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षित भवन संरचना एवं बच्चों के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए, सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका विकसित किया जाए।उन्होंने यह भी कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल केन्द्रों के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएं, ताकि बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा जहां भी कार्यों में विलंब या गुणवत्ता में कमी पाई जाए, वहां तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही, निर्माण से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, पीडी डीआरडीए मुनेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सीतापुर में लोजपा (रामविलास) का दलित चौपाल संपन्न, आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत का किया दावा




**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा सीतापुर मकवापुर चौबे में दलित चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अरुण भारती रहे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान ने की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान ने कहा कि दलित समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि यदि दलित समाज संगठित होकर आगे बढ़े तो उसकी आवाज़ और भागीदारी दोनों मजबूत होंगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से समाज के बीच जाकर संगठन को मजबूत करने और लोगों को पार्टी की नीतियों से जोड़ने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी एवं सांसद अरुण भारती ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एनडीए के सहयोगी दलों के साथ मिलकर पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सीतापुर की छीता पासी धरती से चुनावी अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है और पार्टी गांव-गांव जाकर विकास, सामाजिक न्याय एवं गरीब, दलित और वंचित समाज के हितों के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत है।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शंभूनाथ रावत, युवा कार्यकर्ता सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## टेट मामले को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नई दिल्ली के आवाहन पर जिला कार्यकारिणी सीतापुर के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार सहित केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट परिसर सीतापुर में दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह ने बताया कि बतौर ज्ञापन 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा (द्वक्द्व) संबंधी अधिसूचना एवं केंद्र सरकार द्वारा आर टी ई एक्ट के सेक्शन 23(2) में दिनांक 9 अगस्त 2017 को किए गए संशोधन तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 29 मई 2026 के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों एवं उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने की दिनांक 27 जुलाई 2011 से पहले से नियुक्त शिक्षकों को विधायी एवं नीतिगत संरक्षण प्रदान किए जाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी के संबंध में मांग पत्र माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार, माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार और माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को आज दिनांक 18.06.2026 को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद सीतापुर द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी सीतापुर के माध्यम से संगठन के जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता के नेतृत्व में प्रेषित किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री राजेश सिंह जिला संयुक्त महामंत्री राजकुमार वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष संजीव रावत, उपाध्यक्ष विवेक तिवारी, अनूप श्रीवास्तव, पूनम, विजय गुप्ता रणधीर वर्मा, बीना पटेल, जिला मंत्री संतोष सिंह, कीर्ति कुमार, अंशुल यादव, प्रवेश वर्मा, अर्जुन सिंह समेत तमाम शिक्षक साथी मौजूद रहे।

## सीतापुर में 31 अगस्त तक नदियों में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने बताया कि वर्षा ऋतु मछलियों का प्रजनन काल होता है, इसमें नदियों/बहती जल धाराओं में मछलियों यथा कतला, रोहू, नैन आदि प्रजातियाँ प्रजनन करती है। मछलियों के सवर्धन एवं संरक्षण हेतु उ0प्र0 मत्स्य अधिनियम 1948 के प्राविधानों के अर्न्तगत शासकीय विज्ञप्ति दिनांक 11 सितम्बर 1954 द्वारा प्रख्यापित उ0प्र0 मत्स्य विकास एवं नियन्त्रण नियमावली 1954 तथा शासनादेश दिनांक 06 अक्टूबर 1997 के द्वारा 15 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजनन अवधि में नदियों से मत्स्य शिकारमाही तथा शासनादेश संख्या दिनांक 04-06-1997 के अनुसार 15 जुलाई से 30 सितम्बर तक मत्स्य जीरा, फ्राई एवं फिगरलिंग मत्स्य बीज को पकड़ना प्रतिबन्धित है, अग्रेत्तर राजस्व विभाग द्वारा नदियों में मत्स्य आखेट हेतु पट्टा/ठेका का अधिकार दिये जाने सम्बन्धी शासनादेश दिनांक 10-01-2019 के प्रस्तर (घ) में 01 जून से 31 अगस्त तक नदियों में मत्स्य आखेट को प्रतिबन्धित किया गया है।

# लम्बे इंतजार के बाद पुल पुनर्निर्माण अंतिम चरण में पहुंचा, ग्रामीणों में खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। महराजगंज तहसील क्षेत्र के मऊ शर्की गांव स्थित खंड-45 डीह डिवाई नहर पर चार वर्ष पूर्व ध्वस्त हुआ पुल आखिरकार पुनर्निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच गया है। लंबे समय से क्षेत्रीय जनता, किसानों और राहगीरों की परेशानी का कारण बना यह पुल अब जल्द ही आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। ग्रामीणों के संघर्ष, सामाजिक कार्यकर्ताओं की लगातार आवाज और क्षेत्रीय सपा विधायक श्याम सुंदर भारती के प्रयासों के बाद सिंचाई विभाग ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को मूर्त रूप दिया है।

आपको बता दें कि, चार वर्ष पूर्व डीह डिवाई नहर पर बना पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर ध्वस्त हो गया था। पुल टूटने के कारण मऊ शर्की सहित पूरे हनुमंत, ताजुद्दीनपुर, मुरैनी, टीसाखानापुर और चंदापुर गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित हो गया था। इसके अलावा पड़ोसी अमेठी जनपद के कई गांवों के निवासी भी इस मार्ग पर निर्भर थे। पुल के अभाव में लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लगभग एक किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और संसाधनों दोनों की बर्बादी होती थी। स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भोलू सिंह ने पुल निर्माण की मांग को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया। उन्होंने मीडिया के माध्यम से भी लगातार इस मुद्दे को उठाया, लेकिन लंबे समय तक विभागीय अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त था और लोगों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जब प्रशासनिक स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने क्षेत्रीय समाजवादी पार्टी विधायक श्याम सुंदर भारती से हस्तक्षेप की मांग की। विधायक ने मामले की गंभीरता को समझते हुए शासन और विभागीय अधिकारियों और सदन के समक्ष इसे मजबूती से उठाया। लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप पुल निर्माण को स्वीकृति मिली और सरकार द्वारा इसके लिए धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई।

# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर महराजगंज में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव

❒ जनहित की राजनीति को बताया प्रेरणा स्रोत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। रायबरेली के सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष टथद्धफ्घ्र क्ष्थद्ददद्धद्ध के जन्मदिवस के अवसर पर महराजगंज कस्बे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर केक काटकर जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ट्टफ्म्रद्धद्दद्य घ्थ्पद्ध ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक एवं समर्थक उपस्थित रहे।

आपको बता दें कि, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी ने कहा कि, राहुल गांधी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, युवाओं के अधिकारों तथा आम जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाने वाले जननेता हैं। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी लगातार किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं तथा उनकी राजनीति जनसेवा और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति समर्पित है। सुशील पासी ने कहा, ''राहुल गांधी का जीवन देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। हम सभी उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हैं ताकि वे देशहित और जनहित के मुद्दों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाते रहें।'' उन्होंने आगे कहा कि, कांग्रेस पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने और संविधान की मूल भावना को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी देश में भाईचारे, समानता और लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। जन्मदिवस समारोह के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा राहुल गांधी के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और उल्लास से भरपूर रहा।इस अवसर पर मुख्य रूप से मो. उमर, ताहिर कुरैशी, बृजेश पासी, राधेश्याम एडवोकेट, मुनीर भाई, अज़मल खान, सुनील कुमार, शीतांशु मौर्य, चाँद भाई, रमेश पासी, बिंधा पासी, बाला प्रसाद मौर्य, संदीप मौर्य सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, क्षेत्रीय नागरिक एवं समर्थक मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने की मंडलीय समीक्षा बैठक: 4901 करोड़ के कार्य प्रस्तावों को दी मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोंडा । जनपद में महज तेरह दिनों के बाद दूसरी बार गोंडा के दौरे पर पहंचे मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ ने शुक्रवार को देवीपाटन मंडल को बडी सौगातें दीं।सीएम योगी ने 33 विधानसभा क्षेत्रों से जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों के प्रेजेंटेशन को देखने के बाद कई निर्देश दिए।प्रमुख रूप से योगी ने देवी पाटन मंडल के मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, स्वामी नाराण मंदिर से बस्ती के मखौड़ा धाम व अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख तेरह मार्गों के विकास को मंजूरी दी।योगी ने कुल 490 1.65 करोड़ रुपये की एक हजार से अधिक विका स परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव सभागार में लोक निर्मा ण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की।साथ ही नई कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों के साथ मंथन किया।इस दौरान देवीपाटन मंडल के गोंडा,बलरामपुर,बहराइच और श्रावस्ती की सड़क व संपर्क मार्ग परियोजनाओं की प्रगति परखी। इसके साथ बस्ती मंडल के बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गो से जोड़ने, जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण,संपर्क मार्गों के सुदृढ़ीकरण और पुल सेतु से जुड़े निर्माण कार्यों पर मंथन हुआ।

**50 से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण**

मुख्यमंत्री योगी को देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल व लोक निर्माण विभाग के अधि कारियों ने सड़क, पुल, सेतु और अन्य आधारभूत विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विभिन्न विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्र गति रिपोर्ट दी।इस दौरान मुख्यमंत्री ने गड्ढामुक्त अभियान की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 810 कामों को मंजूरी दी।इसमें करीब 1472.83 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।इससे ग्रामीण अंच लों में 1602 किलोमीटर लंबी सड़कें बनाकर बेह तर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी।करीब पचास से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण व दुरुस्ती करण किया जाएगा।

**प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के विकास पर मंथन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की करीब 50-50 करोड़ की विकास परियो जनाओं का प्रस्तुतीकरण देखा।उन्होंने जनप्रति निधियों से विकास परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की।उन्होंने नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी और सुगम यातायात के लिए सड़क मार्गों के दुरुस्तीकरण पर केंद्रित प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ देखा। इसमें आधारभूत संरचना के कार्य भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने पिछड़े क्षेत्रों व आकांक्षात्मक ब्लॉक क्षेत्रों में जारी विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की।

**औद्योगिक क्षेत्रों की भी बेहतर होगी कनेक्टिविटी**

मुख्यमंत्री ने दो राज्य राजमार्गों, प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी, 81 लघु सेतु व सात बड़े पुलों को बनाने की मंजूरी दी। शहरी क्षेत्रों में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए बाईपास मार्गों, ओवरब्रिज आदि के कामों को मंजूरी दी।देवीपा टन मंडल में सड़क सुरक्षा के कार्यों को कराने कभी निर्देश दिया।

इसके साथ जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 12 हेलीपैड के निर्माण कार्यों को भी मंजूरी दी।उन्होंने हरदौपट्टी संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, कटरा बाजार के पंडितपुरवा नहवा परसौरा वाया खजुहा संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, सुभानपुर बेलवानोहर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य, हट्टीपुरवा से कुढ़ियांव संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, चांदपुरडीहा संपर्क मार्ग निर्माण कार्य आदि की अद्यतन स्थिति पर भी जानकारी ली।

# अधिवक्ताओं को मुख्यमंत्री से नहीं मिलने देने पर लगे 'योगी-मोदी मुर्दाबाद' के नारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर प्रदर्शन कर रहे बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बा त रखना चाहते थे,लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उन्हें रोके जाने से मामला बिगड़ गया।इस बा त से नाराज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष,व मंत्री एक घंटे तक जमीन पर धरने पर बैठे रहे। गोंडा के प्रशासनिक अधिकारियों के इस अड़ियल रवैये से वकीलों में जबरदस्त नाराजगी और आक्रोश फैल गया। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री समीक्षा बैठक के दौरान ही योगी-मोदी मुर्दाबाद लगाए,अधिवक्ताओं के बढ़ते गुस्से और भारी विरोध के आगे आखिर कार जिला प्रशासन को नतमस्तक होना पड़ा और वकीलों के अटूट रुख को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने बीच का रास्ता निकाला,जिसके बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और मंत्री को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मु लाकात की है इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अधि वक्ताओं की समस्याओं,न्यायिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों तथा अन्य लंबित मांगों को मुख्यमंत्री के सम क्ष विस्तार से रखा।मुख्यमंत्री ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।प्रतिनिधिमंडल ने अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।इस मुलाकात को अधिव क्ता समाज के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उनकी मांगों पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा।

# तंत्र-मंत्र के नाम पर ठगी, 26 लाख 95 हजार के साथ तांत्रिक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में पूजा-पाठ, तंत्र-मंत्र और विशेष अनुष्ठान के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर लाखों रुपये व जेवरात हड़पने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को मनकापुर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी के कब्जे से 26 लाख 95 हजार रुपये नकद बरा मद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार आरोपी प्रदेश के कई जिलों में इसी तरह की वारदातों को अंजा म दे चुका है।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक ने बताया कि मनकापुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को बंदरहा मार्ग पर हरसिंहवा गांव जाने वाले रास्ते से मेरठ निवासी शफीक अली उर्फ बड़े पुजारी को गिर फ्तार किया।उसके पास मौजूद नीले रंग के बैग से 26 लाख 95 हजार रुपये नकद बरामद हुए।आरो पी मेरठ जिले का रहने वाला है।गोंडा और बहराइ च में दर्ज कई धोखाधड़ी के मुकदमों में उसकी त लाश की जा रही थी।पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया है।एएसपी ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी से अर्जित संपत्तियों की भी जांच की जा रही है।अखबार में छपे पर्चे से शुरू हुआ ठगी का खेल

मामले का खुलासा तब हुआ जब मनकापुर कस्बे के आजाद नगर निवासी सुशील सोनी उर्फ गोपाल ने छह मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अखबार के साथ आए एक पर्चे में 'शिव शक्ति ज्योति एवं आध्यात्मिक अनुसंधान' नामक संस्था का विज्ञापन देखकर उन्होंने संपर्क किया था। खुद को बाबा बताने वाले आरोपियों ने परिवार की समस्याओं के समाधान और गृहदशा सुधारने के नाम पर पूजा-अनुष्ठान शुरू कराया। आरोपियों ने घर के सोने-चांदी के जेवर एक स्टील के डिब्बे में रखवाकर एक कमरे में पूजा शुरू कराई और 65 दिन तक कमरे को बंद रखने की सला ह दी।कुछ दिनों बाद बाबा ने अपनी मां की तबीय त खराब होने की बात कहकर आना बंद कर दिया। बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया। संदेह होने पर जब परिवार ने कमरे का ताला खोला तो वहां रखे सभी जेवर और अन्य सामान गायब मिले।एएसपी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए गठित टीम ने सात मई को इस गिरोह से जुड़े पांच आरोपियों नमशेर,हसरत अली, इमरान,इन्साद और तोहिद को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से करीब दो लाख रुपये नकद, भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, फर्जी नंबर प्लेट लगी आई-टेन कार और अन्य सामान बरामद किया गया था।उस समय से पुलिस गिरोह के मु ख्य सरगना शफीक अली की तलाश में जुटी थी। आरोपी तांत्रिक को पकड़ने वाली पुलिस टीम में मनकापुर थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर व एस ओजी प्रभारी मनीष कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

# सीएम योगी से मिलने का ऐलान करने पर शिवम पाण्डेय हाउस अरेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पाण्डेय को हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। उन्होंने गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर स्थित जर्जर बिसु ही पुल के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ से मिलने का ऐलान किया था। पुलिस ने उन्हें शुक्रवार को सुबह से उनके घर पर ही रोक रखा है।शिवम पाण्डेय के घर पर एक उपनिरीक्षक सहित छह पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। उन्हें घर से बाहर निकलने या मुख्यालय गोंडा जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोंडा दौरे के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है।यह मामला 114 साल पुराने बिसुही पुल के निर्माण से जुड़ा है।राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने पहले भी इस पुल के निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किए हैं।इसमें मुख्यमंत्री की तस्वीर पर जल चढ़ाना और खून से जल सत्याग्रह करना शामिल था। तब एनएचएआई के अधिकारि यों ने जल्द निर्माण का आश्वासन देकर धरना समा प्त करवाया था।आश्वासन के कई महीने बीत जाने के बाद भी पुल का निर्माण शुरू नहीं हुआ। इसके बाद शिवम पाण्डेय ने एक बार फिर मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांग रखने का ऐलान किया था। शिवम पांडेय ने बताया कि पुल इतना जर्जर हो चुका है कि यहां आए दिन घंटों जाम लगा रहता है,जिससे बच्चों और मरीजों को आवागमन में भारी दिक्कत होती है।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की आवाज दबाने के लिए उन्हें हाउस अरेस्ट कर रही है।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा में एचीवर फॉर्मर फाउंडेशन के अध्यक्ष कुलदीप मिश्रा के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान ग्रामीणों ने मिलकर करीब 100 फलदार और औषधीय गुणों वाले पौधे लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और हरियाली बढ़ाने का संदेश देना रहा।संस्था अध्यक्ष कुलदीप मिश्रा ने कहा कि बदलते मौसम, बढ़ते तापमान और प्रदूषण को देखते हुए पौधरोपण बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है,तभी पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सकेगा।उन्होंने लोगों से अपने घर, खेत और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।इस अवसर पर मनीष तिवारी, शिव शंकर तिवारी, सनोज सिंह, मुकेश शुक्ला, विनय पाठक,आशीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा प्रारम्भ की गई भारतनेट उद्यमी योजना

## डेढ़ लाख के निवेश से प्रारम्भ किया जा सकता है स्वरोज़गार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला महाप्रबन्धक दूर संचार निगम लिमिटेड बहराइच मुकेश आनन्द ने बताया कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोडने के उद्देश्य से भारतनेट उद्यमी योजना का शुभारंभ किया गया है। योजना के तहत इच्छुक व्यक्ति कम पूंजी लगाकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। योजना के शुरुआती चरण में लगभग डेढ लाख रुपये के न्यूनतम निवेश की आवश्यकता होगी। बीएसएनएल से जुड़ने के बाद उद्यमियों को ग्रामीण क्षेत्रों में ब्राडबैंड सेवाओं से उपभोक्ताओं को जोड़ने का कार्य करना होगा। इसके लिए विभाग की ओर से आकर्षक भुगतान की व्यवस्था की गई है।

श्री आन्नद ने बताया कि भारतनेट उद्यमी योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके गृह जनपद में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे आसानी से अपनी आजीविका का संचालन कर सकें और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का शहरों की ओर पलायन कम हो सके। सीतापुर व्यापार क्षेत्र के प्रधान महाप्रबंधक कृष्ण मोहन श्रीवास्तव ने इस योजना को युवाओं के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर बताया। योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए इच्छुक युवक बीएसएनएल कार्यालय में कार्यरत उप मंडल अभियंता दीपक वर्मा अथवा मोबाइल नंबर 9451101171 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# ससुराल में युवक का शव मिलने से सनसनी, परिजनों ने पत्नी समेत पांच पर लगाया हत्या का आरोप

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर के जमालपुर थाना क्षेत्र के भदावल ग्राम पंचायत के गोविंदपुर गांव में शुक्रवार सुबह ससुराल आए एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक के परिजनों ने पत्नी समेत पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

चंदौली जनपद के अलीनगर थाना क्षेत्र के गोरइया गांव निवासी 32 वर्षीय प्रकाश पटेल का शव बेल्ट के सहारे खिड़की से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा जांच-पड़ताल की। मृतक के भाई विकास पटेल ने थाने में तहरीर देकर प्रकाश की पत्नी, सास, ससुर, साला और साली पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में बताया गया है कि प्रकाश की शादी करीब दस वर्ष पूर्व गोविंदपुर निवासी मिश्री पटेल की पुत्री प्रियंका पटेल से हुई थी। तीन माह पूर्व किसी विवाद के बाद उसकी पत्नी मायके आ गई थी और वापस ससुराल नहीं जा रही थी। गुरुवार रात प्रकाश अपनी पत्नी और बच्चों का हालचाल लेने ससुराल आया था। प्रकाश प्लंबर का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में एक पुत्री आस्था और एक पुत्र आर्यन हैं। वह दो भाइयों में बड़ा था तथा उसकी चार बहनें हैं।

घटना की सूचना पर मृतक के गांव के बड़ी संख्या में लोग जमालपुर थाने पहुंच गए और परिजनों के पहुंचने से पहले शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने पर नाराजगी जताई। वहीं मृतक की मां प्रभा देवी और भाई विकास का रो-रोकर बुरा हाल रहा। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# साक्षरताकर्मियों ने सीएम से लगाई गुहार मांगा बकाया मानदेय और रोजगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जिले में आगमन के दौरान साक्षर भारत मिशन कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। साक्षरता कर्मी एसोसिएशन के जिला संयोजक मनोज तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मी मुख्यमंत्री से मुलाकात की उम्मीद में घंटों धूप में खड़े रहे।हालांकि सुरक्षा और व्यस्त कार्यक्रम के चलते उनकी मुलाकात नहीं हो सकी,लेकिन क्षेत्राधिकारी आनंद राय ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्राप्त कर उसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि साक्षरताकर्मियों ने निरक्षरता उन्मूलन के साथ-साथ एनपीआर सर्वेक्षण, निर्वाचन संबंधी कार्यों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के संचालन में

**धूप में खड़े होकर किया इंतजार,सीओ ने मुख्यमंत्री तक ज्ञापन पहुंचाने का दिया आश्वासन**

भी सक्रिय योगदान दिया। 31 मार्च 2018 को मिशन समाप्त होने के बाद से हजारों कर्मियों का मानदेय अब तक लंबित है। इसके साथ ही रोजगार समाप्त होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।सीएम से लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान तथा अनुभवी कर्मियों को शिक्षा, पंचायत, कौशल विकास एवं अन्य सरकारी योजनाओं में समायोजित कर रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक संजय पांडेय, अजय तिवारी, सर्वेश तिवारी, कृष्णकांत मौर्य,सविता राज, शिवकुमार मौर्य, कंचन, राम उग्गर शास्त्री आदि रहे।

# प्रभारी मंत्री ने यूपी मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स/प्राकृतिक खेती कार्यशाला का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजनान्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स/प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन बलदेव सिंह औलख राज्यमंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ की अध्यक्षता में गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह, पीलीभीत में आयोजित किया गया। जिसमें विवेक वर्मा विधायक बीसलपुर, गोकुल प्रसाद मौर्या जिलाध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,ज्ञानेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी, सतीश कुमार मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी एवं गन्ना, पशुपालन, सिंचाई, उद्यान, मत्स्य, रेशम आदि विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मिलेट्स कार्यशाला/प्राकृतिक खेती कार्यशाला में कृषि विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग, रेशम विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं एवं नई तकनीक/प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में जनपद के समस्त विकास खण्डों से लगभग 650 प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में प्रदर्शित सभी स्टालों का राज्यमंत्री, सभी विधायकों एवं जिलाधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। राज्यमंत्री द्वारा कृषक भाईयों को अवगत कराया गया कि कृषक भाई अधिक से अधिक मिलेट्स की खेती एवं प्राकृतिक खेती को अपनायें ताकि विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचा जा सके। विधायक बीसलपुर के द्वारा कृषक भाईयों से अपील की गई कि कृषक भाई अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती को अपनायें जिससे वह और उनके बच्चे निरोग रहें। विधायक बरखेड़ा के द्वारा गौ-आधारित प्राकृतिक खेती पर विशेष बल दिया गया और अवगत कराया गया कि प्रत्येक कृषक गाय पालें, जिससे कृषक भाईयों को दूध के साथ-साथ गौमूत्र एवं गोबर प्राप्त होगा जिसका खेती में उपयोग कर उनकी आय दोगुनी बढेगी।जिलाधिकारी द्वारा समन्वित कृषि प्रणाली (इन्टीग्रेटिड फार्मिंग) से खेती करने हेतु कृषक भाइयों से अपील की गई तथा बताया कि देश के प्रधानमंत्री जी ने भारत देश को सन् 2047 तक विकसित करने का लक्ष्य रखा है जिसके लिए पहले हम लोगों को विकसित उत्तर प्रदेश बनाना होगा। साथ ही महोदय द्वारा कृषकों से यह भी अपेक्षा की गई कि अधिक से अधिक कृषक मुर्गी पालन को अपनायें जिससे अण्डों का अधिक उत्पादन मिले ताकि बाहर से अण्डा मंगाने की आवश्यकता न पड़े।इस कार्यक्रम में कृषकों को मिलेट्स ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, सांवा, कुटकी, काकून एवं चीना के पोषक तत्वों, मिलेट्स के विभिन्न प्रकारों, उसके उपभोग एवं उत्पादन के बारे में राममिलन सिंह परिहार, उप कृषि निदेशक, पीलीभीत द्वारा जानकारी दी गई साथ ही श्रीअन्न की फसलों की पहचान एवं उनसे बनने वाले उत्पाद तथा उन्नतशील खेती करने की जानकारी दी गई तथा श्रीअन्न में पाये जाने वाले पोषक तत्वों एवं श्रीअन्न को दैनिक भोजन में कैसे उपयोग करें तथा उनके द्वारा बताया गया कि महिलाओं में खून की कमी और कैल्शियम की कमी बहुतायत से है। यदि महिलाएं श्रीअन्न को दैनिक भोजन में प्रयोग करती हैं तो उक्त बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। डा0 एस0एस0 ढाका, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र टांडाविजैसी, पीलीभीत के द्वारा श्रीअन्न की खेती करने तथा उसमें पड़ने वाले उर्वरकों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा इनके द्वारा बताया गया कि श्रीअन्न के उत्पादन करने में बहुत ही कम खाद उर्वरक एवं सिंचाई की आवश्यकता होती है। यह भी बताया गया कि श्रीअन्न की खेती वर्षा के आधार पर हो जातीहै, अलग से सिंचाई करने की बहुत ही कम आवश्यकता पड़ती है। विभिन्न विभागों से आये अधिकारियों द्वारा अपने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।उपरोक्त मिलेट्स/प्राकृतिक खेती कार्यशाला में संजय कुमार सिंह जिला विकास अधिकारी, डा0 दीपक कुमार वैज्ञानिक के0वी0के0, चन्द्रप्रकाश त्रिवेदी डी0डी0एम0 नावार्ड, आर0डी0 गंगवार उद्यान निरीक्षक आदि अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**प्राकृतिक खेती की नई तकनीकी/प्रजातियों को देखा एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की कृषकों को दी जानकारी**

# वाह रे सिस्टम पूरनपुर ब्लॉक में दो बीडीओ, जनता असमंजस में किसे सुनाए अपनी फरियाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता





पीलीभीत। खंड विकास कार्यालय पूरनपुर में इन दिनों अजीब स्थिति बनी हुई है। यहां एक नहीं बल्कि दो-दो खंड विकास अधिकारी तैनात हैं, जिससे ब्लॉक आने वाली जनता असमंजस में है कि अपनी समस्या किसे बताए।जानकारी के अनुसार, पूरनपुर ब्लॉक में एक स्थायी खंड विकास अधिकारी संजय यादव हैं जो प्रतिदिन कार्यालय में बैठते हैं और नियमित कार्य देखते हैं। वहीं दूसरी ओर उच्च अधिकारियों ने डीसी मनरेगा हेमंत यादव को भी प्रभारी बीडीओ बनाकर पूरनपुर में तैनात कर रखा है। ब्लॉक में दो अधिकारियों की तैनाती से कार्यालय का कामकाज तो प्रभावित हो ही रहा है, साथ ही फरियादी भी परेशान हैं। अपनी शिकायत, पेंशन,आवास, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन,मनरेगा जॉब कार्ड या अन्य योजनाओं से जुड़े काम के लिए ब्लॉक पहुंचने वाले ग्रामीण समझ नहीं पा रहे कि किस अधिकारी के पास जाएं। कई बार एक अधिकारी दूसरे के पास भेज देता है, जिससे लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को जल्द स्पष्ट करना चाहिए कि ब्लॉक का प्रभार किसके पास है। दो बीडीओ होने से न तो जनता की सुनवाई ठीक से हो पा रही है और न ही विकास कार्यों में तेजी आ रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस असमंजस को दूर कर एक ही अधिकारी को पूर्ण जिम्मेदारी दी जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।

# गजब ! एडीएम और बीएसए के नाम पर शिक्षक से वसूल लिया चार लाख रुपया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी में करीब सात करोड़ रुपये के गबन के मामले में सीबीआई द्वारा छापेमारी के बाद एक नया मामला सामने आया है जिसमें वित्तीय गबन के मामले में क्लीन चिट दिलाने और एडीएम न्यायिक एवं बीएसए के नाम पर चार लाख रुपया वसूलने का मामला सुर्खियों में है जिस पर बीएसए ने एक शिक्षक नेता के साथ ही एक चर्चित कर्मचारी को नोटिस थमाई है और जांच कमेटी गठित कर रिपोर्ट तलब की है लेकिन जांच अधिकारियों द्वारा नौ दिन चले अढ़ाई कोस की तर्ज पर कच्छपगति से कार्य किया जा रहा है। बताते चलें कि विकास क्षेत्र जगदीशपुर के एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराया गया कि वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय अमेठी एवं ट्रेजरी द्वारा साजिश के तहत मुझे वित्तीय गबन के मामले में जबरन फंसा दिया गया जिसकी जांच शासन द्वारा गठित कमेटी से कराई गई उस कमेटी के सदस्य एडीएम साहब थे जिनके कार्यालय में बेसिक शिक्षा विभाग का एक कर्मचारी भी सम्बद्ध था जिसने अपने बहनोई के माध्यम से मुझे जांच एवं विभागीय कार्यवाही से बचाने का वादा कर चार लाख रुपया ले लिया गया जिसका साक्ष्य उक्त शिक्षक के पास उपलब्ध है। तत्कालीन एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र एवं वर्तमान बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के नाम पर उस शिक्षक से जबरन धन वसूली किया गया। आपके कार्यालय के दोनो कार्मिकों ने मौके का फायदा उठाकर बिगत पन्द्रह माह से उसका आर्थिक एवं मानसिक शोषण कर रहे हैं।

# विजय नारायण हत्याकांड में पुलिस अफसरों के कार्य व्यवहार से कोर्ट नाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस अफसरों के रिपोर्ट पेश नहीं करने पर अवसर समाप्त, पुलिस अफसरों के खिलाफ पड़ी है अर्जी**

**सीजेएम नवनीत सिंह की कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक को भेजा आदेश**

सुल्तानपुर। विजय नारायण सिंह हत्याकांड से जुड़े मात्र एक आरोपी के खिलाफ चार्जशीट भेजने एवं अन्य अन्य नामजदो के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद उसे नजरअंदाज कर उन्हें जानबूझकर क्लीनचिट देने के आरोप से जुड़े मामले में कोर्ट के बार-बार आदेश के बावजूद कोतवाली पुलिस एवं विभाग के उच्चाधिकारी आख्या पेश कर पाने में असफल रहे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस अधिकारियों के जरिये पेश की जाने वाली आख्या का अवसर समाप्त कर दिया है। बृहस्पतिवार को सामने आए आदेश में अदालत ने मामले में पुलिस की लगातार लापरवाही को देखते हुए अगली कार्रवाई बढ़ाने के लिए दो जुलाई की तारीख तय की है। अदालत ने जारी आदेश की प्रति आरोपी पुलिस ऑफिसर सीमा सरोज एवं पुलिस अधीक्षक को भी भेजने का आदेश जारी किया है। कोतवाली नगर के नारायनपुर के रहने वाले सतीश नारायण सिंह ने सात अप्रैल साल 2024 को स्थानीय कोतवाली में पल्लवी होटल के सामने अपने भाई विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हुई हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने अंबेडकर नगर जिले के महरुआ के रहने वाले नामजद आरोपी अजय सिंह सिलावट के खिलाफ चार्जशीट पेश किया था, जिसके खिलाफ एडीजे प्रथम की अदालत में ट्रायल चल रहा है। शेष नामजद आरोपी दीपक मिश्रा, जयंत मिश्रा, विनय तिवारी व अन्य को विवेचक सीमा सरोज व अन्य अफसरों की जांच में क्लीनचिट दे दी गई है,हालांकि अन्य आरोपियो ने स्वयं को बेकसूर होने का दावा किया है। मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह ने घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज संम्बधित चार डीबीआर, आरोपियों की कॉल डिटेल रिपोर्ट व अन्य उपलब्ध साक्ष्यों को नजरअंदाज करते हुए आरोपियों को लाभ पहुंचाने की मंशा से विवेचना करने का आरोप लगाते हुए पुलिस आफिसर सीमा सरोज सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग किया है।

# रंगदारी वसूलने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार, रकम बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। जिले की अखंड नगर थाना पुलिस ने फाइनेंस पर चल रही गाड़ियों को ट्रैक कर उनके चालकों और मालिकों से डराकर रंगदारी वसूलने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वसूली गई धनराशि भी बरामद की है, जबकि मामले में शामिल दो अन्य आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने फाइनेंस कंपनियों से जुड़े वाहनों की जानकारी जुटाने के लिए ऐप के पुराने पासवर्ड का कथित तौर पर दुरुपयोग किया। इसके जरिए वे उन वाहनों की जानकारी हासिल करते थे जिनकी किश्तें बकाया थीं। इसके बाद वाहन की लाइव लोकेशन ट्रैक कर रास्ते में रोकते और कंपनी की कार्रवाई तथा वाहन सीज कराने का डर दिखाकर मोटी रकम वसूलते थे। मामले का खुलासा तब हुआ जब 18 जून को अंबेडकर नगर निवासी नीरज कुमार ने अखंड नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि उनका वाहन चालक लेकर जा रहा था, तभी कुछ लोगों ने वाहन रोककर बकाया किश्त के नाम पर डराया-धमकाया और पैसे वसूल लिए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की और मीरपुर क्षेत्र के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश सिंह और सौरभ उर्फ गोलू गिरी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कुल चार लोगों का समूह बनाकर यह काम करते थे। पुलिस के अनुसार गिरोह विभिन्न जिलों में सक्रिय होकर ऐसे वाहनों की जानकारी जुटाता था जिनकी किश्तें समय पर जमा नहीं हो पाती थीं और फिर उन्हें निशाना बनाकर अवैध वसूली करता था। पुलिस ने बताया कि मामले में दो अन्य आरोपी अनुभव श्रीवास्तव और नितेश सिंह फिलहाल फरार हैं।

उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगाया गया है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य जिलों से मिली शिकायतों की भी जांच कर रही है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में सभी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और गिरोह से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

# मेडिकल कालेज से अमेठी समेत आसपास के जनपदों के लोगों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं : प्रतिभा शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । प्रदेश सरकार में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री तथा जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान तिलोई स्थित नव निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कालेज में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन एवं शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. योगेश यादव ने उन्हें अवगत कराया कि वर्तमान में मेडिकल कालेज परिसर में मरीजों का उपचार नही किया जा रहा है जबकि दो सौ शैय्या युक्त रेफरल चिकित्सालय में ओपीडी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकल कालेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पढ़ाई प्रारम्भ हो चुकी है तथा प्रथम बैच में एक सौ सीटों के सापेक्ष सभी एक सौ छात्रों का प्रवेश हो चुका है। प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मेडिकल कालेज परिसर का भ्रमण करते हुये शैक्षणिक भवन, छात्रावास, प्रशासनिक भवन एवं अन्य निर्माणाधीन सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा परिसर में उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज के पूर्ण रूप से संचालित होने से अमेठी सहित आसपास के जनपदों के लोगों को बेहतर एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी साथ ही चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी नये अवसर सृजित होंगे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कालेज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक सुविधाओं, आवास व्यवस्था तथा अन्य आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्रों को मन लगाकर अध्ययन करने और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी., भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, उप जिलाधिकारी अमित सिंह, तहसीलदार अभिषेक यादव, जिला पंचायत सदस्य राम कृष्ण भारती, पंकज अवस्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शिवनगर रात्रि चौपाल में स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ, सैकड़ों ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी

पूरनपुर। विकास खंड की ग्राम पंचायत शिवनगर में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान गुरुवार को जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक तथा श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद जी ने किया इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर आयोजित स्वास्थ्य मेले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, एचपीवी वैक्सीन, टीबी जांच, पोर्टेबल एक्स-रे, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, परिवार नियोजन एवं पोषण संबंधी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मो. राशिद ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन, एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे स्वास्थ्य मेले में पहुंचे लाभार्थियों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया

## 'मिशन ड्रग्स फ्री देवभूमि' के तहत नशे के खिलाफ भाजपा नेत्री ने चलाया जन जागरूकता अभियान

देहरादून कैनविज टाइम्स संवाददाता। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा शुरू किए गए 'मिशन ड्रग्स फ्री देवभूमि' एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में लाखामंडल स्थित शिव मंदिर परिसर में नशे के खिलाफ वृहद जन जागरूकता अभियान चलाया गया।कार्यक्रम में स्थानीय आम जनमानस के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान चौकी इंचार्ज नवीन खन्ना, लाखामंडल द्वारा सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। अभियान का मुख्य नारा ''ट्टथभ ड्ड्रप ध्ध ख्र्द्धद्धद्ध, गध ध्ध कृप्द्धप'' रहा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री एवं पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही भारत का भविष्य है। नशा न सिर्फ एक इंसान को बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। उन्होंने युवाओं से हाथ जोड़कर अपील की कि अपने जोश को गलत दिशा में न जाने दें।भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने कहा, ''नशा छोड़ना कमजोरी नहीं, सबसे बड़ी ताकत है। सभी युवा खेल और पढ़ाई को अपना नशा बनाएं। सरकार ने नशा मुक्त भारत अभियान चलाया है। नशे की लत से परेशान कोई भी व्यक्ति मदद के लिए 14416 हेल्पलाइन पर कॉल कर सकता है।''

उन्होंने बहन-बेटियों की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि यह सरकार की पहली प्राथमिकता है।माताओं-बहनों से उन्होंने डरने के बजाय आवाज उठाने का आह्वान किया और भाइयों से कहा कि बहन-बेटियों का सम्मान करना ही असली मर्दानगी है।इस अवसर पर ग्राम प्रधान बीना भट्ट, आशा कार्यकर्ता सरोज बहुगुणा, व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश भाटिया, कुंवर सिंह, पंडित केशव शर्मा, ताजी राम बहुगुणा, डायरेक्टर डब्लू आर्य, लोक गायक बाबूराम शर्मा सहित समस्त व्यापार मंडल एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी ने नशे के दुष्प्रभावों पर अपने-अपने विचार रखे और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया है।

## दहेज उत्पीड़न में पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज, परिवार परामर्श केंद्र में नहीं हुआ था समझौता

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अतिरिक्त दहेज की मांग और उत्पीड़न के आरोप में पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है इससे पहले मामले को परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन पति के लगातार अनुपस्थित रहने के कारण समझौता नहीं हो सका मोहल्ला साहूकारा वार्ड नंबर 3 निवासी पूनम पत्नी सागर ने कोतवाली पूरनपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसका पति सागर पुत्र अजयपाल निवासी मोहल्ला गढ़ी, थाना पुवायां, जनपद शाहजहांपुर शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग करता था मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया गया और मारपीट कर घर से निकाल दिया गया पीड़िता ने पहले महिला परामर्श केंद्र में शिकायत दर्ज कर समझौते का प्रयास किया था परिवार परामर्श केंद्र द्वारा कई बार सूचना दिए जाने के बावजूद आरोपी पति किसी भी बैठक में उपस्थित नहीं हुआ 10 जून 2026 को पुलिस उपाधीक्षक पूरनपुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में भी उसके अनुपस्थित रहने के कारण समझौता संभव नहीं हो सका समझौते की प्रक्रिया विफल होने के बाद पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस मामले की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## प्लॉट का बैनामा कराने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप, न्यायालय के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्लॉट का बैनामा कराने के नाम पर रुपये लेकर धोखाधड़ी करने तथा बाद में जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पूरनपुर पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है मामला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय में दायर प्रार्थना पत्र के बाद सामने आया न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार ग्राम दुर्जनपुर कला मजरा जहूरगंज निवासी कुसमा देवी पत्नी काशीराम ने आरोप लगाया कि उनके पति काशीराम अगस्त 2025 में पूरनपुर स्थित एक फर्नीचर दुकान पर गए थे वहां मौजूद तसलीम और बनवारी लाल ने लाइनपार क्षेत्र में लगभग 100 वर्गगज का प्लॉट बेचने की बात कही सौदा 3.72 लाख रुपये में तय हुआ और 30 हजार रुपये बतौर बयाना ले लिए गए प्रार्थिनी के अनुसार 22 अगस्त 2025 को बैनामा कराने के लिए उपनिबंधक कार्यालय पहुंचने पर पता चला कि संबंधित प्लॉट नन्दलाल के नाम पर है बैनामा लिखे जाने के बाद नन्दलाल ने रजिस्ट्री कराने से इनकार कर दिया, जिससे उनका लगभग 24 हजार रुपये का अतिरिक्त खर्च भी हो गया आरोप है कि बाद में अवनीश मिश्रा, सलीम और मैसर जहां ने भरोसा दिलाया कि वे नन्दलाल को तैयार कर बैनामा करा देंगे इसी दौरान नन्दलाल को देने के नाम पर 50 हजार रुपये भी ले लिए गए इसके बावजूद 26 फरवरी 2026 को दोबारा बैनामा कराने पहुंचने पर आरोपियों ने कथित रूप से गाली-गलौज की और पैसे मांगने या बैनामे की बात करने पर जान से मारने की धमकी दी प्रार्थिनी का कहना है कि उसने थाना पूरनपुर और पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद न्यायालय के आदेशानुसार पूरनपुर पुलिस ने बनवारी लाल, सलीम, तसलीम, मैसर जहां, अवनीश मिश्रा और नन्दलाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी

## जयपुर में सड़क हादसे का शिकार हुआ शेरपुर का टेलर, मासूम बेटे के सिर से उठा पिता का साया

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। परिवार की आजीविका चलाने के लिए राजस्थान के जयपुर शहर में सिलाई का काम कर रहे शेरपुर निवासी जफर (35) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई बताया जाता है कि वह बाइक से किसी काम से जा रहे थे, तभी रास्ते में हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई परिजन शव को जयपुर से गांव लेकर आए, जहां गुरुवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया अंतिम विदाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार मौजूद रहे जफर का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व हुआ था और उनके पीछे पत्नी व एक मासूम बेटा है युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में मातम का माहौल बना हुआ है।

## अधिवक्ता प्रकरण में नया मोड़: आरोपी युवक ने फ़ेसबुक लाइव आकर मांगी माफी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश गुप्ता को फोन पर कथित रूप से अपमानित करने और धमकी देने के मामले में नया मोड़ सामने आया है आरोपों के घेरे में आए युवक विशाल वर्मा ने फ़ेसबुक पर लाइव आकर अपनी गलती स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है बताया जा रहा है कि अधिवक्ता मुकेश गुप्ता द्वारा पुलिस को तहरीर देने और अधिवक्ताओं के विरोध के बाद विशाल वर्मा ने सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारण किया लाइव के दौरान उसने अपने व्यवहार पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उससे गलती हुई है और वह इसके लिए क्षमा चाहता है हालांकि, मामले में पुलिस जांच अभी जारी है। अधिवक्ता समुदाय का कहना है कि माफी मांगना अलग विषय है, लेकिन कानून के अनुसार मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए वहीं, पुलिस का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी

## खेत में भरे पानी में करंट उतरने से दो किसानों की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव हरपालपुर में शुक्रवार की सुबह धान की रोपाई के लिये खेत में भरे पानी में बिजली के खम्भे से केबल कटकर गिर गया जिससे पानी में करंट उतर आया जिसकी चपेट में आने से दो किसानों की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव हरपालपुर निवासी हीरालाल प्रजापति उम्र बावन वर्ष पुत्र गुरुदीन शुक्रवार की सुबह अपने खेत में पानी भर रहे थे वह खेत में पानी देखने के लिये गये हुये थे कि इसी बीच बिजली के खम्भे से केबल कटकर खेत में गिर गया और करंट उतर आया करंट की चपेट में आने से वह झुलस गये।इसी दौरान वहां से गुजर रहे रामबोध यादव उम्र पचपन वर्ष पुत्र शिवभरत यादव ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन जैसे ही उन्होंने हीरालाल को छुआ वह भी करंट की चपेट में आ गये और दोनों किसान मौके पर अचेत होकर गिर पड़े।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। एक साथ दो किसानों की मौत की खबर से गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। ग्रामीणों के अनुसार खेत में ट्यूबवेल से पानी भरा जा रहा था तभी विद्युत पोल से केबल टूटकर नीचे गिर गई और पानी में करंट उतर आया जिससे यह हादसा हुआ। ग्रामीण इस घटना के पीछे विद्युत विभाग को जिम्मेदार बता रहे हैं।इस सम्बंध में कोतवाली जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## सम्पादकीय

# दलबदल का खेल और राजनैतिक ईमानदारी

महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर उथल-पुथल दिखाई दे रही है। शिवसेना को एक बार फिर तोड़ने की खबरें हैं। जाहिर है यह टूट शिंदे गुट में नहीं, उद्धव ठाकरे गुट में करवाई जा रही है और इसके पीछे भी भाजपा का ही हाथ है, ऐसे आरोप लग रहे हैं। कम से कम छह सांसदों के शिंदे गुट में जाने की खबरें हैं। सांसद संजय राउत ने तो यहां तक आरोप लगाया है कि इन सांसदों को 15-15 करोड़ दिए गए हैं। यानी खुल कर खरीद-फरोख्त की बातें हो रही हैं। कुछ जगहों पर बाकायदा पोस्टर लगे हैं, जिसमें एकनाथ शिंदे की तस्वीर के साथ ऑपरेशन टाइगर लिखा हुआ है, साथ ही लिखा है वेट एंड वॉच, यानी देखो और इंतजार करो। याद रहे कि कुछ दिनों से ऑपरेशन टाइगर शब्द महाराष्ट्र के राजनैतिक गलियारों में घूम रहा है। टाइगर यानी शेर बाला साहेब ठाकरे की खड़ी की हुई शिवसेना की पहचान रहा है। एकनाथ शिंदे खुद को बाल ठाकरे का असली उत्तराधिकारी बताते हुए शिवसेना के नाम और निशान पर तो कब्जा कर ही चुके हैं, अब ऑपरेशन टाइगर कहकर वे यह बताना चाह रहे हैं कि शिवसेना के असली शेर उनके साथ ही रहेंगे। वैसे ये अब शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं के सोचने की बात है कि वे सर्कस में रिंग मास्टर के इशारों पर चलने वाले शेर को असली शेर मानते हैं या फिर जंगल में अपनी मर्जी से चलने वाले शेर को असली मानते हैं। शिवसेना का प्रतीक अब कौन सा शेर रहेगा, यह तो उसके कार्यकर्ता तय करेंगे। लेकिन इस देश की जनता को अब वाकई गंभीरता से सोचना होगा कि राजनैतिक दलों में टूट का जो सिलसिला नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से शुरु हुआ है, वो कहां जाकर थमेगा और तब तक क्या लोकतंत्र जिंदा रह पाएगा। चार साल पहले जब शिवसेना को पहली बार तोड़कर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर भाजपा ने बिठाया था, तब इसे ऑपरेशन लोटस नाम दिया गया था। कर्नाटक, मध्यप्रदेश आदि में भी यही नाम चला, जबकि यह प्रकृ ति की एक अनुपम रचना कमल के फूल का अपमान था। भाजपा ने कमल के फूल को अपना प्रतीक चिह्न बनाया है, तो कम से कम उसकी विशेषता को अपनाने की कोशिश भी करती कि कीचड़ में खिलकर भी वह बेदाग रहता है और इस खूबसूरती के साथ खिलता है कि देवताओं के अर्पण के योग्य रहे। कमल जैसे सकारात्मक, सुंदर प्रतीक के साथ ऑपरेशन नाम जोड़कर उसके कोमल सौंदर्य पर आघात किया जाता है, जिसमें लोकतंत्र का भी अपमान होता है। किसी दल के विधायकों या सांसदों को लालच और दबाव बनाकर अपने दल में केवल इसलिए शामिल करना, ताकि सत्ता पर कब्जा किया जा सके, राजनैतिक भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण है। भाजपा यही उदाहरण बार-बार लगातार पेश कर रही है। राजनैतिक विश्लेषक और मीडिया के कई लोग इसे मास्टर स्ट्रोक बता कर भ्रष्टाचार को सही ठहराने में लगे हैं। युद्ध और प्रेम में सब जायज है, जैसे वाक्य अनैतिकता को बढ़ावा देने वालों ने अपनी सुविधा से गढ़े हैं, जिसे नकारना चाहिए। सही केवल वही है जो नैतिकता और कानून की कसौटी पर खरा उतरे। इस लिहाज से देखें तो भाजपा के चलाए दल-बदल ऑपरेशन सही नहीं हैं। अगर किसी की विचारधारा बदल जाए और फिर वह पार्टी बदले तो वह ठीक है। लेकिन आप किसी पार्टी और उसके चुनाव चिह्न पर लड़ते हैं, जीत हासिल करते हैं और कुछ वक्त के बाद धुरविरोधी पार्टी में चले जाते हैं तो यह सीधे-सीधे उस जनता के साथ धोखा है जिसने आपको जिताया। जैसे प.बंगाल में इस समय तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों ने एक अनजानी पार्टी एनसीपीआई में विलय का ऐलान किया, ताकि वे एनडीए का समर्थन कर सकें।

# आखिरी आदमी की सांसों में बसा कर्मयोद्धा नेता

स्वतंत्रता के बाद भारत ने लंबी विकास यात्रा तय की है। जवाहरलाल नेहरू ने नवस्वतंत्र भारत की संस्थागत नींव रखी। लोकतंत्र, वैज्ञानिक चिंतन, सार्वजनिक संस्थानों, शिक्षा, अनुसंधान तथा औद्योगिक विकास की आधारशिला उन्हीं के समय में रखी गई। किंतु समय के साथ यह भी स्पष्ट हुआ कि योजनाएं बनाना और उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना दो अलग-अलग चुनौतियां हैं। दशकों तक सरकारी योजनाओं और लाभार्थियों के बीच बिचौलियों की एक लंबी श्रृंखला खड़ी रही, जिसके कारण विकास का बड़ा हिस्सा रास्ते में ही समाप्त हो जाता था। वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था। आर्थिक सुस्ती, भ्रष्टाचार के आरोप, अधूरी परियोजनाएं, प्रशासनिक जड़ता और जनता में घटता विश्वास प्रमुख चिंताएं थीं। ऐसे समय में उन्होंने शासन की परंपरागत शैली को बदलते हुए तकनीक, पारदर्शिता और जवाबदेही को केंद्र में रखा। यह परिवर्तन केवल नीतियों का नहीं, बल्कि शासन के दर्शन का परिवर्तन था। मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली का विस्तार है।

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में कुछ व्यक्तित्व केवल राजनीतिक नेतृत्व तक सीमित नहीं रहते, वे एक युग का निर्माण करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व ऐसा ही एक युगबोध बनकर उभरा है। जून 2026 में उन्होंने स्वतंत्र भारत के इतिहास में लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि केवल दिनों की संख्या का रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि उस विश्वास, जनसमर्थन और विकास-यात्रा का प्रतीक है, जिसने भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था, शासन-प्रणाली और वैश्विक छवि को नई दिशा दी है। लोकतंत्र में किसी नेता की वास्तविक सफलता उसके पद की अवधि से नहीं, बल्कि उसके कार्यों के प्रभाव से मापी जाती है। यदि शासन की कसौटी अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है, तो मोदी युग का सबसे बड़ा योगदान यही है कि उसने विकास को सरकारी फाइलों और घोषणाओं से निकालकर सामान्य नागरिक के जीवन तक पहुंचाया है। यह वही अवधारणा है जिसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 'अंत्योदय' कहा था-समाज के अंतिम व्यक्ति का उदय। स्वतंत्रता के बाद भारत ने लंबी विकास यात्रा तय की है। जवाहरलाल नेहरू ने नवस्वतंत्र भारत की संस्थागत नींव रखी। लोकतंत्र, वैज्ञानिक चिंतन, सार्वजनिक संस्थानों, शिक्षा, अनुसंधान तथा औद्योगिक विकास की आधारशिला उन्हीं के समय में रखी गई। किंतु समय के साथ यह भी स्पष्ट हुआ कि योजनाएं बनाना और उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना दो अलग-अलग चुनौतियां हैं। दशकों तक सरकारी योजनाओं और लाभार्थियों के बीच बिचौलियों की एक लंबी श्रृंखला खड़ी रही, जिसके कारण विकास का बड़ा हिस्सा रास्ते में ही समाप्त हो जाता था। वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था। आर्थिक सुस्ती, भ्रष्टाचार के आरोप, अधूरी परियोजनाएं, प्रशासनिक जड़ता और जनता में घटता विश्वास प्रमुख चिंताएं थीं। ऐसे समय में उन्होंने शासन की परंपरागत शैली को बदलते हुए तकनीक, पारदर्शिता और जवाबदेही को केंद्र में रखा। यह परिवर्तन केवल नीतियों का नहीं, बल्कि शासन के दर्शन का परिवर्तन था। मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली का विस्तार है। जनधन खाते, आधार और मोबाइल तकनीक को जोड़कर एक ऐसी व्यवस्था विकसित की गई, जिसने सरकारी सहायता को सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाना संभव बनाया। इससे न केवल भ्रष्टाचार और रिसाव में कमी आई, बल्कि करोड़ों लोगों को पहली बार यह अनुभव हुआ कि सरकार वास्तव में उनके द्वार तक पहुंच सकती है। गरीब, किसान, महिला, छात्र, वृद्ध और श्रमिक-सभी वर्गों को इसका लाभ मिला। वित्तीय समावेशन की दिशा में जनधन योजना ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई। जिन परिवारों के पास कभी बैंक खाता नहीं था, वे औपचारिक बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा बने। यह केवल बैंक खाते खोलने की योजना नहीं थी, बल्कि आर्थिक सशक्तीकरण का एक नया अध्याय था। इसी प्रकार उज्ज्वला योजना ने करोड़ों महिलाओं को धुएं से भरे रसोईघरों से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ ईंधन ने उनके स्वास्थ्य, सम्मान और जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन किया। मोदी युग की एक बड़ी पहचान आधारभूत संरचना का अभूतपूर्व विस्तार भी है। सड़कों, एक्सप्रेस-वे, रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और डिजिटल नेटवर्क के क्षेत्र में जिस गति से कार्य हुआ, उसने विकास को नए पंख दिए। आज छोटे शहर भी हवाई संपर्क से जुड़ रहे हैं। गांवों तक सड़कें पहुंच रही हैं। रेलवे का तीव्र आधुनिकीकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें भारत की तकनीकी क्षमता और आत्मविश्वास का प्रतीक बन गई हैं। आवास योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए। जिन लोगों ने वर्षों तक कच्ची झोपड़ियों में जीवन बिताया, उनके लिए अपना घर केवल एक भवन नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। इसी प्रकार जल जीवन मिशन ने करोड़ों घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य किया। शौचालय निर्माण अभियान ने स्वच्छता को जनांदोलन का रूप दिया। ये परिवर्तन केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि जीवन स्तर में दिखाई देते हैं। कृषि क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम ने किसानों के लिए आय के नए अवसर खोले हैं। किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि ऊर्जादाता के रूप में भी उभर रहे हैं। जैव ईंधन, प्राकृतिक खेती, कृषि अवसंरचना और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के प्रयास किए गए हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है। डिजिटल इंडिया अभियान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। आज भारत का डिजिटल भुगतान मॉडल दुनिया के लिए अध्ययन का विषय बन गया है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने आर्थिक लेन-देन को सरल, तेज और पारदर्शी बनाया है। डिजिटल तकनीक का उपयोग केवल सुविधा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सुशासन का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, व्यापार और प्रशासन-हर क्षेत्र में डिजिटल क्रांति का प्रभाव दिखाई देता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज भारत केवल एक विकासशील राष्ट्र के रूप में नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की क्षमता वाले देश के रूप में देखा जा रहा है। जी-20 की सफल अध्यक्षता, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावशाली उपस्थिति, वैश्विक संकटों में संतुलित भूमिका और विकासशील देशों की आवाज बनने का प्रयास भारत की बढ़ती शक्ति को दर्शाता है। इनदिनों के जी-7 शिखर सम्मेलन में सदस्य न होने पर भी मोदी का दबदबा होना-विदेश नीति में आत्मविश्वास और संतुलन के नये स्वर दृशाता है। मोदी युग की एक विशेषता यह भी है कि उसने राष्ट्रवाद को विकास से जोड़ा है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प केवल आर्थिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास का अभियान है। रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष अनुसंधान, स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार और विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ती गतिविधियां इसी सोच का परिणाम हैं। भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता और नवप्रवर्तक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास-ये केवल राजनीतिक नारे नहीं, बल्कि शासन के मार्गदर्शक सूत्र के रूप में स्थापित हुए हैं। इनका उद्देश्य विकास को समावेशी बनाना है, ताकि समाज का कोई वर्ग पीछे न रह जाए। यही कारण है कि विकास योजनाओं का केंद्र अब वही व्यक्ति है, जो कभी व्यवस्था के हाशिए पर खड़ा था। निस्संदेह, किसी भी लंबे शासनकाल की तरह मोदी सरकार की नीतियों और निर्णयों पर बहस और आलोचना भी होती रही है। लोकतंत्र में यह स्वाभाविक और आवश्यक है। किंतु यह भी सत्य है कि पिछले बारह वर्षों में शासन की कार्यशैली, विकास की गति और नागरिकों की अपेक्षाओं में एक व्यापक परिवर्तन दिखाई देता है। आज नागरिक केवल वादे नहीं सुनना चाहता, बल्कि परिणाम देखना चाहता है। यही लोकतांत्रिक परिपक्वता की पहचान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी विशेषता शायद यही है कि उन्होंने शासन को एक जनांदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया है। वे स्वयं को शासक नहीं, बल्कि 'प्रधान सेवक' के रूप में प्रस्तुत करते हैं। उनकी कार्यशैली में निरंतरता, परिश्रम, लक्ष्य के प्रति समर्पण और राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का भाव दिखाई देता है। यही कारण है कि वे देश के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते हैं और विश्व मंच पर भी एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के रूप में स्थापित हुए हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प केवल आर्थिक समृद्धि का लक्ष्य नहीं है। यह एक ऐसे भारत की परिकल्पना है जो आत्मनिर्भर, समावेशी, तकनीकी रूप से उन्नत, सांस्कृतिक रूप से आत्मविश्वासी और सामाजिक रूप से संवेदनशील हो। इस दिशा में मोदी युग ने अनेक आधारभूत परिवर्तन किए हैं, जिनका प्रभाव आने वाले दशकों में और अधिक स्पष्ट होगा। आज जब भारत अमृतकाल की यात्रा पर अग्रसर है, तब यह कहा जा सकता है कि नरेंद्र मोदी का योगदान केवल योजनाओं और परियोजनाओं तक सीमित नहीं है। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में यह विश्वास जगाया है कि परिवर्तन संभव है, विकास सबका अधिकार है और राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। अंत्योदय से विकसित भारत तक की यह यात्रा उसी विश्वास, संकल्प और कर्मयोग की कहानी है, जिसने आधुनिक भारत के निर्माण को नई गति और नई दिशा प्रदान की है। – **ललित गर्ग**

# ट्रंप के राजनीतिक समर्थन के कूटनीतिक निहितार्थ

**राज कुमार सिन्हा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यह संकेत देना कि किसी बाहरी हमले की स्थिति में अमेरिका भारत के साथ खड़ा होगा, अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश माना जा रहा है। हालांकि इसे औपचारिक सुरक्षा गारंटी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, लेकिन यह स्पष्ट रूप से बताता है कि अमेरिका भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख रणनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करना चाहता है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन और भारत-चीन सीमा विवाद जैसे मुद्दों ने भारत की सामरिक भूमिका को पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। इसी कारण अमेरिका भारत के साथ रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और भू-राजनीतिक सहयोग को लगातार विस्तार दे रहा है। हालांकि भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग अभूतपूर्व रूप से बढ़ा है, लेकिन दोनों देशों के बीच ऐसा कोई सैन्य गठबंधन या कानूनी समझौता नहीं है, जैसा कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन ( नाटो ) के सदस्य देशों के बीच होता है। इसलिए ट्रंप के किसी भी बयान को औपचारिक सैन्य प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि एक राजनीतिक और रणनीतिक संकेत के रूप में ही देखा जाना चाहिए। भारत और अमेरिका ने पिछले वर्षों में रक्षा सहयोग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। दोनों देशों के बीच सैन्य अभ्यास, तकनीकी साझेदारी, खुफिया सहयोग और रक्षा उत्पादन में तेजी आई है। इसके बावजूद भारत ने अपनी विदेश नीति की मूल भावना यानी रणनीतिक स्वायत्तता को बरकरार रखा है। भारत किसी एक शक्ति-गुट का हिस्सा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर निर्णय लेने की नीति पर कायम है। यहीं सबसे बड़ी चुनौती भी मौजूद है। डोनाल्ड ट्रंप का राजनीतिक व्यवहार अक्सर अप्रत्याशित रहा है। एक ओर वे भारत को महत्वपूर्ण साझेदार बताते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत के निर्यात पर टैरिफ लगाने, रूस से तेल खरीदने पर आलोचना करने और व्यापारिक दबाव बनाने से भी नहीं हिचकिचाते। इससे यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका की विदेश नीति स्थायी मित्रता से अधिक अपने आर्थिक और सामरिक हितों पर आधारित होती है। भारत ने भी कई मौकों पर यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार नीति और विदेश नीति किसी बाहरी दबाव से संचालित नहीं होगी। रूस से तेल खरीदने का निर्णय भारत की ऊर्जा जरूरतों और आर्थिक हितों पर आधारित है। 140 करोड़ की आबादी वाले देश के लिए सस्ती और स्थिर ऊर्जा आपूर्ति केवल कूटनीतिक दबावों के आधार पर तय नहीं की जा सकती। भारत-अमेरिका संबंधों में एक अन्य संवेदनशील विषय भारत-पाकिस्तान मुद्दा है। ट्रंप कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को कम कराने या युद्ध रुकवाने में भूमिका निभाई है। भारत ने लगातार इन दावों को खारिज करते हुए दोहराया है कि जम्मू-कश्मीर सहित सभी द्विपक्षीय मुद्दे केवल भारत और पाकिस्तान के बीच ही सुलझाए जाएंगे और किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है। दूसरी तरफ रूस आज भी भारत का सबसे पुराना और भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार बना हुआ है। शीत युद्ध के समय से ही तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र में कई महत्वपूर्ण अवसरों पर भारत का समर्थन किया। आज भी भारत की सैन्य संरचना का बड़ा हिस्सा रूसी उपकरणों पर आधारित है। परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान और रक्षा तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गहरे संबंध बने हुए हैं।भारत और रूस का संबंध केवल खरीदार-विक्रेता का नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी का है। भारत के लिए आने वाला दशक किसके साथ खड़ा होना है का नहीं, बल्कि सभी के साथ संतुलन बनाकर अपने हितों को सुरक्षित रखने का होगा। भारत अब किसी सैन्य गुट का अनुयायी नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अमेरिका भारत के लिए प्रौद्योगिकी, निवेश और चीन के बढ़ते प्रभाव के संतुलन का महत्वपूर्ण साझेदार है, जबकि रूस ऊर्जा, रक्षा और दीर्घकालिक रणनीतिक भरोसे का आधार बना हुआ है। भारत की वास्तविक ताकत इसी बहुध्रुवीय कूटनीति में निहित है। ट्रंप के बयानों को भारत के लिए स्थायी सुरक्षा गारंटी मानना जल्दबाजी होगी। अमेरिकी राजनीति में नेतृत्व बदलने के साथ नीतियां भी बदल जाती हैं। इसलिए भारत को किसी एक देश पर निर्भर होने के बजाय अपनी सैन्य आत्मनिर्भरता, आर्थिक शक्ति और कूटनीतिक स्वतंत्रता को और मजबूत करना होगा। 21वीं सदी की नई विश्व व्यवस्था में भारत की सबसे बड़ी सफलता यही होगी कि वह अमेरिका के साथ साझेदारी, रूस के साथ भरोसा और वैश्विक दक्षिण के साथ नेतृत्व,इन तीनों को एक साथ संतुलित रख सके। यही भारत की वास्तविक रणनीतिक शक्ति है।

## सेहत मंत्र

# आंतों की नियमित सफाई के लिए हरड़ का करें सेवन

हरड़ या हरीतकी का वृक्ष 60 से 80 फुट ऊंचा होता है। प्रधानतः यह निचले हिमालय क्षेत्र में रावी तट से बंगाल आसाम तक लगभग पांच हजार फुट की ऊंचाई तक पाया जाता है। इसकी छाल गहरे भूरे रंग की होती है तथा पत्तों का आकार वासा के पत्तों जैसा होता है। सर्दियों में इसमें फल आते हैं जिनका भंडारण जनवरी से अप्रैल के बीच किया जाता है। मौटे तौर पर हरड़ के दो प्रकार हैं? बड़ी हरड़ और छोटी हरड़। बड़ी हरड़ में सख्त गुठली होती है जबकि छोटी हरड़ में कोई गुठली नहीं होती। वास्तव में वे फल जो गुठली पैदा होने से पहले ही तोड़कर सुखा लिए जाते हैं उन्हें ही छोटी हरड़ की श्रेणी में रखा जाता है। आयुर्वेद के अनुसार छोटी हरड़ का प्रयोग निरापद होता है क्योंकि आंतों पर इसका प्रभाव सौम्य होता है। वनस्पति शास्त्र के अनुसार हरड़ के तीन अन्य भेद हो सकते हैं। पक्वफल, अर्धपक्व फल तथा पीली हरड़। छोटी हरड़ को ही अधिपक्व फल कहते हैं जबकि बड़ी हरड़ को पक्वफल कहते हैं। पीली हरड़ का गूदा काफी मोटा तथा स्वाद कसैला होता है। फलों के स्वरूप, उत्तत्ति स्थान तथा प्रयोग के आधार पर हरड़ के कई अन्य भेद भी किए जा सकते हैं। नाम कोई भी हो चिकित्सकीय प्रयोगों के लिए डेढ़ तोले से अधिक भार वाली, बिना छेद वाली छोटी गुठली तथा बड़े खोल वाली हरड़ ही प्रयोग की जाती है। टेनिक अम्ल, गलिक अम्ल, चेबूलीनिक अम्ल जैसे ऐस्ट्रिन्जेन्ट पदार्थ तथा एन्थ्राक्वीनिन जैसे रोचक पदार्थ हरड़ के रासायनिक संगठन का बड़ा हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त इसमें जल तथा अन्य अघुलनशील पदार्थ भी होते हैं। इसमें 18 प्रकार के अमीनो अम्ल मुक्तावस्था में पाए जाते हैं। बवासीर, सभी उदर रोगों, संग्रहणी आदि रोगों में हरड़ बहुत लाभकारी होती है। आंतों की नियमित सफाई के लिए नियमित रूप से हरड़ का प्रयोग लाभकारी है। लंबे समय से चली आ रही पेचिश तथा दस्त आदि से छुटकारा पाने के लिए हरड़ का प्रयोग किया जाता है। सभी प्रकार के उदरस्थ कृमियों को नष्ट करने में भी हरड़ बहुत प्रभावकारी होती है। अतिसार में हरड़ विशेष रूप से लाभकारी है। यह आंतों को संकुचित कर रक्तस्राव को कम करती हैं वास्तव में यही रक्तस्राव अतिसार के रोगी को कमजोर बना देता है।

## धर्म मंत्र

# श्रीकृष्ण के तीन पौराणिक मंत्र किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देते

भगवान श्रीकृष्ण संबंधी मंत्र तो बहुत हैं लेकिन कुछ खास मंत्रों का ही प्रचलन और महत्व है। यहां प्रस्तुत हैं कृष्ण के सरल एवं पौराणिक मंत्र सभी मंत्र को जपने से पूर्व एक बार ? श्री कृशणाय शरणं मम। मंत्र का उच्चारण अवश्य करें। पहले मंत्र के लिए पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। स्नान पश्चात कुश के आसन पर बैठकर सुबह और शाम संध्या वंदन के समय उक्त मंत्र का 108 बार जाप करें। यह मंत्र जीवन में किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देगा।

ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने, प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥ दूसरा मंत्र संकटकाल में दोहराया जाता है। जब कभी भी व्यक्ति को आकस्मिक संकट का सामना करना पड़ता है तो तुरंत ही पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ उक्त मंत्र का जाप कर संकट से मुक्ति पाई जा सकती है। ॐ नमः भगवते वासुदेवाय कृष्णाय, क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः। तीसरा मंत्र निरंतर दोहराते रहना चाहिए। उक्त मंत्र को चलते-फिरते उठते-बैठते और कहीं भी किसी भी क्षण में दोहराते रहने से कृष्ण से जुड़ाव रहता है। इस तरह से श्री कृष्ण का निरंतर ध्यान करने से व्यक्ति कृष्ण धारा से जुड़कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग पुष्ट कर लेता है।

'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे।, हरे राम हरे राम, राम-राम हरे-हरे। कृष्ण मंत्रों का महत्व-उक्त मंत्र के महत्व को समझते हुए अन्य की ओर जो अपना मन नहीं लगाता वह कृष्ण की शरण में होता है और जो कृष्ण की शरण में है उसे किसी भी प्रकार के रोग और शोक सता नहीं सकते।

## पर्यटन



# दार्जिलिंग की वादियां जितनी हसीन हैं उससे भी ज्यादा हैं दिलकश

कंचनजंगा की बर्फ से ढकी विशाल चोटियों के बीच बसे पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग शहर की वादियां जितनी हसीन हैं, उससे भी ज्यादा दिलकश है वहां तक पहुंचने का रास्ता। गर्मियों में कूल एहसास के लिए चलते हैं इस बेमिसाल शहर के सफर पर.. दार्जिलिंग पश्चिम बंगाल का एक बड़ा शहर है। यह हमेशा से ब्रिटिश हुकूमत की आंखों का तारा रहा और उन्हीं के राज में यहां चाय की खेती फली-फूली। आज दार्जिलिंग टी पूरी दुनिया में मशहूर है। समुद्र तल से 6,710 फीट की ऊंचाई पर बसा यह शहर आज भी अपनी इमारतों में ब्रिटिश राज के उस दौर को जिंदा रखे हुए है। दार्जिलिंग की वादियां जितनी हसीन और दिलकश हैं, उससे भी ज्यादा दिलफरेब वहां तक पहुंचने का रास्ता है। दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे हिमालयन रेलवे की छोटी लाइन पर चलने वाली खिलौना रेलगाड़ी जिसे 'टॉय ट्रेन' भी कहते हैं, न्यू जलपाईगुड़ी से दार्जिलिंग पहुंचने का बहुत पुराना और सैलानियों का पसंदीदा तरीका है। मात्र दो फीट के नैरो गेज पर छुक-छुक करके दौड़ने वाली इस हिमालयन रेल को यूनेस्को ने विश्र्व धरोहर का दर्ज़ा दिया है। हिमालय का गेट कहे जाने वाले शहर न्यू जलपाईगुडी से चलकर यह ट्रेन सड़क मार्ग के साथ आंख मिचौली खेलती हुई सड़क के बराबर-बराबर चलती है और बीच में चुपके से जंगल में गायब भी हो जाती है। न्यू जलपाईगुडी से दार्जिलिंग तक 88 किमी. की दूरी तय करते हुए चाय के बागानों के बीच से गुजरती हुई यह ट्रेन आपको प्रकृति के इतने नजदीक ले जाती है कि आप सब कुछ भूल कर उस रमणीकता का हिस्सा बन जाते हैं। कितने ही लूप और ट्रैक बदलती हुई यह ट्रेन पहाड़ी गांवों और कस्बों से मिलती-मिलाती किसी पहाड़ी बुजुर्ग की तरह 6-7 घंटों में धीरे-धीरे सुस्ताती हुई दार्जिलिंग पहुंचती है। इस रास्ते पर पड़ने वाले स्टेशन भी अंग्रेजों के जमाने की याद ताजा कराते हैं।

# पीडीए आरक्षण घोटाले को लेकर सपा का हमला, डबल इंजन सरकार पर सामाजिक न्याय से खिलवाड़ का गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। समाजवादी पार्टी ने पीडीए (पिछड़ा, दलित और आधी आबादी) समाज के आरक्षण अधिकारों के मुद्दे पर भाजपा की डबल इंजन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल?ते हुए उसे सामाजिक न्याय और संविधान की मूल भावना के विरुद्ध कार्य करने वाला बताया। छाया चौराहा स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी नेताओं ने आरक्षण के मुद्दे को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

मीडिया से सपा के कद्दावर पूर्व मंत्री गोप, राकेश वर्मा व फरीद महफूज किदवई रूबरू हुए। सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, जैदपुर विधायक गौरव रावत सहित अन्य नेताओं ने डबल इंजन सरकार पर जबरदस्त हल्ला बोला।कहा कि भाजपा सरकार ने विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण नियमों की अनदेखी कर पीडीए वर्ग के युवाओं के अधिकारों का हनन किया है। नेताओं का आरोप था कि 22 भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण व्यवस्था के अनुसार पीडीए वर्ग को 46,817 पद मिलने चाहिए थे, लेकिन केवल 35,303 पद ही दिए गए। इस प्रकार 11,514 पदों से वंचित कर आरक्षण की खुली लूट की गई। उन्होंने 69 हजार शिक्षक भर्ती, वन एवं वन्यजीव रक्षक भर्ती तथा अन्य चयन प्रक्रियाओं का भी उल्लेख करते हुए सरकार पर आरक्षित वर्गों के अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया।

सपा नेताओं ने कहा कि आरक्षण कोई दया या कृपा नहीं बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकार है। भाजपा सरकार सामाजिक न्याय की अवधारणा को कमजोर कर रही है, जिसे समाजवादी पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी गांव-गांव और घर-घर जाकर इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी तथा छात्रों, नौजवानों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार से कथित आरक्षण घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि पीडीए समाज के अधिकारों की अनदेखी जारी रही तो समाजवादी पार्टी व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी। इस अवसर पर पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया संस्थानों के पत्रकार उपस्थित रहे।

# महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर काव्यांजलि, व्यंग्यकार 'लल्लू' का जन्मोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। साहित्य साधना संस्थान के तत्वावधान में विकास भवन परिसर में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि पं. राम किशोर तिवारी 'किशोर' ने तथा संचालन ओज कवि डॉ. अंबरीश अंबर ने किया। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान हास्य-व्यंग्य रचनाकार एवं संस्थान के उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' का जन्मदिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया तथा उन्हें शाल, पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, समाजसेवियों और साहित्य प्रेमियों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

## विधिक साक्षरता शिविर, नशे के दुष्प्रभावों पर किया जागरूक

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को कोतवाली बदोसराय परिसर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक राम अवतार सरोज ने की। अधिकार मित्र अजीत सिंह ने उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान तथा नशे के कारण बढ़ रहे अपराधों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों के साथ स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## केवाईसी के बहाने ठेले वाले के खाते से 24 हजार रुपये उड़ाए

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी कस्बे में दो बाइक सवार युवकों ने फोन–पे की केवाईसी कराने का झांसा देकर एक ठेला संचालक के खाते से 24 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित आकाश राठौर ने बताया कि दोनों युवक खुद को कंपनी का कर्मचारी बताकर उसका मोबाइल लेकर केवाईसी करने लगे और आवश्यक जानकारी हासिल कर ली। कुछ देर बाद मोबाइल पर मैसेज आने पर खाते से रुपये निकलने की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## चौपाल में सुना ,जन समस्याएं

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत खंडसरा एवं सिरसईपुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जहां अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की। ग्राम पंचायत खंडसरा में ग्राम पंचायत सचिव भूपेंद्र श्रीवास्तव ने ग्राम प्रधान राम किशोर के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौपाल में किसान सम्मान निधि एवं परिवार रजिस्टर की नकल से संबंधित दो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें परिवार रजिस्टर नकल का मामला मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया, जबकि किसान सम्मान निधि से संबंधित प्रार्थना पत्र को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित को दिया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव भूपेंद्र श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि खंडसरा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में उनका यह पहला दिन है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी समस्याओं का त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

वहीं ग्राम पंचायत सिरसईपुर में एडीओ एमआई अनुराग कुमार ने ग्राम पंचायत सचिव महमूद अंसारी के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। यहां परिवार रजिस्टर नकल से संबंधित दो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। ग्राम चौपाल के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा किसी भी समस्या के लिए सीधे पंचायत स्तर पर संपर्क करने की अपील की।

## पुलिया से टकराई बाइक, युवक की मौत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के शेखनपुरवा मजरे अलीनगर निवासी सूरज गौतम (24) की शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में मौत हो गई। वह मरकामऊ से घर लौट रहा था, तभी जलपापुर के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई।

हादसे में सूरज की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक कानपुर में सिलाई का काम करता था और एक सप्ताह पहले ही घर आया था। उसके परिवार में पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

## पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव,

रामसनेहीघाट, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। चौरी आलादासपुर गांव में शुक्रवार सुबह खेत में नीम के पेड़ से 55 वर्षीय बदलू रावत का शव गमछे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक रात में घर के बाहर सो रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सूचना विभाग ने शुरू किया 'सूचना प्रवाह' यूट्यूब चैनल

बाराबंकी/ लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने डिजिटल संचार को मजबूत करने के लिए अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' का शुभारंभ किया। चैनल के माध्यम से सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों, महत्वपूर्ण निर्णयों और जनहित कार्यक्रमों की प्रमाणिक जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। चैनल का शुभारंभ सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने किया।

## पुलिस ने दतेहरेश्वर मंदिर के पुजारी के हमलावरों को भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने दतेहरेश्वर मंदिर के पुजारी पर प्राणघातक हमला करने वाले दो नामजद युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर एक लोहे की रॉड व एक बांस का डंडा बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर पंवारा स्थित प्राचीनतम दतेहरेश्वर मंदिर के पुजारी वीरेंद्र कुमार गोस्वामी पर गांव अकबरपुर फर्शी में मामूली कहासुनी पर मनबढ़ लोगों द्वारा पिटाई कर लहुलुहान कर दिया गया था। पुलिस ने घायल पुजारी की मां कर्मा देवी की तहरीर पर तीन नामजद और एक अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस घटना को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों ने काफी नाराजगी जताई थी लेकिन स्थानीय पुलिस ने आनन फानन में मौके की नजाकत को भांपकर त्वरित कड़ी कार्यवाही करते हुये आम जनमानस को यह संदेश दिया कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले लोगों को बख्शा नही जायेगा। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर नामजद आरोपी मोहम्मद कलीम पुत्र मोहम्मद अमीन, मोहम्मद हलीम खान पुत्र मोहम्मद अमीन निवासीगण ग्राम अकबरपुर फर्शी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर एक लोहे की रॉड व एक बांस का डंडा बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने वृद्धाश्रम में बांटे फल, लंबी उम्र की कामना की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सफ़ेदाबाद स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरण कर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डा.पी.एल पुनिया एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने बुजुर्गों के स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर पी.एल. पुनिया ने कहा कि राहुल गांधी देश में भ्रष्टाचार, चुनावी अनियमितताओं और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी को लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता की आवाज के लिए संघर्षरत नेता बताया। फल वितरण कार्यक्रम के बाद ओबरी स्थित सांसद आवास पर केक काटकर राहुल गांधी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, अजीत वर्मा, शिव बहादुर वर्मा, अखिलेश वर्मा, राम हरख रावत, शबनम वारसी, सूरज रावत, पंकज यादव, अजय रावत, अनुराग यादव, रमेश कश्यप, श्रीकांत मिश्रा, आनंद गौतम, विजय पाल गौतम, आर.डी. राव, मोहम्मद अरशद अहमद, कौशल किशोर वर्मा, मोहम्मद जीशान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती से बनेगा स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत : कार्यशाला में किसानों को दिया गया संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। कृषि विज्ञान केंद्र, हैदरगढ़ में आयोजित द्विदिवसीय जनपद स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला-2026 में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आय बढ़ाने, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण तथा मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी होने पर किसानों को अग्रिम शुभकामनाएं दी गईं तथा आगामी 25 जून को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के किसान संवाद कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 21 बटुकों का यज्ञोपवीत, भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के मलौली ग्राम स्थित श्रीपंचमुखी हनुमत धाम दंडी संन्यासी आश्रम एवं जगतगुरुकुलम में 21 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार वैदिक रीति रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ।प्रातः7 बजे से दोपहर 12 बजे तक चले कार्यक्रम में देवी देवताओं का पूजन गुरु पूजन गुरु दत्त दीक्षा संस्कार और आरती सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता एवं पूर्व प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा पंडित सिद्धार्थ अवस्थी तथा दंडी स्वामी श्रीअसम्भव संभवानंद सरस्वती जी महाराज के मार्गदर्शन में हुआ।विद्वान आचार्यों ने बटुकों को भारतीय संस्कृति धर्म और सामाजिक दायित्वों का महत्व बताया।संस्कार के उपरांत आश्रम परिसर के बाहर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे का शुभारंभ पंडित सिद्धार्थ अवस्थी ने किया।इससे पूर्व साधु संतों ने पंचमुखी हनुमान जी को भोग अर्पित किया।इस अवसर पर साध्वी जानकी वैष्णव सुप्रिया अवस्थी आशीष चेयरमैन रामशरण पाठक शिवप्रकाश अवस्थी एमएलसी हरगोविंद सिंह उप जिलाधिकारी आनंद कुमार तिवारी एके त्रिपाठी रामबाबू यादव रामनगर स्टेट की रानी मृणालिनी सिंह व ट्रस्ट उपाध्यक्ष रामबाबू द्विवेदी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक साधु संत और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# किशोरी से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर साइकिल से घर लौट रही 15 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर के अनुसार, उनकी बेटी भगवानपुर चौराहे से सामान लेकर साइकिल से घर लौट रही थी। काशीपुर गांव के पास बाइक सवार एक व्यक्ति ने उससे अश्लील हरकतें और छींटाकशी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी का हाथ पकड़ लिया। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपी को दबोच लिया।

कोतवाली प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि आरोपी महताब आलम पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी बसौली, थाना पटरंगा जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर लिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## अवैध टैक्सी स्टैंड और बेलगाम ई-रिक्शा से चरमराई यातायात व्यवस्था, लोग रोज जाम में परेशान

सुल्तानपुर। शहर की यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती नजर आ रही है। शहर के सबसे व्यस्त इलाकों गंदानाला, चौक, शाहगंज, बाधमंडी, रेलवे स्टेशन रोड, कुड़वार नाका, नेशनल सिनेमा रोड और पंचरास्ता में डग्गामार वाहन और ई-रिक्शा चालक बिना रोक-टोक संचालन कर रहे हैं। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक बीच सड़क वाहन खड़ा कर सवारियां भरते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। कई स्थानों पर बिना निर्धारित रूट और बिना यातायात नियमों का पालन किए वाहन चलाए जा रहे हैं। नगर पालिका द्वारा निर्धारित टैक्सी स्टैंड के बजाय अन्य स्थानों से अवैध रूप से टैक्सी संचालन भी जाम की बड़ी वजह बन रहा है। गल्लामंडी चौराहा, सब्जीमंडी रोड ओवरब्रिज, मालगोदाम रोड, बाधमंडी, पयागीपुर, कुड़वार नाका ओवरब्रिज, राहुल चौराहा और डीएम आवास के पास खुलेआम सड़क किनारे वाहन खड़े कर सवारियां भरी जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस की मौजूदगी के बावजूद हालात में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा।

# अमरनाथ यात्रा, गोप करेंगे तीन ट्रक रवाना







कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्री बर्फानीश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा अमरनाथ यात्रा मार्ग के बालटाल क्षेत्र में 13वें विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा ने बताया कि 13,500 फीट की ऊंचाई पर लगने वाला यह उत्तर प्रदेश का एकमात्र भंडारा है, जिसकी तैयारियां लगभग दो माह पहले से शुरू हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि नागेश्वरनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद लंगर सामग्री का प्रस्थान कराया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बर्फानी के भक्तों की सेवा के लिए भंडारा लगाया जाएगा। इस बार दो ट्रकों के बजाय तीन ट्रकों में भंडारे की सामग्री जम्मू-कश्मीर रवाना की जाएगी। समिति के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप भंडारा प्रस्थान के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल रहेंगे। समिति से जुड़े श्रद्धालु और स्वयंसेवक यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सेवा में योगदान देंगे।

# भारत की नजरें 3-0 की क्लीन स्वीप पर

एजेंसी



चेन्नई। भारत शनिवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में अफ़ग़ानिस्तान के खिलाफ़ तीसरे और आखिरी वनडे में जब जीतेगा, तो उसकी नज़र सीरीज़ में ज़बरदस्त क्लीन स्वीप करने पर होगी। पहले दो मैचों में बड़ी जीत के साथ उसने तीन मैचों की सीरीज़ पहले ही 2-0 की अपराजेय बढ़त बनाकर अपने नाम कर ली है। मेज़बान टीम पूरे दौरे में ज़बरदस्त फ़ॉर्म में रही है, जिसकी शुरुआत धर्मशाला में सात विकेट से जीत से हुई और फिर लखनऊ में 170 रन की ज़बरदस्त जीत हासिल की, जहाँ उसने पहले बैटिंग करते हुए 400 रन का आंकड़ा पार किया। इन नतीजों ने भारत की बैटिंग की गहराई और बॉलिंग कंट्रोल को दिखाया है, जिससे अफ़ग़ानिस्तान के पास सीरीज़ में वापसी करने के लिए बहुत कम मौके बचे हैं। भारत का टॉप ऑर्डर सबसे खास रहा है, जिसकी कप्तानी कप्तान शुभमन गिल कर रहे हैं, जिन्होंने लगातार दो असरदार पारियों के साथ अपना मज़बूत वनडे रन जारी रखा है। उनकी ओपनिंग पार्टनरशिप और टॉप पर तेज़ी से रन बनाने ने बड़े टोटल के लिए प्लेटफ़ॉर्म तैयार किया है, जबकि ईशान किशन ने दूसरे वनडे में सेंचुरी सहित ज़बरदस्त सपोर्ट दिया है। सीनियर बैट्समैन रोहित शर्मा और केएल राहुल ने स्टेबिलिटी और फिनिशिंग स्ट्रेंथ जोड़ी है, जबकि इंडिया ने पूरी सीरीज में कॉम्बिनेशन के साथ एक्सपेरिमेंट किया है। सीरीज़ पहले ही पक्की हो चुकी है, इंडिया फिर से प्लेयर्स को रोटेट कर सकता है, जिससे यंग ऑप्शन्स को मौके मिलेंगे और साथ ही एक मज़बूत कोर भी बना रहेगा। बॉल से भी इंडिया उतना ही असरदार रहा है। लेफ्ट-आर्म पेसर अर्शदीप सिंह ने लगातार ब्रेकथ्रू देकर पेस अटैक को लीड किया है, जबकि स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी वैरिएशन से बीच के ओवर्स को कंट्रोल किया है। सपोर्टिंग बॉलर्स ने भी खास मौकों पर मदद की है, जिससे यह पक्का हुआ कि अफ़ग़ानिस्तान शायद ही कभी मोमेंटम बना पाया हो। इस बीच, अफ़ग़ानिस्तान दोनों डिपार्टमेंट में स्ट्रगल करने के बाद आखिरी वनडे में एक मज़बूत फिनिश की तलाश में उतरेगा। उनकी बैटिंग काफी हद तक ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज़ पर डिपेंड रही है, जो उनके सबसे खतरनाक प्लेयर रहे हैं और उन्होंने सीरीज़ में पहले सेंचुरी बनाई थी। हालांकि, मिडिल ऑर्डर से सपोर्ट की कमी ने बार-बार उनकी प्रोग्रेस को रोका है। अगर अफ़ग़ानिस्तान को एक कॉम्पिटिटिव टोटल बनाना है तो बैट्समैन इब्राहिम ज़दरान और कैप्टन हशमतुल्लाह शाहिदी से इनिंग्स को संभालने की उम्मीद होगी, जबकि एक्सपीरियंस्ड स्पिनर राशिद खान बॉल से उनके लिए मेन खतरा बने हुए हैं। चेपॉक की पारंपरिक रूप से धीमी पिच पर अफ़ग़ानिस्तान के स्पिन अटैक को मदद मिल सकती है, खासकर जब पिच घिस जाएगी। चेपॉक में चेन्नई की पिच से उम्मीद है कि शुरुआत में बैलेंस्ड मुकाबला होगा, फिर मैच आगे बढ़ने पर यह धीमी हो जाएगी और स्पिन को मदद मिलेगी। पहले, पहले बैटिंग करने वाली टीमें अक्सर वेन्यू पर टारगेट सेट करना पसंद करती थीं, लेकिन हाल के मैचों ने यह भी दिखाया है कि हालात के हिसाब से लाइट में भी टारगेट चेज़ किया जा सकता है। सीरीज़ पहले ही तय हो चुकी है, इसलिए आखिरी वनडे स्टैंडिंग से ज़्यादा गर्व और मोमेंटम के लिए ज़रूरी है। भारत अपना दबदबा बनाए रखने और क्लीन स्वीप करने की कोशिश करेगा, जबकि अफ़ग़ानिस्तान ज़्यादा कॉम्पिटिटिव परफ़ॉर्मेंस देने और भारतीय ज़मीन पर 3-0 से हार से बचने की कोशिश करेगा।

# अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में हर्षित राणा की वापसी

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार (19 जून) को पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मुकाबले के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया है। हर्षित राणा पिछले कुछ समय से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे थे। अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है और वह चेन्नई में भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच 20 जून को चेन्नई में तीसरा और आखिरी वनडे खेला जाएगा। 24 वर्षीय हर्षित राणा इस साल टी-20 विश्वकप से पहले अभ्यास मैच के दौरान घुटने की चोट का शिकार हो गए थे, जिसके बाद उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था। उनकी जगह टीम में मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया था। चोट के कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में भी हिस्सा नहीं ले सके और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मैदान पर नहीं उतर पाए। हालांकि लंबे पुनर्वास के बाद राणा को इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के साथ-साथ जापान में होने वाले एशियाई खेलों की संभावित योजनाओं में भी शामिल किया गया था। अब उनकी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी चेन्नई वनडे से ही हो सकती है, यदि उन्हें अंतिम एकादश में मौका मिलता है। हर्षित राणा ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला टी-20 विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम वनडे में उन्होंने तीन विकेट लेने के साथ निचले क्रम में 43 गेंदों पर 52 रन भी बनाए थे। अब तक खेले 14 वनडे मुकाबलों में वह 26 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। भारत फिलहाल तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाए हुए है। टीम ने धर्मशाला और लखनऊ में खेले गए पहले दो मुकाबले जीत लिए थे। श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला शनिवार (20 जून) को चेन्नई में खेला जाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार, हर्ष दुबे, यशस्वी जायसवाल, हर्षित राणा।

# संक्षिप्त समाचार

## दक्षिण कोरिया पर जीत से मैक्सिको नॉकआउट में पहुंचने वाला पहला देश बना

**गुआडालाजारा (मैक्सिको)।** लुइस रोमो ने दक्षिण कोरिया की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाते हुए गोल दागा जिससे सह मेजबान मैक्सिको 1-0 से जीत हासिल करके मौजूदा विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मैच जब गोलरहित बराबरी पर चल रहा था तब खेल के 58वें मिनट में दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम सेउंग-ग्यू और डिफेंडर ली गी-ह्युक के बीच टक्कर होने से गेंद पेनल्टी एरिया के अंदर छूट गई। रोमो के पास यह सुनहरा मौका था और उन्होंने गेंद को आसानी से खाली नेट में डालकर गोल कर दिया जो बाद में निर्णायक साबित हुआ। यह उस टीम के लिए बड़ी जीत है जो 2022 में ग्रुप चरण में जीत हासिल करने में नाकाम रही थी और अब उसने घरेलू मैदान पर उत्साहित दर्शकों के सामने दो बार जीत हासिल की है। मैक्सिको के खिलाड़ियों ने मैदान पर जश्न मनाया जबकि दर्शक एस्टाडियो एक्रोन के खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगा रहे और गीत गा रहे। खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। दक्षिण कोरिया ने 87वें मिनट में लगभग बराबरी कर ली थी लेकिन मैक्सिको के गोलकीपर राउल रेंगल ने दो शानदार बचाव करके खतरे को टाल दिया था। उन्होंने पहले चो ग्वे-सुंग के करीब से किए गए हेडर को रोका और फिर रिबाउंड पर यांग ह्यून-जून के प्रयास को और भी बेहतर तरीके से नाकाम किया। मैक्सिको के कोच जेवियर अगुइरे ने कहा, ''हम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। भले ही यह मैच आकर्षक नहीं था लेकिन मुझे लगता है कि दक्षिण कोरिया ने हमें खास मौके नहीं दिए। इसके बावजूद हम उनकी गलती का फायदा उठाने में सफल रहे। मैक्सिको ने दो मैचों में छह अंक हासिल करके ग्रुप ए में शीर्ष पर अपनी जगह सुनिश्चित की। वह अब दक्षिण कोरिया से तीन अंक तथा चेक गणराज्य और दक्षिण अफ्रीका से पांच अंक आगे हो गया है। चेक गणराज्य और दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले अटलांटा में अपना मैच 1-1 से ड्रॉ खेला था। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ आठ टीमें नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी। टूर्नामेंट में टीमों की संख्या बढ़ाकर 48 कर दिए जाने के बाद विश्व कप में पहली बार राउंड ऑफ 32 खेला जाएगा। मैक्सिको ने दक्षिण अफ्रीका पर 2-0 की जीत के साथ शुरुआत की थी, जबकि दक्षिण कोरिया ने चेक गणराज्य को 2-1 से हराया था। मैक्सिको बुधवार को मैक्सिको सिटी में चेक गणराज्य के खिलाफ ग्रुप चरण का अपना आखिरी मैच खेलेगा, जबकि दक्षिण कोरिया मॉन्टेरी में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। मैक्सिको ने इससे पहले मैक्सिको सिटी के बाहर अपने घरेलू मैदान पर कभी भी विश्व कप का कोई मैच नहीं जीता था। मौजूदा विश्व कप से पहले 1970 और 1986 के टूर्नामेंटों में खेले गए उसके नौ घरेलू विश्व कप मैचों में से एक को छोड़कर बाकी सभी मैच मैक्सिको सिटी के एस्टाडियो एज़्टेका स्टेडियम में खेले गए थे, जिनमें से उसे पांच में जीत मिली थी जबकि तीन मैच ड्रॉ रहे थे। मैच नीरस शुरुआत के साथ शुरू हुआ, जिसमें दोनों टीमों में से किसी ने भी गोल करने के मौके नहीं बनाए और हाफ टाइम की सीटी बजने के बाद दोनों टीमों को हूटिंग का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज मैक्सिको चार साल पहले कतर में ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था। इससे पहले वह लगातार सात बार राउंड ऑफ 16 से आगे नहीं बढ़ पाया था। दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी सोन ह्युंग-मिन ने फिर से निराशाजनक प्रदर्शन किया और उन्हें 57वें मिनट में सब्स्टीट्यूट कर दिया गया। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज दक्षिण कोरिया लगातार 11वीं बार और कुल मिलाकर 12वीं बार विश्व कप में हिस्सा ले रहा है। दक्षिण कोरिया के कोच हांग म्युंग-बो ने कहा, हमने जो गलती की वह दुर्भाग्यपूर्ण थी।

## अविष्का फर्नांडो का शतक, श्रीलंका ए ने बनाये आठ विकेट पर 322 रन

**दांबुला।** अविष्का फर्नांडो (110) और निरोशन डिकवेला (66) की शानदार पारियों की मदद से श्रीलंका ने शुक्रवार को त्रिकोणीय श्रृंखला छठे मुकाबले में अफगानिस्तान ए के खिलाफ आठ विकेट पर 322 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। आज यहां अफगानिस्तान ए टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ए के लिए अविष्का फर्नांडो और निरोशन डिकवेला की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 133 रन जोड़कर अपनी टीम को मजबूत शुरुआत दी। 17वें ओवर में फरीदून दावूदजई ने निरोशन डिकवेला को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। निरोशन डिकवेला ने 54 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए (66) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये नुवानिदु फर्नांडो ने अविष्का फर्नांडो के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 36वें ओवर में मोहम्मद इब्राहिम ने अपना शतक पूरा कर चुके अविष्का फर्नांडो को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अविष्का फर्नांडो ने 97 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (110) रनों की पारी खेली। सदीरा समराविक्रमा (14), नुवानिदु फर्नांडो (45), अहान विक्रमसिंघे (तीन) और कप्तान सहान अराछिगे (12) रन बनाकर आउट हुये। वनुजा सहन (19) और रविंदु फ़र्नांडो (25) रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंका ए ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 322 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ए के लिए फरीदून दावूदजई को चार विकेट मिले। फरमानउल्लाह सफी ने तीन विकेट लिये। मोहम्मद इब्राहिम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।


## कतर के खिलाफ मैच में चोटिल होने वाले कनाडा के कोने की सर्जरी होगी

**वैंकूवर।** विश्व कप में अपनी ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद कनाडा को एक झटका लगा है क्योंकि उसके मिडफील्डर इस्माइल कोने इस मैच की दौरान चोटिल हो गए और उनकी अब सर्जरी की जाएगी। दूसरे हाफ में कतर के मिडफील्डर असीम मदीबो ने पीछे से आकर कोने को टक्कर मारी, जिससे उनके बाएं पैर में चोट लग गई। 24 वर्षीय कोने दर्द से कराह उठे और खिलाड़ी उनकी मदद के लिए दौड़े। इसके साथ ही साइडलाइन से भी मदद की गुहार लगाई। कोने पर किए गए टैकल के लिए मदीबो को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। कोने का पहले मैदान पर ही इलाज किया गया और बाद में उन्हें स्ट्रेचर पर बाहर ले जाया गया। कनाडा के कप्तान स्टीफन यूस्टाक्वियो ने कहा, ''मैंने उसका पैर देखा। मुझे लगा कि कुछ गड़बड़ है। कनाडा के कोच जेसी मार्श ने बताया कि कोने को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी सर्जरी की तैयारी चल रही थी। उनके परिवार के सदस्य उनके साथ अस्पताल में हैं। उन्होंने कहा, ''उसके चोटिल होने से हम सभी दुखी हैं, लेकिन हमें अपना ध्यान खेल पर केंद्रित रखना होगा। मार्श ने इसके साथ ही बताया कि मदीबो ने व्यक्तिगत रूप से कोने से माफी मांगी। कनाडा ने यह मैच 6-0 से जीता जो उसकी विश्व कप में पहली जीत भी है।

# भारतीय टीम को बड़ा झटका, श्रेयंका पाटिल टखने की चोट के कारण महिला टी20 विश्व कप से बाहर

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के बीच बड़ा झटका लगा है। टीम की ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल दाएं टखने में चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह युवा लेग स्पिनर प्रेमा रावत को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। श्रेयंका को बुधवार को हेडिंग्ले में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत के दूसरे ग्रुप चरण मुकाबले के दौरान चोट लगी। पावरप्ले के अंतिम ओवर में गेंद रोकने के प्रयास में उनका टखना मुड़ गया, जिसके बाद उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया। टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने शुक्रवार को श्रेयंका के स्थान पर 24 वर्षीय प्रेमा रावत को भारतीय टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है। प्रेमा



रावत अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सकी हैं, लेकिन घरेलू और महिला प्रीमियर लीग में उनके प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने पिछले दो सत्रों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए छह महिला प्रीमियर लीग मैच खेले हैं और तीन विकेट लिए हैं। घरेलू क्रिकेट में भी प्रेमा ने उत्तराखंड को वरिष्ठ महिला चैम्पियनशिप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें एक स्वाभाविक ऑलराउंड खिलाड़ी माना जाता है, जो गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी योगदान दे सकती हैं। हालांकि, श्रेयंका का बाहर होना भारत के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। उनकी तेज क्षेत्ररक्षण क्षमता के अलावा वह विशेष रूप से बाएं हाथ के बल्लेबाजों और अंतिम ओवरों में भारत की आक्रामक गेंदबाजी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा थीं। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की तकनीकी समिति में आईसीसी और मेजबान प्रतिनिधियों की मंजूरी के बाद ही यह बदलाव आधिकारिक रूप से लागू किया गया।

# फीफा विश्व कप : नॉकआउट चरण में पहुंचने वाला पहला देश बना मेक्सिको, दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया

नई दिल्ली। फीफा विश्व कप 2026 में मेजबान मेक्सिको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया और नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। मुकाबले का एकमात्र और निर्णायक गोल लुइस रोमो ने दूसरे हाफ में किया। यह गोल दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम स्युंग-ग्यु की बड़ी गलती के बाद आया। दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में मेक्सिको ने बढ़त बनाई, जब एक क्रॉस को पकड़ने के प्रयास में किम अपने ही साथी खिलाड़ी से टकरा गए और गेंद उनके हाथ से छूट गई। मौके का फायदा उठाते हुए रोमो ने बिना किसी गलती के गेंद को खाली गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। गोल खाने के बाद दक्षिण कोरिया ने वापसी की कोशिश की। हालांकि किम ने बाद में शानदार बचाव करते हुए राउल जिमेनेज को दूसरा गोल करने से रोक दिया।

# अंतिम मिनटों में टूटा भारत का सपना, जर्मनी ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में 2-1 से हराया

एजेंसी

रॉटरडैम। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 के रॉटरडैम चरण में शुक्रवार को मौजूदा विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ शानदार संघर्ष किया, लेकिन अंतिम क्षणों में मैच हाथ से निकल गया और भारत को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए जुगराज सिंह ने अपने 100वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को यादगार बनाते हुए गोल दागा, लेकिन जर्मनी ने अंतिम चार मिनट में दो गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुकाबले की शुरुआत में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और गेंद पर नियंत्रण बनाए रखते हुए जर्मनी को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। मजबूत रक्षापंक्ति के कारण विश्व चैम्पियन टीम पहले हाफ में स्पष्ट अवसर नहीं बना सकी। दूसरे क्वार्टर में



भारत ने तेज दबाव बनाते हुए जर्मनी को लगातार गलती करने पर मजबूर किया। अभिषेक ने भारत के लिए एक अच्छा मौका बनाया, लेकिन टीम बढ़त हासिल नहीं कर सकी। तीसरे क्वार्टर में भारत को पहला पेनाल्टी कॉर्नर मिला और जुगराज सिंह ने 38वें मिनट में जोरदार ड्रैग फ्लिक लगाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह उनके करियर के 100वें अंतरराष्ट्रीय मैच का खास पल बन गया। जर्मनी ने तीसरे क्वार्टर के अंत में लगातार हमले किए, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित एचएस ने शानदार बचाव करते हुए बढ़त कायम रखी। अंतिम क्वार्टर में भारत के पास अंतर बढ़ाने के अवसर आए, लेकिन टीम उन्हें गोल में नहीं बदल सकी। इसका फायदा उठाते हुए जर्मनी ने 56वें मिनट में जस्टस वाइगांड के पेनाल्टी कॉर्नर गोल से बराबरी कर ली। इसके बाद मुकाबले के अंतिम सेकंडों में जर्मनी को एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिसे याकॉब ब्रिला ने गोल में बदलते हुए अपनी टीम को 2-1 से जीत दिला दी। हार के बावजूद भारतीय टीम ने पूरे मुकाबले में विश्व चैम्पियन जर्मनी को कड़ी चुनौती दी और अपने खेल से प्रभावित किया। भारत अब 21 जून को भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे अपने अगले मुकाबले में नीदरलैंड्स का सामना करेगा।

# जियो प्लेटफॉर्म्स सेबी के समक्ष दाखिल करेगा आईपीओ दस्तावेज: मुकेश अंबानी




एजेंसी

नयी दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स शुक्रवार को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आईपीओ लाने के लिए दस्तावेज दाखिल करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 49वीं वार्षिक आम बैठक में यह जानकारी दी। विश्लेषकों का अनुमान है कि जियो का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम हो सकता है, जिसका संभावित मूल्यांकन 130-180 अरब अमेरिकी डॉलर के बीच आंका जा रहा है। मुकेश अंबानी ने कहा, '' मेरे प्रिय शेयरधारकों, मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि जियो प्लेटफॉर्म्स के निदेशक मंडल ने आईपीओ दस्तावेज को आज मंजूरी दे दी। इसे आज ही सेबी के समक्ष दाखिल किया जाएगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) की 66.43 प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष 33.57 प्रतिशत में से मेटा और गूगल की संयुक्त हिस्सेदारी 17.71 प्रतिशत है।

# सोसाइटी जनरल, प्रूडेंशियल समेत अन्य ने एंथम बायोसाइंसेज में तीन प्रतिशत हिस्सेदारी 1275 करोड़ रुपये में खरीदी

नयी दिल्ली। सोसाइटी जनरल, प्रूडेंशियल हांगकांग और गिसालो कैपिटल मैनेजमेंट के नेतृत्व में वैश्विक निवेशकों ने एंथम बायोसाइंसेज के एक प्रवर्तक अरुणा गणेश से खुले बाजार के सौदों के जरिये कंपनी में कुल तीन प्रतिशत हिस्सेदारी 1,275 करोड़ रुपये में खरीदी। इस लेनदेन के बाद, एंथम बायोसाइंसेज का शेयर एनएसई पर 798.25 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर लगभग स्थिर रहा। राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर मौजूद सौदे से जुड़े आंकड़ों के अनुसार, इस सौदे में कई घरेलू म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियां और एक निवेश कंपनी ने भी भागीदारी की। इन निवेशकों ने बृहस्पतिवार को कुल 1,71,14,604 शेयर खरीदे (एंथम बायोसाइंसेज में 3.05 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर) और इनका औसत मूल्य 744.80 रुपये प्रति शेयर रहा। कुल लेनदेन मूल्य 1,274.69 करोड़ रुपये रहा। इस सौदे में भाग लेने वाले अन्य विदेशी निवेशकों में लक्जमबर्ग स्थित नॉर्डिया एसेट मैनेजमेंट, इंटीग्रेटेड कोर स्ट्रेटेजीज एशिया प्राइवेट लिमिटेड और सोशल प्रोटेक्शन फंड शामिल रहे। घरेलू संस्थागत निवेशकों में भारतीय स्टेट बैंक म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड, यूटीआई म्यूचुअल फंड, एडलवाइस म्यूचुअल फंड, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड, 360 वन म्यूचुअल फंड, महिंद्रा मैनुलाइफ म्यूचुअल फंड और व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड खरीदारों में शामिल रहे। प्रेमजी इन्वेस्ट से संबद्ध पीआई अपॉर्च्युनिटीज एआईएफ वी एलएलपी, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, बजाज लाइफ इंश्योरेंस और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस भी उन निवेशकों में शामिल रहे जिन्होंने कंपनी के शेयर खरीदे। वहीं, प्रवर्तक अरुणा गणेश समान संख्या में शेयर बेचकर कंपनी से बाहर निकल गईं।

# केरल के संशोधित बजट में समावेशी विकास एवं सतत बुनियादी ढांचा विकास पर जोर

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री वी. डी. सतीशन ने 2026-27 का संशोधित बजट शुक्रवार को विधानसभा में पेश किया। इसमें 'न्यू केरल' की परिकल्पना को दोहराया गया, जिसमें समावेशी विकास एवं सतत बुनियादी ढांचा विकास पर जोर दिया गया है। गंभीर वित्तीय दबाव, छिपी देनदारियों, कम धन प्रेषण और मुद्रास्फीति को सरकार के सामने प्रमुख चुनौतियां बताते हुए मुख्यमंत्री ने 'मिशन समुद्र' की शुरुआत की। इसका उद्देश्य बंदरगाह-आधारित आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाना और राज्य को एक वैश्विक समुद्री एवं आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। सतीशन ने कहा कि सरकार व्यापक विकास रणनीतियों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को गति देने, विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने, सरकारी खजाने के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने और धन के न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, '' इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए सरकार ने प्रमुख पहलों की रूपरेखा तैयार की है। सरकार का लक्ष्य केरल की 600 किलोमीटर लंबी तटीय रेखा, दो अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह, एक कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, 17 छोटे बंदरगाहों और अन्य जल संसाधनों को एकीकृत कर अगले पांच वर्षों में राज्य को वैश्विक समुद्री मानचित्र पर अग्रणी बनाना है। इस दृष्टिकोण के तहत सड़क, बंदरगाह, रेलवे, आंतरिक जलमार्ग, औद्योगिक क्षेत्र और नए शहरों को जोड़कर केरल को एक बंदरगाह-आधारित आर्थिक परिवेश विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 'मिशन समुद्र' परियोजना के लिए 400 करोड़ रुपये का आवंटन किया जाएगा। साथ ही, राज्य के चार हवाई अड्डों के आसपास विमानन और लॉजिस्टिक केंद्र विकसित करने के लिए 200 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि इसके अलावा, निवेश आकर्षित करने और व्यवसायिक बाधाओं को दूर करने के लिए एक डेटा-आधारित 'निवेश केरल' प्रकोष्ठ भी शुरू किया जाएगा। इंदिरा गारंटी के अपने प्रमुख वादों में से एक को पूरा करते हुए, सरकार ने ओमन चांडी स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए बजट में 10 करोड़ रुपये आवंटित किए। यह योजना राज्य के प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा 'कवरेज' प्रदान करती है। बजट में एक अन्य इंदिरा गारंटी पहल के तहत केएसआरटीसी बसों में महिलाओं और ट्रांसजेंडर लोगों के लिए मुफ्त यात्रा हेतु 600 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जिसका पहला चरण हाल ही में शुरू किया गया है।

# विहिप केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक संपन्न, परिवार कानूनों की समीक्षा, गौ संरक्षण और नशा मुक्ति पर जोर

एजेंसी

हरिद्वार । विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को हरिद्वार स्थित निष्काम सेवा ट्रस्ट, भूपतवाला परिसर में संपन्न हो गई।

बैठक के उपरांत दण्डी स्वामी स्वामी जितेंद्रानन्द सरस्वती तथा विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने संयुक्त प्रेस वार्ता में बैठक के प्रमुख विषयों और प्रस्तावों की जानकारी दी। बैठक में परिवार संस्था की मजबूती, गौ रक्षा एवं गौ संवर्धन, नशा मुक्ति, सामाजिक समरसता, जनसंख्या असंतुलन और जनगणना से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। संतों और प्रतिनिधियों ने हिंदू समाज की एकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का आह्वान किया।

प्रेस वार्ता में कहा गया कि परिवार और विवाह संस्था भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। मार्गदर्शक मंडल ने हाल के वर्षों में व्यभिचार को अपराध की श्रेणी से बाहर किए जाने, लिव-इन संबंधों तथा समलैंगिक जोड़ों को साथ रहने की स्वतंत्रता जैसे विषयों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विवाह संस्था कमजोर हो सकती है। परिषद ने परिवार कानूनों की व्यापक समीक्षा कर उन्हें परिवार और विवाह संस्था के अनुकूल बनाने की आवश्यकता बताई। साथ ही समाज, परिवार और संत समुदाय से नई पीढ़ी को स्वधर्म और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे और दान से जुड़े आरोपों पर विहिप नेतृत्व ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट ने स्वयं मुख्यमंत्री से एसआईटी जांच कराने का अनुरोध किया है और जांच में पूरा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। विहिप ने यह भी कहा कि राम मंदिर के नाम पर धन या सोना एकत्र करने वाले अन्य ट्रस्टों के खातों की भी जांच होनी चाहिए। संगठन ने जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बचने और मामले का राजनीतिकरण न करने की अपील की। बैठक में गौ रक्षा और गौ संवर्धन को प्रमुख विषयों में शामिल किया गया। विहिप ने संपूर्ण गौवंश की रक्षा के लिए केंद्रीय कानून बनाए जाने की मांग की। साथ ही विभिन्न राज्यों में गौ संरक्षण कानूनों को और सख्त बनाने का आग्रह किया गया। परिषद ने समाज के सक्षम लोगों को गौपालन के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया और कहा कि गोबर एवं गौमूत्र आधारित उत्पाद किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं। कुछ लोगों द्वारा गाय को ह्लराष्ट्रमाताङ्क का दर्जा देने के सुझाव पर भी चर्चा हुई, जिस पर देशव्यापी सहमति बनाने के लिए संतों के साथ अभियान चलाने की बात कही गई। बैठक में देश में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया गया कि बजरंग दल पिछले एक वर्ष से नशा मुक्ति अभियान चला रहा है। अब इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए संत समाज भी व्यापक जनजागरण कार्यक्रम संचालित करेगा। संतों ने संत रविदास की 650वीं जयंती को देशभर में सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरण के रूप में मनाने का आह्वान किया।

# झारखंड के विकास में केंद्र देगा हरसंभव सहयोग

## ऊर्ज़ा-शहरी योजनाओं की समीक्षा में बोले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

एजेंसी

रांची। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्ज़ा मंत्री मनोहर लाल ने झारखंड के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग और सहायता का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के ऊर्ज़ा और शहरी विकास क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार सहयोग कर रही है और भविष्य में भी आवश्यक समर्थन उपलब्ध कराया जाएगा।

शुक्रवार को रांची स्थित एक होटल में आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री ने राज्य की विद्युत व्यवस्था और शहरी विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में झारखंड सरकार के शहरी विकास एवं आवासन मंत्री सुदिव्य कुमार सहित राज्य सरकार, ऊर्ज़ा मंत्रालय, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय तथा विभिन्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में केंद्रीय मंत्री ने राज्य के ऊर्ज़ा क्षेत्र की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा करते हुए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया। समीक्षा के दौरान पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस), बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की परिचालन एवं वित्तीय स्थिति, भविष्य की विद्युत मांग को पूरा करने के लिए संसाधनों की उपलब्धता तथा पारेषण अवसंरचना (ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर) के विस्तार से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मनोहर लाल ने राज्य में समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक (एटी एंड सी) हानियों और आपूर्ति लागत एवं औसत राजस्व प्राप्ति (एसीएस-एआरआर) के अंतर के उच्च स्तर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र को आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए इन दोनों मानकों में सुधार आवश्यक है। इसके लिए राज्य सरकार को ठोस और समयबद्ध कदम उठाने होंगे। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार से सरकारी वितरण कंपनियों के ऋण दायित्वों के पुनर्गठन की दिशा में प्रयास तेज करने का आग्रह किया। उन्होंने सरकारी विभागों द्वारा लंबित बिजली बिलों के शीघ्र भुगतान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही निर्देश दिया कि सरकारी उपभोक्ताओं और संस्थानों में लगे बिजली मीटरों को 31 अगस्त 2026 तक प्रीपेड मीटरों में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य किया जाए, ताकि नियमित भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं सहित उच्च भार वाले सभी उपभोक्ताओं के यहां 31 अगस्त 2026 तक स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा किया जाएगा। इसके अलावा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के बीच भी स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने राज्य की बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए संसाधनों की पर्याप्तता और पारेषण नेटवर्क के विस्तार की भी समीक्षा की। उन्होंने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के तहत जनजातीय परिवारों के लिए ग्रिड विद्युतीकरण की प्रगति पर संतोष जताते हुए कार्यों में और तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना तथा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। मनोहर लाल ने राज्य सरकार से इन योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। उन्होंने सरकारी भवनों की छतों पर प्राथमिकता के आधार पर रूफटॉप सौर ऊर्ज़ा संयंत्र स्थापित करने की सलाह दी। उनका कहना था कि इससे ग्रिड पर निर्भरता कम होगी और राज्य सरकार के बिजली व्यय में भी उल्लेखनीय कमी आएगी। बैठक के दौरान झारखंड सरकार की ओर से राज्य में चल रही विभिन्न विद्युत एवं शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। राज्य के ऊर्ज़ा मंत्री ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि स्वीकृत परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन तथा ऊर्ज़ा क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। समीक्षा बैठक को राज्य के ऊर्ज़ा और शहरी विकास क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्मार्ट मीटरिंग, सौर ऊर्ज़ा विस्तार, वित्तीय सुधार और विद्युत अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण जैसे निर्णय राज्य की ऊर्ज़ा व्यवस्था को अधिक सक्षम और टिकाऊ बनाने में मदद करेंगे।

# पेज एक का शेष

## एसआईटी...

ने इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रनायकों का सम्मान,वीर व वीरांगनाओं का सम्मान हमें राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा प्रदान करता है। इसी राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित होकर डबल इंजन की भाजपा सरकार ने सरकार बनने के बाद महारानी लक्ष्मीबाई, महारानी दुर्गावती,महारानी अवंतीबाई लोधी व वीरांगना झलकारी बाई व वीरांगना ऊदादेवी के नाम से अनेक अभियान प्रारम्भ किए हैं। पीएसी की तीन नई बटालियन, बीरांगना अवंतीबाई लोधी,वीरांगना झलकारी बाई कोरी व वीरांगना ऊदादेवी पासी के नाम से बटालियन गठित की। तीनों बटालियन में केवल बेटियां ही भर्ती होंगी। जहां पर भी पीएसी की बटालियन गठित हो रही हैं वहां पर अश्वारोही प्रतिमा वहां स्थापित होगी। देश की आजादी की लड़ाई में क्रान्तिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुए देश की आजादी के लिए समर्पण भाव से काम किया था। इस अवसर पर एमएलसी हरिओम पाण्डेय,भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी,भाजपा के जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी,जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह,विधायक रामचन्द्र यादव,बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान,मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभान पासवान,पूर्व विधायक खब्बू तिवारी,पूर्व विधायक अभय सिंह,ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, भाजपा के जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय व जिला मंत्री अभिषेक यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बालवाटिका...

से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर देगी। सामग्री की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्यूआर कोड आधारित ट्रैकिंग और 'किताब वितरण ऐप' का उपयोग किया जा रहा है, जिससे जिला, ब्लॉक और बालवाटिका स्तर तक निगरानी संभव हो सकेगी।

एनसीईआरटी और नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार हुई सामग्री

बालवाटिका की शैक्षणिक सामग्री को एनसीईआरटी के मानकों तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा(एनसीएफ-एफएस) और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अवधारणा के अनुरूप विकसित किया गया है। सामग्री तैयार करते समय बच्चों की आयु, उपयोगिता, भाषा, चित्रांकन, फॉन्ट आकार और गतिविधियों की प्रकृति का विशेष ध्यान रखा गया है। इसका उद्देश्य बच्चों को विकासानुकूल, खेल आधारित और गतिविधि समृद्ध अधिगम वातावरण उपलब्ध कराना है। नई शिक्षा नीति का मूल लक्ष्य बच्चों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का निर्माण करना है, जिसे यह सामग्री व्यावहारिक रूप से मजबूत करती है।

पांच विकासात्मक क्षेत्रों को मिलेगा बल

बालवाटिका की यह शैक्षणिक सामग्री बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इसके माध्यम से शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, भाषा विकास, सामाजिक-भावनात्मक विकास तथा रचनात्मक एवं सौंदर्यबोध संबंधी विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। चित्रों, गतिविधियों, कहानी-कथन, रंग भरने, मिलान करने, संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से बच्चों की जिज्ञासा, कल्पनाशीलता और सीखने की क्षमता को विकसित किया जाएगा।

स्कूल रेडीनेस और आनंददायी अधिगम की दिशा में बड़ा कदम

योगी सरकार की बालवाटिका पहल इस सोच को साकार करती है कि गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा केवल भवन, फर्नीचर या मानव संसाधन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए एक समग्र शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता होती है। प्रशिक्षित ईसीसीई शिक्षकों, बाल-अनुकूल अधिगम सामग्री, तकनीक आधारित निगरानी और गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से सरकार बच्चों के लिए विद्यालय का पहला अनुभव आनंददायी, समावेशी और अर्थपूर्ण बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। यह पहल न केवल स्कूल रेडीनेस को मजबूत करेगी, बल्कि निपुण भारत मिशन, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान और बुनियादी शिक्षा सुधारों को भी मजबूत आधार प्रदान करेगी।

पूर्वांचल के गांवों की महिलाएं अब डिजिटल तौर-तरीके से डेयरी कारोबार का संचालन कर रही हैं। वाराणसी, चंदौली, मिर्ज़ापुर, गाजीपुर, सोनभद्र, बलिया और भदोही की करीब 50 हजार महिलाएं मोबाइल एप के जरिए दूध संग्रह, गुणवत्ता जांच, भुगतान और रिकॉर्ड प्रबंधन का काम संभाल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर विकसित इस मॉडल ने न केवल डेयरी कारोबार को पारदर्शी बनाया है, बल्कि हजारों महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त भी किया है।

काशी दुग्ध उत्पादक संस्था के डिजिटल डेयरी नेटवर्क से जुड़ी ये महिलाएं प्रतिदिन औसतन दो लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रह और कारोबार कर रही हैं। गांवों में स्थापित दुग्ध संग्रह केंद्रों पर दूध की मात्रा और फैट की जांच डिजिटल मशीनों से की जाती है, जबकि पूरी जानकारी मोबाइल एप (काशी ई-डेयरी) पर उपलब्ध रहती है। इससे दूध खरीद और भुगतान की प्रक्रिया पहले की तुलना में कहीं अधिक पारदर्शी हुई है। इस व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पशुपालकों को भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जाता है। हर 10 दिन के अंतराल पर डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जाती है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है। महिलाओं को मोबाइल एप पर दूध बिक्री, फैट प्रतिशत, भुगतान की स्थिति और दैनिक कारोबार का पूरा ब्यौरा रियल टाइम में मिलता है। डिजिटल डेयरी मॉडल का असर ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर भी साफ दिखाई दे रहा है। संस्था से जुड़ी करीब 12 हजार महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। नियमित आय के साथ महिलाओं की गांवों में सामाजिक और आर्थिक भागीदारी भी बढ़ी है। वे अब सिर्फ पशुपालन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि तकनीक आधारित कारोबार संचालन में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। पूर्वांचल में विकसित यह मॉडल महिला सशक्तीकरण, डिजिटल साक्षरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का सफल उदाहरण बनकर उभरा है। इससे डेयरी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ा है और गांवों में रोजगार तथा आय के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। दुग्ध संग्रह केंद्रों को मोबाइल एप और डिजिटल उपकरणों से जोड़ा गया है। दूध की मात्रा, गुणवत्ता, भुगतान और दैनिक कारोबार की पूरी जानकारी इसमें ऑनलाइन दर्ज होती है। इससे किसानों और पशुपालकों को पारदर्शी व्यवस्था का लाभ मिल रहा है।

## सतत...

बढ़ना होगा। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत' के निर्माण में देश के प्रत्येक क्षेत्र और समुदाय की भागीदारी आवश्यक है। उनके अनुसार, पूर्वोत्तर इस राष्ट्रीय विकास यात्रा में केंद्रीय भूमिका निभाएगा और भविष्य में देश का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है।

वित्त मंत्री ने कहा कि बेहतर प्रसंस्करण सुविधाएं और मजबूत उत्पादक सहकारी संस्थाएं किसानों, विशेषकर पारंपरिक कृषि से जुड़ी महिलाओं को अधिक लाभ दिलाने में सहायक होंगी। इससे स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

नवनिर्मित मसाला प्रसंस्करण संयंत्र से लाकाडोंग हल्दी, अदरक और काली मिर्च जैसी फसलों के उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा। यह परियोजना राज्य के जैविक कृषि तंत्र को मजबूत करने, कृषि निर्यात बढ़ाने तथा क्षेत्र में टिकाऊ आजीविका के नए अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान...

हो गया है। दोनों देशों के बीच बॉर्डर पर तनाव की वजह से पिछले साल 13 अक्टूबर से तोरखम और चमन समेत सभी बॉर्डर बंद हैं और अब सिर्फ पाकिस्तान से अफगान शरणार्थियों को ही अफगानिस्तान लौटने की इजाजत है। नाकाबंदी से दोनों देशों के कई सेक्टर प्रभावित हो रहे हैं, जिनमें सबसे अहम इकोनॉमिक सेक्टर है और आपसी व्यापार को बहुत नुकसान हुआ है, जबकि दूसरे सेक्टर में मेडिकल टूरिज्म पर भी असर पड़ा है।

पाकिस्तान इकोनॉमिक्स सर्वे के अनुसार पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सालाना ट्रेड वॉल्यूम लगभग एक बिलियन डॉलर है, लेकिन बॉर्डर बंद होने से ट्रेड पर बहुत बुरा असर पड़ा है।

दिल्ली ...

भी तेज हवा के झोंकों के साथ हल्की वर्षा होने के आसार हैं, जो दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को गर्मी से राहत दिलाएगी। तापमान भी लगभग ठीक रहने का अनुमान है। 22 जून को वर्षा नहीं होगी लेकिन बादल छाए रहेंगे। तापमान में भी गिरावट होगी।

आईएमडी के अनुसार शुक्रवार दोपहर-शाम के दौरान हल्की वर्षा होनी थी लेकिन तेज धूप खिली रही, जिससे यहां के निवासियों को पहले की तुलना में हल्की गर्मी का एहसास हुआ। यहां का अधिकतम तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

आईएमडी के मुताबिक 23 जून तक महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ और हिस्सों और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल हैं। 21 जून तक उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। इस सप्ताह के दौरान उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और पूर्वोत्तर भारत में कहीं-कहीं भारी बारिश होने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 24 जून तक, बिहार में 22 जून तक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में 20 जून तक कुछ जगहों पर लू चलने की बहुत संभावना है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में ओले गिरने के आसार हैं। एक तरफ जहां मानसून आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ कुछ राज्य अभी भी गर्मी की चपेट में हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश (24 जून तक), बिहार (22 जून तक) और महाराष्ट्र व तेलंगाना (20 जून तक) के कुछ इलाकों में लू की स्थिति बनी रहेगी।

हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली और पंजाब में 19-22 जून के दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की गति से चलने वाली हवाओं की रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे तक जा सकती हैं। मध्य भारत, पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ जगहों पर हल्की और कुछ जगहों पर अगले छह दिनों के दौरान भारी वर्षा होने के आसार हैं। इस बीच, इन क्षेत्रों में तेज रफ्तार की हवाएं चलने की संभावना है।

पूर्वी भारत में 20 जून तक अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है और उसके बाद कोई खास बदलाव नहीं होगा। महाराष्ट्र में 20 जून तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव के आसार नहीं है और उसके बाद धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

देश के बाकी हिस्सों में 25 जून तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। बिहार में कुछ जगहों पर 20-22 जून के दौरान, पूर्वी उत्तर प्रदेश में 20-24 जून के दौरान, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ में 20 जून के दौरान, तेलंगाना में 20-21 जून के दौरान लू चलने की बहुत संभावना है। तटीय आंध्र प्रदेश, पुदुचेरी के यानम, झारखंड और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में 19-21 जून के दौरान, कोंकण और गोवा में 21 जून को, रायलसीमा में 19-20 जून के दौरान गर्म और उमस भरे मौसम की स्थिति रहने की संभावना है।

## सिकल...

करते समय जो अनेक बड़े लक्ष्य देश के सामने रखे गए थे, उनमें से स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय से पहले ही पूरा हो गया। मुझे बताया गया है कि नवजात शिशुओं से लेकर 40 वर्ष की आयु तक के 7 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा हो चुका है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह पूरे विश्व में आनुवंशिक रोगों की जाँच-परख की सबसे बड़ी पहलों में से एक है। इस उपलब्धि में मध्य प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में अब तक सवा करोड़ से भी अधिक लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इनमें से अधिकांश लोगों को जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड भी दिये जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि सिकल सेल से जुड़ी चुनौती को भारत सरकार ने बहुत ही गंभीरता से लिया और पिछले कुछ वर्षों में एक समग्र दृष्टि से सरकार ने जो प्रयास किये हैं, वे अत्यंत सराहनीय हैं। लगभग तीन वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के शहडोल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन को लॉन्च किया था। इस पहल के पीछे न केवल सरकार का गंभीर प्रयास का दृढ़ संकल्प था बल्कि इस चुनौती से जुड़े हर आयाम का समुचित प्रतिक्रिया देने की दूरदर्शी सोच भी थी।

उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और केन्द्रीय जनजातीय मंत्रालय के संयुक्त मॉडल के रूप में देश में पहली बार ऐसा मिशन प्रारंभ किया। इसे केवल स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या के रूप में नहीं देखा गया, इसे जनजातीय स्वास्थ्य का मुद्दा, आनुवंशिकता से जुड़ी जागरूकता और प्रिवेंटिव हेल्थ केयर की चुनौती के साथ ही सामाजिक आचरण में बदलाव के मिशन के रूप में देखा गया। इस मिशन की पृष्ठभूमि में अनेक स्तरों पर किये गये वैज्ञानिक और सामाजिक अध्ययन रहे हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आईसीएमआर, आदिवासी स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, एम्स, एनएचएम, डब्ल्यूएचओ और विभिन्न राज्य सरकारों ने इस विषय के विभिन्न आयामों पर अध्ययन किया हैं। इनसे मुख्य रूप से यह आंकलन सामने आया कि भारत में लगभग 2 से 2.5 करोड़ लोग सिकल सेल जीन के वाहक हो सकते हैं। लाखों लोग सक्रिय रोग से पीड़ित हैं। सबसे अधिक प्रभाव मध्य भारत की जनजातीय क्षेत्र में है। अनेक परिवार पीढ़ियों से इस रोग से प्रभावित थे लेकिन उन्हें बीमारी का नाम तक मालूम नहीं था। अध्ययनों से यह भी पता चला कि भारत के जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल रोग का प्रसार सामान्य आबादी की तुलना में कई गुना अधिक है। फलस्वरूप, देश में पहली बार सार्वजनिक स्वास्थ्य, जनजातीय कल्याण, आनुवंशिक विज्ञान और डिजिटल मॉनिटरिंग को एकसाथ जोड़कर यह राष्ट्र व्यापी अभियान प्रारंभ किया गया। देश के 17 राज्यों में चलाये जा रहे इस अभियान के प्रति राज्यों ने भी पूरी तत्परता से भागीदारी की है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की पहल के लिहाज से देखें तो देश में पहली बार इतनी बड़ी जनसंख्या की आनुवंशिक स्क्रीनिंग, डिजिटल ट्रैकिंग के साथ की जा रही है। मिशन मोड में हुई स्क्रीनिंग का ही परिणाम है कि अभी तक लगभग ढाई लाख लोगों में सिकल सेल संबंधी रोग चिन्हित किये जा चुके हैं और इस रोग के 20 लाख से भी अधिक वाहक भी पहचाने जा चुके हैं। वाहकों की इतनी बड़ी संख्या से जुड़ी चुनौती को समझने की आवश्यकता है। सिकल सेल के वाहक लोगों में इस रोग के लक्षण नहीं होते इसलिए उन्हें इसकी भविष्य की गंभीरता का कोई अंदाज नहीं लग पाता। संतोष की बात है कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों ने मिशन मोड में पिछले कुछ वर्षों में सिकल सेल से जुड़े रोगियों और वाहकों की पहचान के साथ-साथ उनकी समुचित स्वास्थ्य देखभाल पर सराहनीय कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि मेरे संज्ञान में लाया गया है कि बहुस्तरीय प्रयासों के क्रम में मध्य प्रदेश में सभी प्रभावित लोगों, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए पॉइंट ऑफ केयर टेस्ट आधारित जाँच सुविधा को आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर तक विस्तारित किया गया है। गत वर्ष 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चले ह्लस्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानङ्क अंतर्गत मध्य प्रदेश ने 4 लाख से अधिक महिलाओं की सिकल सेल स्क्रीनिंग का कीर्तिमान स्थापित करके इस समस्या के समाधान के लिए अमूल्य योगदान दिया है। मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर विद्यार्थियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा रही है। जनजातीय विद्यार्थियों को भी परामर्श, उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। दूरस्थ एवं दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के माध्यम से निरंतर स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष विश्व सिकल सेल दिवस पर प्रदेश में ह्लसिकल मित्रङ्क पहल का शुभारंभ किया गया था। इसके अंतर्गत जागरूकता बढ़ाने, रोगियों को सहायता प्रदान करने तथा उन्हें शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए शासकीय एवं गैर शासकीय संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षित किया गया है। मुझे विश्वास है कि सभी प्रदेशों की समेकित शक्ति और सक्रियता से हम वर्ष 2047 से बहुत पहले ही देश से सिकल सेल संबंधी रोगों के उन्मूलन के अपने राष्ट्रीय लक्ष्य में अवश्य सफल होंगे। देश में जनजातीय समुदाय की सबसे बड़ी संख्या मध्य प्रदेश में है। मैं आशा करती हूं कि मध्य प्रदेश द्वारा जनजातीय विकास के अनेक क्रीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे। इससे पूर्व राष्ट्रपति ने दीप प्रज्ज्वलित कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहे। उन्होंने मंच पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि और अधिकारियों को सम्मानित भी किया।

## राष्ट्रपति ....

प्रदेश से रायरंगपुर पहुंचेंगी और कई महत्वपूर्ण विकास एवं जनकल्याणकारी परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगी। वह एम्स भुवनेश्वर द्वारा आयोजित एक विशेष चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करेंगी। इसके साथ ही कुसुमी ब्लॉक के खनन प्रभावित गांवों के लिए मेगा एकीकृत ग्रामीण पाइप जलापूर्ति परियोजना का उद्घाटन करेंगी, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा।

राष्ट्रपति रायरंगपुर में ब्रह्मकुमारी संस्थान के 'मातृशक्ति भवन' का भी लोकार्पण करेंगी। इसके अलावा वह विशेष सर्किट हाउस तथा रायरंगपुर पुलिस जिले के नए भवन का उद्घाटन कर क्षेत्र के प्रशासनिक एवं बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाएंगी। राष्ट्रपति का जन्म दिन 20 जुन को है । इस ऐतिहासिक अवसर को और विशेष बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पहली बार रायरंगपुर पहुंचेंगे। दोनों शीर्ष नेताओं के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु अपने गांव पहाड़पुर में पारंपरिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री गांव के विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का दौरा करेंगे तथा स्थानीय आदिवासी समुदायों के पारंपरिक पूजा-अनुष्ठानों में भाग लेंगे। दोनों नेता एसएलएस आवासीय विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों और ग्रामीणों से संवाद भी करेंगे। स्थानीय लोगों के लिए यह अवसर बेहद खास माना जा रहा है, क्योंकि वे देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को अपने बीच देखने के लिए उत्साहित हैं। दांडबोस एयरस्ट्रिप में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा, जहां दोनों नेता जनसमूह को संबोधित करेंगे। इस दौरान ?47,600 करोड़ से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पहाड़पुर गांव तथा रायरंगपुर शहर को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। गांव की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और बुनियादी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। पहाड़पुर और दिग्घियाबेड़ा में अस्थायी हेलिपैड बनाए गए हैं, जबकि दांडबोस एयरस्ट्रिप पर सभा स्थल और हेलिपैड का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। देश के दो सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर आसीन नेताओं के दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया गया है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के यात्रा मार्ग, हेलिपैड, सभा स्थल तथा राष्ट्रपति के आवास सहित सभी महत्वपूर्ण स्थानों की लगातार निगरानी की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन योजना तैयार की है, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। रायरंगपुर, पहाड़पुर और आसपास के गांवों के निवासियों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीण इसे अपने क्षेत्र के विकास और राष्ट्रीय पहचान के लिए एक ऐतिहासिक अवसर मान रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जन्मदिन पर उनकी मातृभूमि को मिलने वाली विकास परियोजनाओं की सौगात को लेकर पूरे मयूरभंज जिले में उत्सव जैसा माहौल है।

## पासपोर्ट...

77 पासपोर्ट सेवा केंद्र थे और वार्षिक पासपोर्ट जारी करने की संख्या 83 लाख थी। सरकार के व्यापक विस्तार अभियान के परिणामस्वरूप अब 544 कार्यरत केंद्र स्थापित हो चुके हैं। इनमें 93 पासपोर्ट सेवा केंद्र और 454 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र शामिल हैं। जयशंकर ने कहा कि पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम संस्करण 2.0 ने विकसित भारत के लिए वैश्विक गतिशीलता को नई परिभाषा दी है। उनके अनुसार पासपोर्ट केवल यात्रा दस्तावेज नहीं, बल्कि आर्थिक प्रगति, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और राष्ट्रीय पहचान का महत्वपूर्ण साधन है।

## तीन...

और अभियोजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई प्रावधान शामिल किए गए हैं। गृहमंत्री ने बताया कि सभी राज्य सरकारों और पुलिस बलों के सहयोग से अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली (सीसीटीएनएस) का शत-प्रतिशत विस्तार हो चुका है। देश के सभी 17,840 पुलिस थानों को इससे जोड़ा जा चुका है और 37.86 करोड़ एफआईआर का डेटा, जिसमें पुराना रिकॉर्ड भी शामिल है, उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट प्रणाली से 22 हजार अदालतें जुड़ चुकी हैं, जबकि ई-प्रिजन में 2.70 करोड़ से अधिक रिकॉर्ड उपलब्ध हैं। इसके अलावा ई-फॉरेंसिक प्रणाली में 34.48 लाख मामलों का फॉरेंसिक डेटा और 43.16 लाख अपराध अलर्ट का डेटा उपलब्ध है।

शाह ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के बिना देश में प्रभावी अपराध नियंत्रण संभव नहीं है। उन्होंने एनसीआरबी के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले समय में उनकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने फिंगरप्रिंट ब्यूरो को भी आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण उपकरण बताया।

## सरकार....

माध्यम से अब तक करीब 70 लाख नई नौकरियां सृजित हुई हैं और लगभग 70 लाख प्रथम बार रोजगार पाने वाले युवाओं को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा गया है। करीब 20 लाख युवा अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर चुके हैं, जिनमें से लगभग 10 लाख युवाओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक सीधे उनके बैंक खातों में भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि युवाओं के परिश्रम का सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य पर देश के विश्वास की अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के सपनों को शक्ति देने और युवाओं तथा उद्योगों के बीच मजबूत सेतु का काम करने वाली पहल है। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है और विकसित भारत का सपना देश के युवाओं के सपनों, कौशल और क्षमताओं पर निर्भर करता है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर मिले, नवाचार करने वालों को मंच मिले और उद्यम शुरू करने वालों को हर संभव सहयोग प्राप्त हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार की नीतियों और निर्णयों ने रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बुनियादी ढांचा निवेश लाखों युवाओं के लिए रोजगार की नींव रख रहा है, जबकि मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता ने करोड़ों लोगों को अपना व्यवसाय शुरू करने में मदद की है। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और तीन करोड़ से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। वहीं देश में स्टार्टअप की संख्या 500 से बढ़कर दो लाख से अधिक हो गई है और अब हर जिले में स्टार्टअप संस्कृति विकसित हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भविष्य की अर्थव्यवस्था की तैयारी कर रही है, जबकि भारत भविष्य की अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार युवाओं को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करने में जुटी है और 21वीं सदी में वही देश आगे बढ़ेंगे जो कौशल, नवाचार और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

उन्होंने कहा कि पीएम विकसित भारत रोजगार योजना एक ऐसे भारत के निर्माण का माध्यम है जहां युवाओं को अवसर, उद्योगों को प्रोत्साहन और रोजगार सृजन को राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप मिले।

**प्रधानमंत्री...**

सहायक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) के बीच भूमि पट्टे का समझौता हुआ था। सरकार ने कोयला गैसीकरण की अपार संभावनाओं को देखते हुए देशभर में सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 46,000 करोड़ रुपये तक के कुल परिव्यय वाली प्रोत्साहन योजनाओं को मंजूरी दी है। यह परियोजना भविष्य की कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए एक आदर्श के रूप में कार्य करेगी और भारत के विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भर और औद्योगिक शक्ति बनने के विजन में महत्वपूर्ण योगदान देगी। भारत विश्व में कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है और कोल इंडिया लिमिटेड विश्व स्तर पर सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी है। भारत के पास 400 अरब टन से अधिक का विश्व का पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है। कोयला गैसीकरण के माध्यम से इन संसाधनों का उपयोग करके देश के औद्योगिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया जा सकता है, साथ ही महत्वपूर्ण कच्चे माल और रसायनों पर आयात निर्भरता को भी कम किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि भारत वर्तमान में प्रतिवर्ष लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये के अंतिम उपयोग और मध्यवर्ती रासायनिक उत्पादों का आयात करता है। कोयले के गैसीकरण से आयात को कम करने, विदेशी मुद्रा की बचत करने, घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के साथ-साथ औद्योगिक विकास और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है।

## पारंपरिक....

जुड़े आवश्यक उपकरणों और सामग्रियों का उत्पादन देश के भीतर ही होना अत्यंत आवश्यक है।प्रस्तावित एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस परियोजना को रक्षा उत्पादन क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपत्ति माना जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से रक्षा, एयरोस्पेस और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों के लिए आवश्यक उच्च क्षमता और उच्च सटीकता वाले एल्युमिनियम मिश्रधातु उत्पादों का बड़े पैमाने पर देश में निर्माण किया जा सकेगा। रक्षा मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह परियोजना भारत के रक्षा औद्योगिक बुनियादी ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने के साथ-साथ तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना से महत्वपूर्ण एल्युमिनियम घटकों के आयात पर निर्भरता कम होगी और स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही केंद्र सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मजबूती मिलेगी तथा रक्षा क्षेत्र के लिए आवश्यक रणनीतिक सामग्रियों के घरेलू उत्पादन में वृद्धि होगी।

# दिल्ली सरकार ने शीतकालीन वायु गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था को किया अधिसूचित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए शीतकालीन वायु गुणवत्ता प्रबंधन व्यवस्था अधिसूचित कर दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि अब सरकार सर्दियों की शुरुआत से कई महीने पहले ही यह स्पष्ट कर रही है कि नवंबर से फरवरी के दौरान प्रदूषण बढ़ने की स्थिति में कौन-कौन से कदम उठाए जा सकते हैं, किन व्यवस्थाओं को लागू किया जा सकता है और विभिन्न क्षेत्रों से क्या अपेक्षाएं रहेंगी। इससे नागरिकों, रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए), उद्योगों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, निर्माण एजेंसियों और सरकारी विभागों को अग्रिम योजना बनाने और आवश्यक तैयारियां करने का पर्याप्त समय मिलेगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दिल्ली में पिछले कई वर्षों से नवंबर से फरवरी के बीच वायु गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित होती रही है और एअर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) अक्सर 'बहुत खराब' और 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच जाता है। यह हालात हर वर्ष पैदा हो रहे हैं, इसलिए दिल्ली सरकार ने केवल आपातकालीन प्रतिक्रिया पर निर्भर रहने के बजाय अग्रिम तैयारी, समयबद्ध हस्तक्षेप और बेहतर समन्वय पर आधारित रणनीति अपनाई है। यह फ्रेमवर्क पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत अधिसूचित किया गया है और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी संशोधित ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के पूरक के रूप में कार्य करेगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी विभाग और एजेंसियां सर्दियों के महीनों में निरंतर तैयार रहें और प्रदूषण




नियंत्रण उपाय प्रतिकूल परिस्थितियों के आने से पहले ही लागू किए जा सकें न कि केवल ग्रैप लागू होने के बाद। मुख्यमंत्री ने बताया कि अधिसूचित व्यवस्था के तहत दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों पर केवल उन्हीं वाहनों को ईंधन मिलेगा, जिनके पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) होगा। इसके अतिरिक्त 1 नवंबर से 31 जनवरी तक दिल्ली के बाहर पंजीकृत गैर बीएस-ठ्ठक्रवाणिज्यिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। लेकिन सीएनजी, इलेक्ट्रिक, आपातकालीन सेवाओं और सरकारी कार्यों से जुड़े वाहनों को इस व्यवस्था से छूट दी जाएगी। सर्दियों के दौरान वायु गुणवत्ता सुधारने और निजी वाहनों के अत्यधिक उपयोग को कम करने के उद्देश्य से 1 नवंबर से 28 फरवरी तक अधिकृत पार्किंग स्थलों पर पार्किंग शुल्क दोगुना किया जाएगा। उन्होंने कह कि यातायात दबाव कम करने, आवागमन को अधिक व्यवस्थित बनाने और प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों को प्रभावी बनाने के लिए चरणबद्ध कार्यालय समय की व्यवस्था लागू की जाएगी। इस व्यवस्था के तहत सरकारी व निजी कार्यालयों में अधिकतम 50 प्रतिशत भौतिक उपस्थिति संबंधी प्रावधान लागू रहेंगे और शेष कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम के माध्यम से कार्य कर सकेंगे। आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं को इससे छूट रहेगी।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पंजाब दौरे को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के 20 जून से शुरू हो रहे तीन दिवसीय पंजाब दौरे को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। दौरे को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेशभर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। भाजपा के नेता और पदाधिकारी इन दिनों लगातार बैठकों में व्यस्त हैं तथा विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों स्वयं तैयारियों की कमान संभाले हुए हैं। वे वरिष्ठ नेताओं, जिला अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। इन बैठकों में राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ-साथ कार्यकर्ताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार अमृतसर, जालंधर



और लुधियाना में विशेष स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे के दौरान सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकें। स्वागत समारोहों, कार्यकर्ता सम्मेलनों और संगठनात्मक बैठकों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नितिन नवीन 20 जून को अमृतसर पहुंचकर श्री हरमंदिर साहिब, जलियांवाला बाग, श्री दुर्गियाना मंदिर और श्री राम तीर्थ मंदिर में मत्था टेकेंगे तथा राज्य की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नमन करेंगे। इसके बाद वे जालंधर में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। वे 21 जून को लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद लुधियाना में भाजपा के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। शाम को उद्योगपतियों और व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भाजपा नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा पंजाब में पार्टी संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा और आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर संगठनात्मक विस्तार को मजबूती देगा। प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ता इस दौरे को सफल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं और पार्टी के भीतर उत्साह तथा जोश का माहौल देखने को मिल रहा है।

# किशनगंज को मिला नया जिलाधिकारी, विशाल राज का तबादला, नवीन कुमार संभालेंगे कमान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

किशनगंज। बिहार सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा में बड़ा फ़ेरबदल करते हुए किशनगंज के जिलाधिकारी विशाल राज का तबादला कर दिया है। उनके स्थान पर वर्ष 2019 बैच के बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी नवीन कुमार को जिले का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस निर्णय के बाद प्रशासनिक और सामाजिक हलकों में नई जिम्मेदारियों तथा जिले के विकास को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। अपने कार्यकाल के दौरान निवर्तमान जिलाधिकारी विशाल राज ने सीमावर्ती जिला किशनगंज में विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूत करने तथा आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से योजनाओं की प्रगति पर निगरानी रखी गई। साथ ही जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए भी कई प्रभावी पहल की गईं। उनके कार्यकाल में सड़क, शिक्षा और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े कई उल्लेखनीय कार्य हुए। नवनियुक्त जिलाधिकारी नवीन कुमार को युवा, ऊर्जावान और परिणामोन्मुख अधिकारी के रूप में जाना जाता है। राजस्थान के झुंझुनू जिले के मूल निवासी नवीन कुमार ने बी.टेक. की शिक्षा प्राप्त करने के बाद संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रवेश किया। तकनीकी पृष्ठभूमि के कारण उन्हें आधुनिक प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और डेटा आधारित प्रशासनिक कार्यप्रणाली की अच्छी समझ है। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने बिहार के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

# नशा मुक्त भारत पखवाड़ा: दिल्ली पुलिस का संयुक्त जागरूकता अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने राजधानी में नशे के खिलाफ अपनी मुहिम तेज कर दी है। 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के तहत क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने उत्तर और मध्य जिला पुलिस के साथ मिलकर नशे के हॉटस्पॉट इलाकों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। दिल्ली पुलिस की ओर से 12 जून से 26 जून 2026 तक 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न जिलों और विशेष इकाइयों की ओर से जागरूकता कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान और नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, हर वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नशे के खिलाफ वैश्विक स्तर पर सहयोग बढ़ाना और लोगों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। 18




जून को क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ ने उत्तर और मध्य जिला की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड, स्थानीय थाना पुलिस और मधुमिता थिएटर के सहयोग से मध्य दिल्ली के आईटीओ स्थित अन्ना नगर और उत्तर जिला के उषा माता मंदिर के पास विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। अन्ना नगर, आईपी एस्टेट में नुक्कड़ नाटक, जनसंपर्क वाहन के माध्यम से जागरूकता वीडियो प्रदर्शन, पब्लिक काउंसलिंग सत्र और चित्र प्रदर्शनी के जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में नशे से होने वाले सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक और मानसिक नुकसान को दर्शाया गया। वहीं, उत्तर जिले के उषा माता मंदिर के पास रिक्शा चालकों, ऑटो चालकों, दिहाड़ी मजदूरों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और अन्य संवेदनशील वर्गों के लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों के साथ संवाद सत्र और काउंसलिंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान लोगों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, भंडारण, परिवहन, वितरण और सेवन कानूनन अपराध है और इसमें शामिल पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाती है। लोगों से नशामुक्त जीवनशैली अपनाने और अपने परिवार, दोस्तों तथा परिचितों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। पुलिस ने अभियान के दौरान 'मानस' (मादक पदार्थ निषेध सूचना केंद्र) राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन और पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि नशे की तस्करी, अवैध बिक्री, भंडारण, परिवहन, खेती या नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ी किसी भी जानकारी को राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 पर गोपनीय तरीके से साझा किया जा सकता है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि समय पर मिलने वाली सूचनाएं, मुखबिरों की गोपनीयता और सामुदायिक सहयोग नशे के नेटवर्क को खत्म करने में अहम भूमिका निभाते हैं। स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और श्रमिकों से अपील की गई कि वे अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखें और नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अभियान में शामिल लोगों ने दिल्ली पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए नशामुक्त समाज बनाने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

# अमृतसर में बीएसएफ ने एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किये

अमृतसर। सीमावर्ती जिला अमृतसर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने हथियारों का भारी जखीरा बरामद किया है। बीएसएफ की 117 बटालियन ने खुफिया सूचना के आधार पर अजनाला क्षेत्र के गांव हरड़ खुर्द के पास एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया, जिसकी निशानदेही पर यह हथियार बरामद किए गए। बीएसएफ के अनुसार गुरुवार रात एक विशेष खुफिया सूचना मिलने के बाद अमृतसर ग्रामीण के थाना अजनाला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव हरड़ खुर्द में तलाशी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा बलों ने एक ऐके-47 राइफल, 25 पिस्तौल, 47 पिस्तौल मैगजीन, एक बुलेटप्रूफ जैकेट तथा 368 जिंदा कारतूस बरामद किए। बीएसएफ अधिकारियों के मुताबिक हिरासत में लिए गए व्यक्ति से गहन पूछताछ की जा रही है।

# दिल्ली के पहले महिला पुलिस स्टेशन का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पहले महिला पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया गया। इस कदम का मकसद महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करना और उनके ख़िलाफ़ होने वाले अपराधों से निपटने के तरीके को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और सशक्त महिला ही प्रगतिशील समाज की नींव होती है। इस मौके पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा, पुलिस अधिकारी और महिला पुलिस स्टेशन की एसएचओ लक्ष्मी सिंह मौजूद रहीं। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विजन से प्रेरित होकर कि




'नारी शक्ति' ही राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है, यह महत्वपूर्ण संस्थान महिलाओं को बिना किसी डर के अपनी शिकायतें दर्ज कराने, न्याय पाने और सहायता प्राप्त करने के लिए एक सहयोगी और सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस की महिला-सुरक्षा से जुड़ी प्रमुख पहलों, जैसे 'पिंक बूथ' और 'सशक्ति' अभियान की भी समीक्षा की। पुलिस बल को राजधानी में ऐसे और केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि महिला-अनुकूल पुलिसिंग और तत्परता से कानून लागू करने की दिशा में एक नया मानक स्थापित किया जा सके। उपराज्यपाल ने कहा कि एक सुरक्षित और सशक्त महिला ही प्रगतिशील समाज की नींव होती है। हम सब मिलकर एक सुरक्षित, समावेशी और सशक्त विकसित दिल्ली के निर्माण की दिशा में काम करते रहेंगे। अगर हम कोई अपराध होते या अपनी माताओं, बहनों और परिवार के साथ अन्याय होते देखें तो जरूर आवाज उठाएं या पुलिस को सूचित करें। यह एक ऐसा सीधा जरिया है जो महिलाओं के खिलाफ होने वाले किसी भी अपराध से सीधे निपटेगा।

# पॉक्सो मामले में फरार आरोपित उत्तराखंड से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली की वेलकम थाना पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपित को उत्तराखंड से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पर युवती को हथियार के बल पर धमका कर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और लगातार पीछा करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार चार अप्रैल 2026 को 21 वर्षीय युवती ने वेलकम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में आरोपित ने पिस्तौल दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपित ने घटना का वीडियो भी बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर लंबे समय तक उसका यौन शोषण करता रहा। आरोप है कि वह युवती का ट्यूशन जाते समय पीछा करता था और उसके साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां देता था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(एम), 78, 351(3) और 126(2) के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पता चला कि घटना के समय पीड़िता नाबालिग थी। इसके बाद मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा-6 भी जोड़ दी गई। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपित फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। तकनीकी निगरानी, कॉल डिटेल रिकॉर्ड विश्लेषण, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और स्थानीय मुखबिरों की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी हासिल किए थे और उसे घोषित अपराधी घोषित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी।

# उत्तराखंड में रेल परियोजनाओं को गति देने पर जोर, मुख्यमंत्री ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन से की चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। बैठक में राज्य में रेलवे अवसंरचना के विस्तार, निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं और भविष्य की रेलवे आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में रेलवे कनेक्टिविटी का सुदृढ़ीकरण राज्य के समग्र विकास, पर्यटन, तीर्थाटन, निवेश और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। उन्होंने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना को राज्य की महत्वाकांक्षी और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना बताते हुए इसके कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना चारधाम यात्रा, विशेषकर बदरीनाथ धाम और




केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आवागमन को अधिक सुगम, सुरक्षित और आधुनिक बनाएगी। बैठक में टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। रेलवे बोर्ड चेयरमैन ने बताया कि परियोजना का सर्वेक्षण और डीपीआर तैयार की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नवंबर 2026 तक इस परियोजना पर ठोस प्रगति दिखाई देगी। मुख्यमंत्री ने कर्णप्रयाग-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना तथा किच्छा-खटीमा रेल लाइन परियोजना को भी क्षेत्रीय संतुलित विकास और भविष्य की आवश्यकताओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए इन पर आगे कार्रवाई का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तीर्थाटन और पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाना आवश्यक है। इस क्रम में देहरादून रेलवे स्टेशन, हरिद्वार रेलवे स्टेशन, ऋषिकेश रेलवे स्टेशन, रुड़की रेलवे स्टेशन, हल्द्वानी रेलवे स्टेशन, काठगोदाम रेलवे स्टेशन, रामनगर रेलवे स्टेशन और टनकपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने आगामी कुंभ और कांवड़ मेले को देखते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश और रुड़की रेलवे स्टेशनों पर विशेष सुविधाएं विकसित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और रेलवे के समन्वित प्रयासों से यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर और सुरक्षित यात्रा अनुभव उपलब्ध कराया जा सकता है।

बैठक में हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन के दोहरीकरण पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण से राज्य में निवेश, व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी।

# किशनगंज में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली उजागर अस्पतालों में मरीज नहीं, रखी जा रही मक्के की फसल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

किशनगंज। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाल तस्वीर सामने आई है। करोड़ों रुपये की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र आज मरीजों के इलाज के बजाय उपेक्षा और अव्यवस्था के प्रतीक बन गए हैं। कहीं अस्पताल के कमरों में मक्के की फसल और जलावन की लकड़ियां रखी जा रही हैं तो कहीं स्वास्थ्य केंद्र ऐसी जगह बना दिया गया है जहां मरीजों का पहुंचना ही मुश्किल है। ठाकुरगंज प्रखंड की भोगडाबर पंचायत स्थित ग्वालटोली उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक है। ग्रामीणों के अनुसार करीब दस वर्ष पूर्व बने इस केंद्र में आज तक नियमित रूप से कोई डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी सेवा देने नहीं पहुंचा। अस्पताल परिसर तक पहुंचने के लिए लोगों को सूखे मौसम में भी जलजमाव से होकर गुजरना पड़ता है। अस्पताल के कमरों में



मरीजों और दवाइयों की जगह किसानों द्वारा मक्के के पौधे, सूखी घास तथा जलावन की लकड़ियां रखी गई हैं। इससे स्पष्ट है कि केंद्र लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल निर्माण के लिए स्थानीय लोगों ने अपनी जमीन दान में दी थी ताकि गांववासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें, लेकिन आज भी उन्हें इलाज के लिए ठाकुरगंज जाना पड़ता है।आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार तक उपलब्ध नहीं हो पाता। इसी तरह दिघलबैंक प्रखंड की करुआमनी पंचायत का उप स्वास्थ्य केंद्र भी अव्यवस्था का शिकार है। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह भवन रिहायशी इलाके से दूर नदी किनारे और पुल के नीचे बना दिया गया है। अस्पताल के चारों ओर घना जंगल और झाड़ियां उगी हुई हैं। भवन तक पहुंचने का रास्ता भी बेहद कठिन है। बारिश के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ जाने पर अस्पताल तक पहुंचना लगभग असंभव हो जाता है। केंद्र में नियुक्त एएनएम और अन्य कर्मियों ने बताया कि ड्यूटी के लिए उन्हें आना पड़ता है, लेकिन बारिश के समय रास्ता बंद होने पर पुल के नीचे बैठकर मरीजों का इलाज करना पड़ता है। अस्पताल परिसर में पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। मामले पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनवर हुसैन ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर अस्पतालों के लिए पहुंच मार्ग की समस्या दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन के सहयोग से आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063